

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 शिखर धवन बने लेखक, लिखी किताब, धोनी से जुड़ा ...

कुछ लोग कहते है संसद सबसे उपर, पर ऐसा है नहीं: सीजेआई गवई 12


वर्ष : 13 | अंक : 77 | पटना, शुक्रवार, 27 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुटता जरूरी : राजनाथ

प्रातः किरण

किंगदाओ/नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के समक्ष आतंकवाद पर भारत का रूख एकदम स्पष्ट करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद का हर कृत्य आपराधिक तथा अनुचित है और संगठन को सामूहिक सुरक्षा के लिए इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना चाहिए। श्री सिंह ने चीन के किंगदाओ में गुरुवार को एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में जोर देकर कहा, ह्लशांति और समृद्धि आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार के साथ सह-अस्तित्व में नहीं रह सकती। आतंकवाद के अपराधियों, समर्थकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता है। उन्होंने पाकिस्तान और चीन की मौजूदगी में साफ शब्दों में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बचाव और सीमा पार हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है।

**रक्षा मंत्री ने एससीओ के बयान पर हस्ताक्षर करने से किया इनकार :**

किंगदाओ/नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान समर्थित सीमापार से जारी आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने के लिए एससीओ के बयान पर हस्ताक्षर नहीं करने का निर्णय लिया। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा दस्तावेज का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि सीमापार से जारी आतंकवादी गतिविधियों समेत



आतंकवाद से निपटने के लिए कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं है। सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आतंकवाद से निपटने के मामले में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए एससीओ सदस्य देशों को एकजुटता के साथ इस खतरे की निंदा करनी चाहिए। भारत और चीन के अलावा एससीओ में पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। पाकिस्तान का परोक्ष उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमापार आतंकवाद को नीतिगत साधन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। उन्होंने कहा, पहलगाम आतंकी हमले के दौरान, पीड़ितों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर गोली मार दी गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा, पहलगाम हमले का तरीका भारत में लश्कर-ए-तैयबा के पिछले आतंकवादी हमलों के जैसा था। भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा, इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की। रक्षा मंत्री ने युवाओं में कट्टरपंथ को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने का भी आह्वान किया। सिंह ने कहा कि दुनिया कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और साइबर हमलों से लेकर हाइब्रिड युद्ध तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये खतरे सभी देशों के सामने हैं और इनसे निपटने के लिए पारदर्शिता, आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित एकीकृत प्रयासों की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भारत, अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा व स्थिरता से संबंधित अपनी नीति पर अडिग रहा है। रक्षा मंत्री एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए बुधवार को चीन के बंदरगाह शहर किंगदाओ पहुंचे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में हुई मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र अंर्तगम अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं। साथ ही 315 बोर राइफल सहित मेडिकल सामान और अन्य नक्सल सामग्री बरामद हुए हैं। बस्तर आईजी ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि 2 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। सुरक्षाबल के जवान मौके पर मौजूद है, इलाके में सर्चिंग जारी है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी अलग से दी जाएगी। पुलिस को नक्सलियों के माड़ डिवीजन के बड़े कैडर की सूचना पर डीआरजी नारायणपुर, कोंडागांव और एसटीएफ के संयुक्त बल को बीती रात में अबूझमाड़ कोहकमेटा इलाके में ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। बुधवार रात जब जवान नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। वहीं गुरूवार सुबह जब जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया तो 2 नक्सलियों के शव बरामद हुए, इस दौरान भी गोलीबारी हुई है।

### जम्मू कश्मीर: उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

उधमपुर। जम्मू संभाग के उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। दोनों ओर से भारी गोलीबारी जारी है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि के बारे में विशेष इनपुट मिलने के बाद कड़ी घेराबंदी की गई थी। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों पर गोलीबारी हुई, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी गोलीबारी की है। दोनों ओर से फिलहाल भारी गोलीबारी जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है तथा और अतिरिक्त बल भेजा गया है।

### छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में मुठभेड़, दो महिला नक्सली ढेर

नारायणपुर/रायपुर। नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के घने जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। यहां सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक चली मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गई हैं। घटनास्थल से महिला नक्सलियों के शव, एक इंसास राइफल, एक .315 बोर हथियार, मेडिकल किट और अन्य समान बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने इसकी पुष्टि की है। नारायणपुर पुलिस के अनुसार माड़ डिवीजन के सक्रिय माओवादी कैडर की मौजूदगी की जानकारी के बाद डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) नारायणपुर, कोंडागांव एवं एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की संयुक्त टीम ने बुधवार शाम से क्षेत्र में सर्चिंग अभियान शुरू किया। गुरुवार सुबह तक चली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने बताया कि मारी गई महिला नक्सलियों की पहचान की जा रही है। सर्चिंग अभियान अब भी जारी है।

**सुविधा : अब त्योहारी सीजन में बिहार के लोगों को मिलेगी बड़ी सुविधा**

# बिहार से जुड़े अंतर्राज्यीय मार्गों पर 299 एसी और नॉन-एसी बसों का होगा परिचालन

## त्योहारी सीजन में घर जाने वाले बिहार के लोगों को होगी सहूलियत : नीतीश

प्रातः किरण/एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को बताया कि सरकार ने राज्य से जुड़े सभी अंतर्राज्यीय मार्गों पर 299 एसी एवं नॉन-एसी बसों का परिचालन कराने जा रही है। उन्होंने यह कदम त्योहारी सीजन में घर जाने वाले बिहार के लोगों की सहूलियत को ध्यान में रख उठाया है। मुख्यमंत्री ने इस कदम के बारे में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग विभिन्न पर्व-त्योहारों, खासकर छठ, होली, दीपावली और दुर्गा पूजा के अवसर पर काफी संख्या में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से घर आते हैं। पर्व-त्योहारों के अवसर पर बिहार आने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार आने वाले लोगों की यात्रा को सुगम बनाने और उनकी सहूलियत के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बिहार से जुड़े अंतर्राज्यीय मार्गों पर राज्य सरकार




299 एसी और नॉन-एसी बसों का परिचालन कराने जा रही है। 24 जून को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इसे स्वीकृति दे दी गई है। राज्य सरकार 75 वातानुकूलित और 74 डीलक्स बसों की खरीद पर 105.82 करोड़ रुपए खर्च करेगी। साथ ही लोक-निजी भागीदारी के अंतर्गत भी 150 अतिरिक्त एसी बसों का परिचालन कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार पर्व-त्योहारों, खासकर छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर केंद्र सरकार से भी और अधिक विशेष ट्रेन चलाने का अनुरोध करेगी। उन्होंने कहा कि इससे पर्व-त्योहारों के समय लोगों को अब बिहार आने में सहूलियत होगी और वे सुविधापूर्वक अपने घर पहुंच सकेंगे। बता दें कि 24 जून को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मंत्रिमंडल की बैठक हुई थी। बैठक में परिवहन विभाग के इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अलावा अंतरराज्यीय मार्गों पर बसों के परिचालन के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत किया जाएगा। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने मंगलवार को बैठक बाद बताया कि कामगारों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने 74 नॉन एसी (डिलक्स) और 75 एसी (डिलक्स) बसों की खरीद के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दे दी है। कुल 74 नॉन एसी बसों की खरीद के लिए बसों की खरीद पर प्रति बस 68 लाख रुपए की दर से परिवहन निगम को 50.32 करोड़ रुपये के सहायक अनुदान की मंजूरी प्रदान की गई है। जबकि 75 एसी बसों के लिए परिवहन निगम को 55.50 करोड़ रुपये के सहायक अनुदान की मंजूरी की गई है। उल्लेखनीय है कि बिहार के कामगारों को पर्व-त्योहार के मौके पर देश के अन्य राज्यों से अपने घर आने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। एस सिद्धार्थ ने बताया कि अंतरराज्यीय मार्गों पर बसों के परिचालन के लिए लोक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत निजी बस ऑपरेटरों को कुल 150 नई एसी बस (44 सीटर स्लीपर) की खरीद पर प्रति बस 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि निजी बस ऑपरेटर को उपलब्ध करने का फैसला लिया गया है।

**युवाओं के लिए नशा सबसे बड़ी समस्या, सरकार नार्को-कार्टेल पर सख्त**

# सरकार नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिबद्ध : शाह

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर इस समस्या से निपटने में जुटे सभी व्यक्तियों और संगठनों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नशीली दवाओं से मुक्त भारत की लड़ाई में योद्धा और सहयोगी करार दिया है। श्री शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपने संदेश में नशीली दवाओं के खतरे की गंभीरता पर जोर दिया और कहा कि विशेष रूप से युवाओं पर इसके विनाशकारी प्रभाव होते हैं। उन्होंने कहा, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर नशीली दवाओं से मुक्त भारत की हमारी लड़ाई में हमारे सभी योद्धाओं और सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं। मादक पदार्थों के दुरुपयोग को खत्म करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए श्री शाह ने कहा,नशीली दवाएं हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी मुसीबत हैं। मोदी सरकार इस खतरे से निपटने के लिए मिलकर



नार्को-कार्टेल पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन में वापस ला रही है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह दिन नशीली दवाओं के दुरुपयोग से लड़ने के लिए राष्ट्र के दृढ़ संकल्प को और मजबूत करेगा। गृह मंत्री ने कहा, यह दिन नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा। नशा मुक्त भारत। कहा कि नशा हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार नशा तस्करी करने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए काम कर रही है। इस साल का अभियान ब्रेक द साइकल, स्टॉप ऑर्गनाइज्ड क्राइम है, जो ड्रग ट्रैफिकिंग और संगठित अपराध को रोकने के लिए लंबे समय तक समन्वित कार्रवाई की जरूरत पर जोर देता है। इसके लिए मूल कारणों को दूर करना, रोकथाम में निवेश करना और स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक व्यवस्थाओं को मजबूत करना जरूरी है। भारत सरकार ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जून, 2025 में देशव्यापी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के अनुसार, अब तक 15.78 करोड़ से अधिक लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया है, जिसमें 5.26 करोड़ युवा और 3.31 करोड़ महिलाएं शामिल हैं।

## बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू, पटना पहुंची आयोग की टीम

प्रातः किरण/एजेंसी

पटना। बिहार में इस साल होने वाले चुनाव को लेकर जहां सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं, चुनाव आयोग भी अब निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर तैयार हो रही है। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को देखने के लिए गुरुवार को आयोग की टीम पटना पहुंची। इस टीम में नौ सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि टीम पहले राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ मुलाकात करेगी और चुनावी प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और बूथ प्रबंधन की समीक्षा भी करेगी। इस दौरान चुनाव आयोग की टीम सभी जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ भी बैठक करेगी और तैयारियों को समझेगी। बताया गया कि टीम में शामिल अधिकारी अगले तीन दिनों तक अलग-अलग प्रमंडलीय मुख्यालयों में बैठक करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि यह टीम सभी प्रमंडलों के आयुक्त और सभी निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेगी।

इस दौरान राज्य को चार भागों में बांटकर सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी की मौजूदगी में निर्वाचन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी संग प्रशिक्षण बैठक करेगी। अलग-अलग टीम पटना, बेगूसराय, मोतिहारी और पूर्णिया में चुनाव संबंधी प्रशिक्षण बैठक करेगी।बुधवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन विभाग में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के राज्यस्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी।

इस क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 25 जून से 26 जुलाई तक चुनाव आयोग के निर्देश पर चलने वाले घर-घर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी थी। इस बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव आयोग के निर्देश की प्रति भी उपलब्ध कराई गई।

## विमान हादसा: सीवीआर-एफडीआर के डाटा की जांच पूरी, निष्कर्ष शीघ्र

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर्स का डाटा प्रयोगशाला में निकाल लिया गया है और जल्द ही इसका निष्कर्ष सामने आने की संभावना है। नागर विमानन मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में यह जानकारी दी। भारत, अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन की शिकागो संधि (1944) के हस्ताक्षरकर्ता और आईसीएओ अनुलग्नक 13 और विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के अनुसार विमान दुर्घटनाओं की जांच करता है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ऐसी जांच के लिए नामित प्राधिकरण है।बयान में कहा गया है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एएआईबी ने तुरंत एक जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक द्वारा किया जाता है, और इसमें एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं, जो इस तरह की जांच के लिए आवश्यक निर्माण और डिजाइन राज्य से सरकारी जांच एजेंसी है। बयान के अनुसार दुर्घटनास्थल से सीवीआर और एफडीआर क्रमशः 13 जून को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से और 16 जून को मलबे से बरामद किया गया था। उनके सुरक्षित संचालन, भंडारण और परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इन उपकरणों को अहमदाबाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया था। इसके बाद, 24 जून को पूरी सुरक्षा के साथ वायुसेना के विमानों द्वारा ब्लैक बॉक्स को अहमदाबाद से दिल्ली लाया गया। फ्रंट ब्लैक बॉक्स 24 जून को दो बजे एएआईबी महानिदेशक के साथ दिल्ली के एएआईबी लैब पहुंचाया गया। रियर ब्लैक बॉक्स को दूसरी एएआईबी टीम द्वारा लाया गया था और 24 जून को शाम 1715 बजे एएआईबी लैब, दिल्ली लाया गया था। बयान में कहा गया कि 24 जून की शाम को, एएआईबी के महानिदेशक के नेतृत्व में एएआईबी और एनटीएसबी के तकनीकी सदस्यों के साथ टीम ने डेटा निष्कर्षण प्रक्रिया शुरू की। सामने के ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से पुनर्प्राप्त किया गया।

**नासा के एक लाइव वीडियो में अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन के पास आते हुए दिखाया गया**

# अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरिक्ष यान ड्रैगन के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही बृहस्पतिवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा, जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था। यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एक लाइव वीडियो में अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन के पास




आते हुए दिखाया गया और डॉकिंग प्रक्रिया भारतीय समयानुसार शाम 4:15 बजे पूरी हुई। एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्री बुधवार को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आईएसएस की यात्रा पर निकले थे।

**स्पेसएक्स के ड्रैगन यान से भेजा संदेश**

कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से स्पेसएक्स के ड्रैगन यान से संदेश भेजा है। एक्सिओम मिशन-4 के साथ वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर जा रहे हैं। उन्होंने संदेश में कहा कि वे वहां बच्चों की तरह नई चीजें सीख रहे हैं। एक्सिओम-4 मिशन न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि भारत की वैश्विक तकनीकी शक्ति के रूप में उभरती स्थिति का प्रमाण है। शुभांशु शुक्ला ने स्पेस से धरती के लोगों को नमस्कार किया। उन्होंने कहा कि वे और उनका क्रू अंतरिक्ष में आकर खुश हैं। उन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि यह एक छोटा कदम है, लेकिन भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की दिशा में एक स्थिर और ठोस कदम है, अंतरिक्ष में चहलकदमी करना और खाना-पीना, एक बच्चे की तरह सीख रहा हूं। शुभांशु ने बताया कि यह उनके लिए एक सपने जैसा था। उन्होंने पृथ्वी को ऊपर से देखा और माइक्रोग्रैविटी में तैरने का अनुभव किया। लॉन्च के 10 मिनट बाद उन्होंने सूरज और तारों को देखा। शुभांशु ने बताया कि अंतरिक्ष यात्रा उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने कहा कि लॉन्च के बाद जब मैंने पृथ्वी को नीचे से देखा, तो ऐसा लगा जैसे कोई चित्रकार ने नीला और हरा रंग मिलाकर एक कैनवास बनाया हो। माइक्रोग्रैविटी में तैरना मजेदार है, लेकिन शुरूआत में थोड़ा अजीब लगा।

## मुख्य सचिव की देखरेख में बनेगा माता जानकी मंदिर

प्रातः किरण

पटना।अयोध्या में श्रीराम मंदिर की तर्ज पर सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में प्रस्तावित माता जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। इसकी कवायद राज्य सरकार ने शुरू करते हुए श्री जानकी जन्म भूमि पुनौरा धाम मंदिर न्यास समिति का गठन कर दिया है। बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा-32 की उपधारा (5) में उल्लेखित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार ने इसका गठन किया है। इस समिति का उध्यक्ष राज्य के मुख्य सचिव को बनाया गया है। जबकि उपाध्यक्ष विकास आयुक्त को बनाया गया है। इन दोनों के नेतृत्व में इस 9 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति के गठन से संबंधित अधिसूचना विधि विभाग ने जारी कर दी है। इस 9 सदस्यीय न्यास समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा सीतामढ़ी के उप-विकास आयुक्त को कोषाध्यक्ष, सीतामढ़ी के जिला पदाधिकारी को सचिव तथा पुनौराधाम मठ के महन्थ, पर्यटन विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव या सचिव, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव या सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव या सचिव और तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त को सदस्य बनाया गया है। न्यास समिति के बैंक खाते का संचालन सचिव एवं कोषाध्यक्ष के स्तर से किया जाएगा। यह तुरंत प्रभाव से प्रभावी होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सभी प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह किया गया आवंटित

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रखंड के कोथवां पंचायत के मुखिया पद के लिए 9 जुलाई को 5300 मतदाता सात प्रत्याशियो किस्मत का फैसला करेंगे। मुखिया पद के लिए कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे। गुरुवार को सभी प्रत्याशियो के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इसके साथ प्रत्याशी मैदान में प्रचार को लेकर उतर गये। निवार्ची सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विशेष आनंद ने प्रत्याशियो के बीच चुनाव चिन्ह वितरण किया। सात प्रत्याशियो में एक महिला प्रत्याशी है। सात में चार प्रत्याशी कोथवां गांव से है तो तीन प्रत्याशी नैनचक गांव से है। सभी को किस्मत का फैसला मतदाता 9 जुलाई को करेंगे। मतगणना 11 जुलाई को प्रखंड कार्यालय में होगा।

### चोरी के पुराने मामले मे फरार चल रहे आरोपी के घर कुर्की करने गयी पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण


दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हथियाकांध में चोरी के पुराने मामले मे फरार चल रहे आरोपी के घर कुर्की के कार्रवाई करने गयी पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। शाहपुर पुलिस ने पुछताछ के बाद अग्रेतर कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि 10 वर्ष पूर्व एक चोरी के मामले मे आरोपी हथियाकांध निवासी साधु राय उर्फ मनीष फरार चल रहा था। जिसके बाद पुलिस ने न्यायालय से कुर्की को आदेश लेकर गुरूवार को उसके घर पहुंची थी। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि चोरी के पुराने मामले में 4 जून को कुर्की निकाला गया। जिसकी कार्रवाई को लेकर गुरूवार को पुलिस बल गयी थी। कुर्की की कार्रवाई करने गयी पुलिस को देखते ही आरोपी साधु राय उर्फ मनीष ने आत्म समर्पण कर दिया। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### लोजपा(रा) के प्रतिनिधि मंडल सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवार से मिला



फतुहा। गुरुवार को लोजपा रामविलास के जिला पटना पूर्वी के दनियावां प्रखंड के मुरेरा में बीते शनिवार के सड़क दुघर्टना में दो युवक अभिषक कुमार एवं विकास कुमार का घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी। लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रधान महासचिव संजय पासवान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार को मिलकर सांत्वना दिया। वही सहायता राशि के लिए बीडियो से मोबाइल पर बात किया। इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने दिया। प्रतिनिधि मंडल में विभीषण शर्मा, शंकर शर्मा, लाल बाबु पासवान, दिलीप यादव, जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, दिलीप पासवान, निभा पासवान थे।

### 7.5 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



फतुहा। स्थानीय पुलिस ने बुधवार की देर रात्रि गश्त के दौरान दो तस्करों को 7.5 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा ले जा रहे सीएनजी ऑटो को भी जब्त कर लिया। यह कार्रवाई फोरलेन पर नूतन पेट्रोल पंप के पास की गई। गिरफ्तार तस्करों में नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र का बजरंग पासवान और दीप नगर थाना क्षेत्र का कमलेश कुमार शामिल हैं। दोनों फोरलेन के रास्ते बख्तियारपुर की ओर जा रहे थे। पुलिस ने जब ऑटो को रोकने का प्रयास किया तो वे भागने लगे। थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज के अनुसार खुसरूपुर और फतुहा थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। पुलिस ने पीछा कर ऑटो को पकड़ा। बजरंगी पासवान के पास से एक काले रंग के बैग में गांजा बरामद हुआ है जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 1 लाख रुपए से अधिक है। पुलिस पकड़े गए व्यक्तियों का अपराधिक इतिहास खंगाल रही है। यह कार्रवाई वरीय अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

# जिलाधिकारी ने हर घर नल का जल योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा पटना जिला के कुल 309 ग्राम पंचायतों के 4,147 वार्डों में नल जल की 4,147 योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत सप्ताह इसमें से 3,694 योजनाओं की संयुक्त जांच पंचायत सचिवों एवं तकनीकी सहायकों के माध्यम से कराई गई थी। समीक्षा में पाया गया कि जांच कराए गए 3,694 योजनाओं में से केवल 3,113 योजनाएं ही कार्यरत है। 581 योजनाएं अकार्यरत है। जिलाधिकारी ने कहा कि अकार्यरत योजनाओं की संख्या 581 है जो काफी अधिक है। विभिन्न कारणों से योजना बंद पड़ी है। इन कारणों में अभियंताओं ने मोटर जलना, पाईप फटना, स्टार्टर जलना, ऑपरेटर विवाद, विद्युत समस्या आदि सामान्य तौर से कारण बताया है। जिलाधिकारी ने कहा कि ये सभी छोटी-मोटी समस्याएं है जिसको ससमय पर्यवेक्षण कर दूर किया जा सकता था। परन्तु ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने इस पर सख़्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व एवं कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम के साथ-साथ संबंधित कनीय अभियंताओं से स्पष्टीकरण किया। साथ ही कार्यपालक अभियंताओं ने को नल-जल की सभी अकार्यरत योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर क्रियाशील करने का निदेश दिया गया। ज़िलाधिकारी ने कहा कि नल जल की कोई भी योजना बंद नहीं रहनी चाहिए। यह जनहित कि महत्वपूर्ण योजना है। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कनीय अभियताओं एवं एजेंसी के साथ प्रति सप्ताह पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया गया।समीक्षा में यह भी पाया गया कि 159 योजनाएं अपूर्ण है। ज़िलाधिकारी ने अभियंताओं को इन सभी अपूर्ण योजनाओं को विधिवत शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व द्वारा ज़िलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया कि नल जल योजना से छूटे हुए टोलों की संख्या 246 है।

कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम ने बताया कि 568 टोले नल जल योजना से छूटे हुए हैं। जिलाधिकारी ने दोनों कार्यपालक अभियंताओं को छूटे हुए सभी टोलों के वसावटों को भी नल जल योजना से शीघ्र आच्छादित करने का निदेश दिया। ज़िलाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त, पटना को हर घर नल का जल योजना का नियमित रूप से जांच कराने का निर्देश दिया गया। लोगों से फीडबैक भी लेने के लिए निदेशित किया गया। उप विकास आयुक्त को इसके क्रियान्वयन का अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया। पीएचईडी, पटना पूर्व एवं पश्चिम द्वारा जिला नियत्रंण कक्ष स्थापित किया गया है जिस पर पीएचईडी द्वारा संचालित योजनाओं यथा हर घर नल का जल, मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के संबंध में सूचना दी जा सकती है एवं शिकायत दर्ज की जा सकती है। यह सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक कार्यरत रहता है। कोई भी व्यक्ति निम्नांकित दूरभाष पर शिकायत दर्ज करा सकते है:- 1. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व, पटना -0612-2225796 2. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम, पटना -0612-2280879 जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व एवं पटना पश्चिम को विभागीय निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एवं पंचायती राज विभाग द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को हस्तांतरित योजनाएँ लोकहित की काफी महत्वपूर्ण योजनाएँ हैं। सभी संबंधित पदाधिकारी इसके प्रति सजग एवं तत्पर रहें। जिलाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को भी इन योजनाओं के क्रियान्वयन का अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया है।

## डीएम ने जनता दरबार में 70 लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना द्वारा समाहरणालय में आयोजित जिला जनता दरबार में 70 लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समाधान की कार्रवाई की गई। पदाधिकारियों को पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने का निदेश दिया गया। रीता देवी द्वारा अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी, नौबतपुर को नियमानुसार कार्यवाही करने का आदेश दिया। राम जी प्रसाद एवं अन्य द्वारा वर्षो से काबिज भूमि को कुछ लोगों द्वारा विवादित बनाने का प्रयास करने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी, नौबतपुर को मामले की जांच करते हुए विधिवत कार्यवाही करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी द्वारा जनता दरबार में कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कई मामलों में अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समाधान किया गया।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए साहित्यकार केशव प्रसाद वर्मा समारोह आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि

### मगही भाषा को संविधान के आठवें अनुसूची में जोड़ने के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे




प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : मागधी ग्रंथ अकादमी मोरियावां, बिक्रम के संस्थापक सह हिंदी, मगही और अंग्रेजी के साहित्यकार स्व०केशव प्रसाद वर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर गुरुवार को अकादमी कार्यालय में समारोह आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मौजूद अतिथियों व साहित्य प्रेमी लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी वहीं मोरियावां शिवगढ़ पंचायत के पूर्व मुखिया सुशील कुमार ने कहा की वर्मा जी मगही भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने के लिए बराबर संघर्ष करते रहें। युवा साहित्यकार सार्थक केशव ने कहा कि वर्मा जी अपने जीवनकाल में साहित्य के सभी विधाओं पर कलम चलाते हुए लगभग 2 दर्जन से अधिक पुस्तकों की रचना की इसके अलावा इन्होंने अंग्रेजी ग्रामर और ट्रांसलेशन की तीन पुस्तकें एवं एक हिंदी व्याकरण की पुस्तक की रचना की। वर्मा जी की मगही की प्रकाशित रचना नालंदा खुला विश्वविद्यालय बिहार, पटना के मगही विषय में स्नातकोत्तर, मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातक एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के ग्यारहवीं की मगही सिलेबस के पाठ्य पुस्तक में संकलित है। इन्हें साहित्य के क्षेत्र में अनेकों सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें चंडीगढ़ से ह्लरंभा श्री सम्मान, बस्ती, उत्तर प्रदेश से ह्लसाहित्य प्रवीण सम्मानह्व, नई दिल्ली फेलोशिप अकादमी द्वारा अलंकरण ज्योतिबा फुले सम्मान, तुतवाड़ी, गया से डॉ राम प्रसाद सिंह साहित्य पुरस्कार, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा ह्लसाहित्य सेवा सम्मानह्व प्राप्त है। मौके पर डॉ दिलीप कुमार, डॉ कविता रानी, प्रो उमाशंकर सुमन, हेमंत कुमार वर्मा, कुणाल शर्मा, कमलेश वर्मा, रविंद्र कुमार,अश्विनी शर्मा,समरेश कुमार, उमेश प्रसाद वर्मा, विनोद विश्वकर्मा के साथ अकादमी के सदस्य कुमारी मंजू सिन्हा, रंजन, राजेश, राकेश, वीणा, पुनम, देवेश, प्रतुल, अर्पणा, नीशा, अतुल, प्रतिमा, प्रियम, सार्थक केशव आदि ने भी उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। धन्यावाद ज्ञापन वर्मा जी के बड़े पुत्र रंजन ने किया।

## आईआईटी पटना में फील्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर की शताब्दी के उपलक्ष्य में लघु संगोष्ठी आयोजित



प्रात :किरण संवाददाता

पटना :- गोपाल विद्यार्थी आईआईटी पटना के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग व आईईईई इलेक्ट्रॉन डिवाइसेज सोसाइटी ब्रांच चैप्टर द्वारा फील्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर (एफईटी) की शताब्दी के उपलक्ष्य में एक दिवसीय लघु संगोष्ठी आयोजित की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में हुई इस ऐतिहासिक खोज एवं इसके वैज्ञानिक महत्व से नई पीढ़ियों को अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत क्रेस्ट ताईवान के निदेशक प्रो. चेर मिंग टैन, टीजी यूनिवर्सिटी मध्यप्रदेश के कुलपति प्रो. सुबीर कुमार सरकार, दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. मनोज सक्सेना, आईआईटी पटना के एसोसिएट डीन डॉ. पी. के. तिवारी, डॉ. अनुप कुमार केशरी, एवं आईआईटी पटना के विद्युत अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. एस. शिवासुब्रमणि के द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। मौके पर अतिथियों ने फील्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर (एफईटी) के 100 वर्षों की उपलब्धियों का प्रतीक स्वरूप एक स्मृति-केक भी सामूहिक रूप से काटा। वहीं लघु संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. पी. के. तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा समझायी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. चेर मिंग टैन ने नैनोइलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज की प्रगति, वर्तमान चुनौतियाँ तथा भविष्य की संभावनाओं पर अपने गहन विचार साझा किए। उन्होंने एकीकृत सर्किट इंटरकनेक्ट के लिए 3 डी आधारित इलेक्ट्रोमाइग्रेशन मॉडल्स की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. सुबीर कुमार सरकार ने बायोसेंसर तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वास्थ्य सेवा तथा पर्यावरण निगरानी में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती जा रही है। वहीं, प्रो. मनोज सक्सेना ने भी अपने अनुभवों से प्रतिभागियों को समृद्ध किया।मौके पर अशरफ मणियार, पुष्प राज, सुबीर दास, साई शिरोव काटा, और प्रीति सिन्हा आदि मौजूद रहे ।

## रसोईया सह सहायकों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन संस्थान, पटना में प्रखंड साधन सेवी एवं रसोईया सह सहायकों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक जिला के 02 प्रखंड साधन सेवी एवं 03 रसोईया-सह-सहायकों को प्रशिक्षित किया गया। इन्हे मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्याहन भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी साझा की गई। मुख्य रूप से मध्याहन भोजन बनाने की प्रक्रिया एवं रख-रखाव, फोर्टिफाईड चावल के उपयोग की जानकारी, खाद्य सुरक्षा एवं साफ-सफाई एवं ऋअररकके निर्धारित मानक की जानकारी दी गई, ताकि इनके माध्यम से जिलों के अन्य रसोईया-सह-सहायकों को मध्याहन भोजन योजना की समुचित जानकारी प्राप्त हो सके। आयोजन का शुभारंभ निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना श्री विनायक मिश्र, बिहार पटना के द्वारा किया गया। इनके द्वारा विद्यालय की साफ-सफाई, मध्याहन भोजन बनाने की प्रक्रिया एवं इससे संबंधित अन्य बिन्दुओं पर भी दिशा-निर्देश दिया गया। पोषण विशेषज्ञ, यूनिसेफ के द्वारा विद्वालय में दी जाने वाली मध्याहन भोजन के पोषण एवं गुणवत्ता हेतु निर्धारित बिन्दुओं पर विस्तार से बताया गया, इसके साथ ही पोषण सुनिश्चित करने के उद्येश्य से मेरी थाली सेहत वाली स्लोग्न को प्रचारित किये जाने पर सुझाव दिया गया, जिससें विद्यालयों में स्वस्थ भोजन एवं स्वच्छ आदतों का बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी सहायक निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार पटना, पोषण विशेषज्ञ, यूनिसेफ, पोषण पदाधिकारी, यूनिसेफ, पोषाहार विशेषज्ञ, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार पटना, सहायक कार्यक्रम सन्वयक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार पटना, राज्य सलाहकार, यूनिसेफ एवं निदेशालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आज से पटना में 4 दिवसीय ताइक्वांडो नेशनल रेफरी सेमिनार व नेशनल रिफ्रेशर कोर्स होगा




प्रात :किरण संवाददाता

पटना : इंडिया ताइक्वांडो के तत्वावधान में ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार व पटना जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा जिले के पटना सिटी स्थित शांतिश्री अरोरा हाउस मे 27 जून से 30 जुन तक नेशनल रेफरी सेमिनार एवं नेशनल रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया जाना है । उक्त बाबत बात जानकारी देते हुए पटना ताइक्वांडो संघ के सचिव जे पी मेहता ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार मे भाग लेने वाले प्रतिभागी को इन्डिया ताइक्वांडो के नंबर वन अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित अग्रवाल अपना मार्गदर्शन देंगे साथ ही खिलाड़ियो को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप मे होने वाले वर्ल्ड ताइक्वांडो के नियमो के बारे मे बिस्तार पूर्वक बताएगे। राष्ट्रीय सेमिनार में बिहार के अलावे देश के अलग अलग राज्य से ताइक्वांडो के सिनियर प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल हो रहे है। सभी खिलाड़ीयो का रजिस्ट्रेशन 27 जुन को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। राष्ट्रीय रेफरी सेमिनार का विधिवत उद्घाटन 28 जुन को गणमान्य अतिथियो के द्वारा किया जाएगा। इस सेमिनार मे शामिल होने वाले सभी खिलाड़ीयो को पटना जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष सतीश राजु शुभकामनाऐ दी है ।

## एएसयूएसई के अंतर्गत अनिगमित क्षेत्र के स्थापनाओं और परिवारों में निर्माण गतिविधियों पर दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेसंप्र), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के द्वारा एएसयूएसई के अंतर्गत अनिगमित क्षेत्र के स्थापनाओं और परिवारों में निर्माण गतिविधियों पर मार्गदर्शी अध्ययन के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 26 जून एवं 27 जून को पटना में किया जा रहा है` इस सर्वेक्षण की अवधि जुलाई, 2025 से दिसम्बर, 2025 तक होगी। इस क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, रोशन लाल साहू ने ए.एस.यू.एस.ई. के अंतर्गत अनिगमित क्षेत्र के स्थापनाओं और परिवारों में निर्माण गतिविधियों पर मार्गदर्शी अध्ययन सर्वेक्षण के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस सर्वेक्षण के आंकड़े किस तरह देश के लिए अति महत्वपूर्ण है एवं सरकार के नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं` साथ ही उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर प्रकाशित आकंडे आज के दौर के नीति निर्माण में बहुत सहायक है तथा इस सर्वेक्षण का उदेश्य गैर- निगमित प्रतिष्ठानों (स्वंय के उद्यमशील उदेश्य को छोड़कर) द्वारा की गई निर्माण गतिविधि के सकल मूल्य उत्पादन / सकल मूल्य वर्धित और परिवारों द्वारा स्वंय के उपयोग के लिए किए गए निर्माण कार्य के आंकलन के लिए राष्ट्रीय लेखा प्रभाग को इनपुट प्रदान करता है। इस प्रशिक्षण शिविर में उप निदेशक, परिमल द्वारा आंकड़ों की उपयोगिता एवं इसके तकनीकी पहलुओ से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया ।स्वागत भाषण अभिषेक गौरव, सहायक निदेशक द्वारा किया गया` इस प्रशिक्षण शिविर के तकनीकी पहलुओं से जीतेन्द्र राय एवं रश्मि रंजन व.सां.अधि. ने लोगों को प्रशिक्षित किया` मौके पर उप क्षेत्रीय कार्यालय, भागलपुर के प्रभारी राजीव कुमार झा एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय, गया के टेक नारायण प्रसाद, व.सां. अधि., उपस्थित थे। साथ ही सुधीर कुमार झा, देवेन्द्र कुमार, कमलेश प्रधान, ए.के. पाठक, सुशील कुमार सिंह, डी.एन. प्रसाद, कमलेश कुमार गुप्ता, कुमार इन्द्रजीत एवं प्रियंका कुमारी के अलावा अन्य व.सां.अधि. और गुरुराज सिंह, क.सां.अधि. ने भी भाग लिया। आलोक कुमार पाण्डेय, उ.श्रे.लि., अमित कुमार एवं रवि कुमार, एम.टी.एस. ने भी प्रशिक्षण शिविर में सहयोग किया। अंत में मंजूषा कुमारी, व.सां.अधि. द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## भारत निर्वाचन आयोग ने 345 रजिस्टर्ड बिनापहचानी राजनीतिक दलों को डीलिस्ट करने की प्रक्रिया की शुरू

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में 345 ऐसे रजिस्टर्ड गैर मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को डीलिस्ट करने की प्रक्रिया प्रारंभ की है, जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक किसी भी प्रकार के चुनाव में भाग नहीं लिया है और जिनके कार्यालय देशभर में कहीं भी भौतिक रूप से नहीं पाए गए हैं। ये 345 दल विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हैं। भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में यह बात आई है कि वर्तमान में पंजीकृत 2800 से अधिक फ्नढढ२ में से कई दल ऐसे हैं, जो राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत रहने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हैं। ऐसे दलों की पहचान हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया संचालित की गई, जिसके प्रथम चरण में अब तक 345 फ्नढढ२ चिन्हित किए जा चुके हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए किसी भी राजनीतिक दल को अनुचित रूप से डीलिस्ट न किया जाए, भारत निर्वाचन आयोग ने संबंधित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (उएड२) को ऐसे दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इसके पश्चात संबंधित उएड२ द्वारा इन दलों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। किसी भी फ्नढढ को डीलिस्ट करने का अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ही लिया जाएगा। देश में राष्ट्रीय/राज्य/गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीकरण, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29अ के तहत किया जाता है। इस प्रावधान के अंतर्गत, एक बार पंजीकृत हो जाने पर राजनीतिक दल को कर में छूट समेत अन्य कई सुविधाएं प्राप्त होती हैं।यह संपूर्ण प्रक्रिया उन राजनीतिक दलों की पहचान और डीलिस्टिंग के उद्देश्य से की जा रही है, जिन्होंने 2019 के बाद लोकसभा, राज्य विधानसभा या उपचुनावों में भाग नहीं लिया है और जिनका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं पाया गया। पहले चरण में 345 ऐसे दलों की पहचान की गई है। यह अभियान राजनीतिक व्यवस्था को पारदर्शी एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से आगे भी जारी रहेगा।

## कांग्रेस के डर से आपातकाल पर लालू प्रसाद ने साधी चुप्पी : संतोष सुमन

### आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर पूरा राजद कुनबा बोलने से कर रहा परहेज

प्रात :किरण संवाददाता



पटना ।हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि कांग्रेस की तत्कालीन सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ जेपी के नेतृत्व में 1974 में ह्यबिहार आंदोलनह्न हुआ था। इसी आंदोलन से एक छात्र नेता के तौर पर लालू प्रसाद का उदय हुआ। श्री सुमन ने कहा कि बिहार के छात्रों के आंदोलन की तपिश से अपनी सत्ता को बचाने के लिए ही तब की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगा कर लोकतंत्र का गला घोंटा था। उस समय जेपी के क्रान्तिपुत्रों में लालू प्रसाद भी शुमार थे। आज वही लालू प्रसाद भारतीय लोकतंत्र के उस काले अध्याय ह्यआपातकालह्न पर कांग्रेस के डर से एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुर्सी और सत्ता के लिए लालू प्रसाद ने केवल अपने सिद्धांतों को ही तिलांजलि नहीं दी, बल्कि जेपी के आदर्शों एवं विचारों को भी दफन कर दिया। राजनीति की यह कैसी मजबूरियां हैं कि पूरा राजद कुनबा ह्यआपातकालह्न का ह्यअह्न भी बोलने से बच रहा है ?श्री सुमन ने कहा कि आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जेल में बंद लालू प्रसाद ने अपनी बेटी का नाम तो ह्यमीसाह्न रख लिया, मगर राजनीतिक फायदे और कुर्सी बचाने के लिए उन यातना भरे काले दिनों को भूल गए। क्या ऐसे सिद्धांतविहीन मतलबी नेता पर बिहार कभी भरोसा करेगा ?

## पथों के निर्माण से शहरी क्षेत्रों में विकास को मिलेगी नई गति : नितिन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण मंत्री और बांकीपुर से भाजपा विधायक नितिन नवीन द्वारा गुरुवार को राजधानी पटना में कुल 9 पथों का शिलान्यास किया गया। इस दौरान माननीय मंत्री के साथ डिप्टी मेयर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, स्थानीय वार्ड पार्षद और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। शिलान्यास के क्रम में माननीय मंत्री ने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी सुना, साथ ही तुरंत संबंधित अधिकारी से बात कर निरस्तीकरण करने का निर्देशन दिया। वहीं, मौके पर मौजूद मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के जरिये सरकार हर गली और मौहलों को व्यवस्थित और विकसित करने में लगी है। शहर में सुगम यातायात और जलजमाव से मुक्ति पर सरकार द्वारा तेजी से काम किया जा रहा है। इसी क्रम में आज वार्ड नंबर 15 और 17 में 2 करोड़ की लागत से बनने वाली कुल 9 पथों का शिलान्यास किया गया है। मंत्री ने कहा कि इन पथों के निर्माण से शहरी क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही यात्रा अधिक सहज और सुरक्षित होगी। ठऊअ सरकार का मुख्य उद्देश्य शहरी इलाकों में सुगम यातायात और जलजमाव से मुक्ति देने है। आगे मंत्री श्री नवीन ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना अंतर्गत बांकीपुर विधानसभा में आने वाली इन सभी 9 पीसीसी पथों का निर्माण बुडिको द्वारा किया जायेगा। बुडिको को सड़कों के साथ-साथ भुगर्भ नाले का भी निर्माण कार्य करने की जिम्मेदारी दी गयी है। मंत्री ने बताया कि आज के शिलान्यास कार्यकर्म में वार्ड 15 अंतर्गत अयोध्या सिंह के मकान से दुलारी भवन तक भूगर्भ नाला एवं पीसीसी निर्माण, केपी पाण्डेय से माधुरी सदन तक भूगर्भनाला एवं पीसीसी निर्माण, मनोज साहु के मकान से सिपाही जी के मकान तक नाला एवं पीसीसी निर्माण, शम्भु मेहता के मकान से अगजा तक पीसीसी सड़क निर्माण।

# संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला केंद्र राजधानी के अगमकुआं में बनेगा नया हाईटेक भवनः मंगल

## तीन माह में 30 करोड़ की लागत से बना अत्याधुनिक ड्रग और फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय तथा बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने गुरूवार को अगमकुआं, पटना स्थित बिहार संयुक्त खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला में नव-अधिष्ठापित औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला अत्याधुनिक मशीन/उपकरण अनुभाग का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंगल पाण्डेय ने कहा कि यह 14 करोड रुपए की लागत से बनाया गया है। इसमें 28 प्रकार के आधुनिक जांच उपकरण स्थापित किए गए हैं। आज जिस प्रकार से ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री की स्थापना की गई, उसी प्रकार से तीन माह पूर्व फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी की भी स्थापना 16 करोड़ की लागत से की गई है। इस प्रकार ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी और फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी के लिए तीन माह में 30 करोड़ की लागत से इस संस्थान में ये सारी व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी ऐलान किया कि बिहार संयुक्त खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला परिसर में 30 करोड रुपए की लागत से नया भवन बनाया जाएगा। जिसका डीपीआर तैयार कर लिया गया है। यह नया भवन जी प्लस 5 फ्लोर का होगा। जिसमें मीटिंग रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, रिकॉर्ड रूम, सैंपल कलेक्शन रूम, फैकल्टी रूम, लाइब्रेरी, किचन के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। श्री पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि आज बिहार ने 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड में से 3.10 करोड़ आयुष्मान कार्ड पिछले 1 साल 3 महीने में ही बनाए गए हैं। इसमें 3 लाख वय वंदना कार्ड बनाए गए हैं। बिहार आयुष्मान कार्ड बनाने में देश में तीसरे नम्बर पर पहुंच गया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। विभाग का लक्ष्य न केवल गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना है, बल्कि औषधियों की गुणवत्ता की जांच और निगरानी को भी विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक आधार देना है। उन्होंने कहा कि 28 प्रकार के उपकरण जो यहां लगाए गए हैं उन उपकरणों का अब पूरे तरीके से इस्तेमाल किया जाएगा। यह प्रयोगशाला केवल एक भवन के अंदर रखे उपकरण ही नहीं है, बल्कि अब यह भवन बिहार के 13 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा और भविष्य की गारंटी भी है। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि बिहार के गरीबों को बेहतर चिकित्सा सेवा मल रही है। आज मुझे बहुत खुशी है स्वास्थ्य विभाग गरीबों को इस प्रकार की सेवा देने में सफल हो रहा है। यहां यह ड्रग लेबोरेटरी में 28 उपकरणों की मदद से गुणवत्तापूर्ण दवाइयां देने में सफल होंगे। नव-स्थापित आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से युक्त यह अनुभाग दवाओं की गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया को और अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी बनाएगा। इससे न केवल राज्य में प्रयुक्त औषधियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि जनस्वास्थ्य की दिशा में भी एक मजबूत आधार तैयार होगा। इस अवसर पर सीता साहू, मेयर, नगर निगम पटना, प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, निलेश रामचंद्र देवरे, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल, शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रगतियात्रा में शामिल होने वाली योजनाओं को ससमय पूरा करें अधिकारीः नितिन

## मंत्री ने मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान उद्घोषित परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को विभागीय कॉन्फ्रेंस हॉल में बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रियांवित की जा रही परियोजनाओं तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा के दौरान उद्घोषित परियोजनाओं के प्रगति की व्रिस्तृत समीक्षा की। बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप आर पुदुलकट्टी जी एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, मंत्री जी द्वारा सभी स्वीकृत योजनाओं पर तेजी से कार्य करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पथ निर्माण विभाग बिहार में विकास के नए आयाम लिख रहा है। एनडीए सरकार में बिहार कई नए इतिहास दर्ज कर चुका है और कई सारे करने वाला है। पथ निर्माण विभाग इस ओर अपनी पूरी भागीदारी निभा रहा है। पथ निर्माण विभाग का मुख्य उद्देश्य राज्य में नव निर्मित सड़कों के निर्माण से नागरिकों को समय और ईंधन की बचत कराने में सहयोग करना है। साथ ही सभी को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिले इस ओर कार्य करना है। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि आज की बैठक में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान शिलान्यास किए गए योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।

साथ ही अधिकारियों को निवेदा प्रक्रिया में तेजी से कार्य करने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान भूमि अधिग्रहण, योजनाओं की गुणवत्तापूर्ण एवं जिन योजनाओं में समय सीमा को लेकर समस्या आ रही उसकी भी विस्तृत जानकारी ली गयी। मंत्री श्री नवीन ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास योजनाओं को तेजी से पूरा करने में राशि बाधा नहीं बनेगी। पथ निर्माण विभाग को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का पूरा सहयोग मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि पथ निर्माण विभाग में योजनाओं का आकार काफी बड़ा है, इसलिए विभाग को काफी जिम्मेदारी के साथ काम करना पड़ता है। इसलिए हम लोग हर योजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग और फॉलोअप कर रहे है। मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा का जो विजन है उसमें पथ निर्माण विभाग एक बड़ा हिस्सा है। ऐसे में विभाग पूरी गंभीरता से कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए काम कर रहा है।

# विपक्षियों के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है : रत्नेश

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा एवं परिवहन मंत्री शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। इस मौके पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि नीतीश सरकार पर सवाल उठाने से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के शासनकाल में हुई आपराधिक घटनाओं का भी बुलेटिन जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वह अनाप-शनाप बयान देकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

### नए अंतर्राज्यीय बसों के संचालन से त्योहारों में आमजन को यात्रा में सहूलियत :

मंत्री शीला मंडल ने कहा कि विभिन्न राज्यों में निवास कर रहे बिहारवासियों को पर्व-त्योहारों के समय अपने घर आने-जाने में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब अंतर्राज्यीय मार्गों पर नए बसों के सुचारु संचालन से आमजन को न केवल यात्रा में सहूलियत मिलेगी, बल्कि सुविधा और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है।

# तेजस्वी का छात्र युवा संसद कार्यक्रम फेल : जदयू

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव ने मीडिया में जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा छात्र युवा संसद में युवाओं को संबोधित करना न केवल विडंबनापूर्ण है, बल्कि युवाओं की आकांक्षाओं का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का छात्र युवा संसद कार्यक्रम बिल्कुल फेल साबित हो गया। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बिहार को रोजगार और विकास देने का काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने किया है। चाहे वह तकनीकी शिक्षा का विस्तार हो, पॉलिटेक्निक संस्थानों का निर्माण, या लाखों पदों पर पारदर्शी बहाली की प्रक्रिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने अपनी सात निश्चय योजना दो के तहत 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने की बात कही है और अभी तक 9 लाख 35 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम पूरा कर लिया गया है जबकि चुनाव से पहले तक लाखों को सरकारी नौकरी देने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

# स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने किसान आंदोलन को पहचान दी : दिलीप

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल गुरूवार को एजुकेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्थान के तत्वाधान में किसानों के प्रणेता स्वामी सहजानन्द सरस्वती की पुण्यतिथि पर बीआईए सभागार में आयोजित विकसित बिहार खुशहाल किसान परिचर्चा में कहा कि महापुरुषों के जीवन के आदर्शों से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों व संतों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए लोगों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें महापुरुषों से जुड़ी जयंती और उनकी पुण्यतिथि भी मनानी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी उनके विषय और समाज के प्रति उनके योगदान को जान सकें। उन्होंने कहा कि बिहार में किसान आंदोलन के जनक के रूप में स्वामी सहजानन्द सरस्वती की पहचान है, यही वजह है कि बिहार के किसानों के लिए स्वामी सहजानंद सरस्वती भगवान का रूप हैं। जीवन पर्यन्त जिंदगी भर उन्होंने किसानों के लिए काम किया। आज हम श्रद्धा के साथ उनकी पुण्यतिथि मनाते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी सहजानन्द सरस्वती रोटी को भगवान से बढ़कर मानते थे। बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में जहां उनकी जाति के अधिसंख्य जमींदार थे, उन्होंने जमींदारों के खिलाफ किसानों को संगठित कर उनकी लड़ाई लड़ी। उनकी लड़ाई का ही नतीजा था कि बिहार केसरी डाक्टर श्री कृष्ण सिंह के नेतृत्व में पहला जमींदारी उन्मूलन कानून देश में बिहार में ही बना था। उन्होंने कहा कि आज भाजपा महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास के पन्नों से बाहर ला रही है, जिन्हें पूर्ववर्ती सरकारों ने भुला दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी समाज, वर्ग और सभी संप्रदाय को साथ लेकर आगे बढ़ रही है, यही इन महापुरुषों की भारत को लेकर कल्पना थी।

### जमींदारी प्रथा के उन्मूलन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : मयूख

इस मौके पर विधान पार्षद संजय मयूख ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान आंदोलन के जनक व जन्मजात क्रांतिकारी पुरुष थे। स्वामी जी का जीवन आज भी खुली किताब है जिससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनका जीवन संघर्षों के साथ ही महान त्याग का इतिहास रहा है। जमींदारी प्रथा के उन्मूलन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।


# महिलाओं को 2500 की सहायता दी जाएगी : दीपंकर

पटना। विगत 18 जून से बदलो सरकार-बदलो बिहार के नारे के तहत चल रही भाकपा-माले की बदलो बिहार यात्रा गुरूवार को संपन्न हो गई। पटना के जीपीओ गोलंबर पर समापन सभा में यात्री दल के नेताओं के अलावा माले महासचिव का दीपंकर भट्टाचार्य, पार्टी विधायक दल के नेता का। महबूब आलम, केडी यादव, अमर, सरोज चैबे सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व काराकाट सांसद राजाराम सिंह, अरवल विधायक महानंद सिंह, घोषी विधायक रामबली सिंह यादव, फुलवारी विधायक का। गोपाल रविदास, पालीगंज विधायक का। संदीप सौरभ, ऐपवा नेता रीता वर्णवाल, माधुरी गुप्ता, वंदना प्रभा, मुनारिक राम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण कर हरे थे।जीपीओ गोलंबर में अपने संबोधन में का।

# जो काम 20 साल में नहीं हुआ, वह हम 20 महीने में कर के दिखाएंगे : तेजस्वी

## नेता प्रतिपक्ष ने बापू सभागार में आयोजित छात्र-युवा संसद को किया संबोधित

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर छात्र-युवा संसद में बिहार भर से आए छात्र व युवा प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए खचाखच भरे बापू सभागार, पटना में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और कुशिक्षा से मुक्ति के लिए सरकार बदलने का आह्वान किया। 10 हजार युवाओं को कलम बाँटते हुए उन्होंने कहा कि हमारा काम सिर्फ. सरकार बदलना नहीं, बल्कि बिहार को बदलना भी है। नया बिहार बनाने के अपने संकल्प को दुहराते हुए उन्होंने कहा कि 17 महीने की सरकार में सबसे बड़े दल के नेता के रूप में शिक्षा और शिक्षकों की गुणवत्ता पर जोर देते हुए शिक्षक नियमावली में संशोधन करते हुए परीक्षणीय लेकर तीन लाख शिक्षकों की बहाली की और शिक्षक-छात्र अनुपात को ठीक किया। साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया। ड्यूटी से नदारद 700 से अधिक डॉक्टरों को बर्खास्त किया। युवजन ने कौल लिया कि उन्हें सिंचाई, दवाई, पढ़ाई, सुनवाई और कार्रवाई वाली सरकार चाहिए ताकि सबके साथ न्याय हो सके। कहा कि जाति आधारित गणना करा कर जिस आरक्षण को 65 फीसदी किया, उसे डबल इंजन की सरकार द्वारा 9वीं अनुसूची में समय पर नहीं डलवाने के चलते प्रक्रियाधीन साढ़े तीन लाख नौकरियों में वंचित वर्ग को बढ़े हुए आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है और आरक्षणखोर भाजपा एवं आरक्षणखोर जदयू द्वारा युवाओं की हकमारी हो रही है। एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर नया कानून बना कर केंद्र को भेजने और आरक्षण की रक्षा करने की याद उन्होंने सरकार को दिलाई। तेजस्वी यादव ने सरकार में आने पर विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय और एजुकेशन सिटी बनाने का वचन दिया। उन्होंने घोषणा की कि उनकी सरकार परीक्षार्थियों से कोई फॉर्म शुल्क नहीं लेंगी, साथ ही परीक्षार्थियों के आने-जाने का खर्च भी वहन करेगी। स्कूल में ड्रॉप आउट और यूनिवर्सिटी में सेशन लेट की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि हम शिक्षा का स्तर ऊपर उठाएंगे, समय पर परीक्षाएं होंगी और कोई पेपर लीक नहीं होगा। विज्ञान, गणित और अंग्रेजी में कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षक घर जाकर अतिरिक्त समय देकर पढ़ाएंगे। सिस्टम को ऐसा दुरुस्त करेंगे कि बिहार के विश्वविद्यालयों से पढ़ कर निकलने वाले लोग एक बार फिर से बड़े-बड़े पदों पर पहुंचेंगे जो सिलसिला पिछले 20 साल से बाधित हुआ है। उन्होंने अवसर की समानता और व्यक्ति की गरिमा सुनिश्चित करने की बात कही। हमारा एक ही लक्ष्य है सभी वर्गों को साथ लेकर चलना, कमजोर पर विशेष निगाह रखना और किसी के साथ भेदभाव नहीं करना। युवा ही हमारी शक्ति हैं, हमारे गौरव हैं, हमारी संचित कमाई हैं। उनके बूते हम समाज का सर्वांगीण विकास करेंगे और संपूर्ण व्यवस्था परिवर्तन हमारा लक्ष्य है। इस छात्र युवा संसद की अध्यक्षता युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने की और संचालन छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुमार ने किया। उक्त अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल, महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष ऋतु जायसवाल, लोकसभा सांसद डॉ. मीसा भारती, राज्यसभा सांसद संजय यादव, कार्यालय प्रभारी मुकुन्द सिंह,

# पूर्व विधायक का पार्थिव शरीर विस पहुंचा, दी गई श्रद्धांजलि

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। कुर्था के पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह का पार्थिव शरीर गुरूवार को 10:45 बजे पूर्वाह्न बिहार विधान सभा परिसर लाया गया, जहां उनके पार्थिव शरीर पर अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात मंत्री जयंत राज, बिहार विधान सभा के सदस्य विनय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद् के सदस्य संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान सभा के पूर्व सदस्य जगदीश शर्मा, रणविजय कुमार, लक्ष्मेश्वर राय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके पारिवारिक सदस्यों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि मैं सत्यदेव सिंह जी के आकस्मिक निधन से मर्माहत हूं। उनके निधन से सामाजिक और राजनीतिक जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। वे वर्ष 2010-2015 एवं 2015-2020 में कुर्था से विधान सभा सदस्य चुने गए थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे एवम् शोक संतप्त परिजनों और समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

# पूर्व विधायक सत्यदेव कुशवाहा का निधन अपूरणीय क्षति : उमेश

प्रातः किरण संवाददाता



पटना।जदयू के वरिष्ठ नेता एवं कुर्था विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यदेव कुशवाहा के निधन पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्व सत्यदेव कुशवाहा ने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सादगी, संवेदनशीलता और सिद्धांतों की जो मिसाल पेश की, वह सदैव स्मरणीय रहेगी। वे सदैव वंचित वर्गों की चिंता करते रहे और उनके अधिकारों के लिए सतत संघर्षरत रहे। उनका निधन राजनीतिक और सामाजिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। वहीं गुरूवार को दिवंगत सत्यदेव कुशवाहा का पार्थिव शरीर वीरचंद पटेल, पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में लाया गया जहाँ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री जयंत राज, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, परमहंस कुमार, संतोष कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, इरशाद अली आजाद, वैद्यनाथ विकल, प्रियरंजन पटेल, मनीष मंडल, दिलीप कुशवाहा, शत्रुघ्न पासवान, बंटी चंद्रवंशी, मुन्ना चौधरी, चन्द्रिका दांगी, सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महोत्सव से आम के चहुँमुखी विकास को मिलेगा बढ़ावा

# ज्ञान भवन में 28-29 जून को आम महोत्सव-2025 का भव्य आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा 28-29 जून, 2025 को पटना के ज्ञान भवन में आम महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। आम महोत्सव सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक आमजनों के लिए खुला रहेगा। इसमें पंजीकरण और प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क है। इस आम महोत्सव का मुख्य आकर्षण आम की विभिन्न प्रभेदों का प्रदर्शन] आम आधारित रोचक खाद्य पदार्थों के सेवन करने का अवसर, आम में नक्काशी प्रतियोगिता 5 से 10 वर्ष (उम्र) के बच्चों के लिए आम खाओ और ईनाम पाओ प्रतियोगिता, 4 से 8 कक्षा के छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, नवीनतम तकनीक से आम के उन्नत खेती पर चर्चा आम के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्द्धन एवं निर्यात पर चर्चा जैसे कार्यक्रम होंगे जैसे कार्यक्रम होंगे। यहाँ होने वाली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।

### किसानों के लिए इन श्रेणियों में होगी प्रतियोगिताः

महोत्सव में किसानों के लिए 7 वर्गों में प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी, जिसमें अगात किस्में, मध्यकालीन किस्में, पिछात किस्में, संकर किस्में, बीजू आम, घरेलू संस्थाओं और उद्यमियों द्वारा बनाए गए आम के संरक्षित उत्पाद, कल्मी आम के पौधे और विनियर ग्राफ्टिंग द्वारा तैयार पौधे होंगे।

### प्रदर्शनी में देखें बिहार के इन आमों को :

इस महोत्सव में बिहार में मौजूद आमों की विविधता को भी देखा जा सकता है। यहाँ लगने वाली प्रदर्शनी में बिहार में पाये जाने वाले मालदह, जदार्लू, गुलाबखास, जर्दा बम्बई, लंगड़ा, दशहरी, कृष्णभोग, अल्फांसो, हुस्न-ए-आरा, बेनजीर, फजली, सीपिया आदि आमों को देखा जा सकता है। इसमें होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 26 जून, 2025 तक वेबसाईट पर जाकर किया जा सकता है। वहीं प्रदर्शों की प्रविष्टि 27 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। राज्य स्तरीय आम महोत्सव के लिए पंजीकरण एवं विशेष जानकारी इसी वेबसाईट से ली जा सकती है। आम महोत्सव का थीमः बिहार सरकार के कृषि विभाग का उद्यान निदेशालय आम उत्पादन और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से आम महोत्सव का आयोजन करता आ रहा है। पुराने बागों का जीर्णोद्धार, भावी पीढ़ियों का उपहार। बिहार सरकार के इस अनूठे प्रयास से न केवल आम उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि राज्य के बागवानी क्षेत्र में नवाचार और प्रगति को भी बढ़ावा मिलेगा।



पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/दानापुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा (सेवा अनुबंध) आमंत्रित की जाती है। दिनांक: 23.06.2025

**ई-निविदा सं.: W-7/E-Tender/07/ Open/ DNR/2025-26**

**1. कार्य के नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** दानापुर मंडल के तहत ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (हाइड्रोलिक/इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) कुल–59 सेट की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। (दो पैकेट प्रणाली)

**2. कार्य की लगभग लागत (रु0 में) :** 4,22,88,840/–

**3. बयाने की राशि (रु0 में) :** बयाने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समयः** ई–निविदा बंद होने की तारीख 16.07.2025 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 16.07.2025 को 12:00 बजे तक।

**5. वेबसाईट का विवरणः** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल/ दानापुर

पीआर/0478/डीएनआर/टी/25–26

# डेंगू की रोकथाम हेतु सभी अस्पतालों में समुचित व्यवस्था करें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर ।डेंगू की रोकथाम एवं बचाव हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार को,समाहरणालय में बैठक की तथा आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने जल जमाव को दूर करने, फॉगिंग की सुदृढ़ व्यवस्था करने तथा एसकेएमसीएच एवं सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू के इलाज की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया ।बैठक में अवगत कराया गया कि मुजफ्फरपुर का अहियापुर क्षेत्र एवं एसकेएमसीएच के निकटवर्ती क्षेत्र मैं सिविल सर्जन स्वयं विजिट करें तथा नगर आयुक्त से समन्वय स्थापित कर उस क्षेत्र में साफ सफाई, छिड़काव एवं जागरूकता का विशेष अभियान चलाना सुनिश्चित करें ताकि इन क्षेत्रों में डेंगू के मरीजों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके।

जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को शहरी क्षेत्र में फॉगिंग की समुचित व्यवस्था करने तथा इसके लिए रोस्टर तैयार कर क्षेत्रवार टीम गठित करने को कहा ताकि निर्धारित तिथि ,क्षेत्र एवं समय के अनुसार फागिंग की सुदृढ़ व्यवस्था हो सके। वर्तमान में 15 फागिंग मशीन हैं। जिलाधिकारी ने उन मशीनों को कार्यरत रखने तथा प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया ताकि आवश्यकता अनुसार उपयोग किया जा सके। उन्होंने डेंगू के मरीज के इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्रों पर टेस्ट एवं इलाज की समुचित व्यवस्था करने हेतु डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट करने को कह ।बैठक में अवगत कराया गया कि एसकेएमसीएच में ब्लड सेपरेटर मशीन है। इस मशीन को भी कार्यरत अवस्था में रखने तथा समुचित रूप से चेक कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही सरकारी दिशा निर्देश के अनुरूप एसकेएमसीएच में 30 बेड का डेंगू वार्ड तैयार रखने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में 10 बेड का मेडिकेटेड मच्छरदानी युक्त डेंगू वार्ड बनाने तथा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर दो बेड डेंगू मरीज के लिए संरक्षित रखने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने डेंगू और चिकनगुनिया के लक्षण एवं उससे बचाव हेतु विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने कहा कि बीमारी के लक्षण होने पर बिना समय नष्ट किए चिकित्सक से संपर्क करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार, अस्पताल अधीक्षक, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक सहित कई अन्य अधिकारी शामिल थे।

## कार्बन फार्मिंग के क्षेत्र में इसरो के साथ मिलकर काम करेगा कृषि विश्वविद्यालय : कुलपति




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय कार्बन फार्मिंग के क्षेत्र में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो) के साथ मिलकर काम करेगा ।यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर पीएंस पाण्डेय ने केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में आयोजित दो दिवसीय अनुसंधान परिषद ( खरीफ) की बैठक को सम्बोधित करते हुए दी। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय कार्बन फार्मिंग के क्षेत्र में इसरो( भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के साथ मिलकर कार्य करेगा ।यह एक गर्व का विषय है ।उन्होंने कहा कि इस अनुसंधान परियोजना के लिए इसरो की तरफ से फंड भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे संबंधित पत्र आज ही प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय की अनुसंधान के क्षेत्र में प्रगति को दशार्ता है। लेकिन अब अनुसंधान के क्षेत्र में और तेज प्रगति लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अभी हाल ही में 89 नये फैकल्टी सदस्यों ने अपना योगदान दिया है। नये वैज्ञानिकों में ऊर्जा है और आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा है। उन्होंने कहा कि अनुभवी वैज्ञानिकों और नये वैज्ञानिकों के साथ मिलकर अगले कुछ सालों में एक नई अनुसंधान के क्षेत्र में एक क्रांति लाने की आवश्यकता है। कुलपतियों ने कहा कि अनुसंधान किसानों को ध्यान में रख कर किया जाना चाहिए। डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने काफी काम किया है, लेकिन बहुत सारे काम किये जाने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि केसर की खेती मशरूम की ही तरह वातानुकूलित वातावरण में की जा सकती है। इसकी खेती की कम खर्च में संभावना तलाशने का निर्देश उन्होंने वैज्ञानिकों को दिया ।उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि बिहार सहित देश भर में छोटे और मध्यम जोत के किसानों की संख्या काफी अधिक है। विश्वविद्यालय ने किसानों के लिए यंत्र बनाया है, लेकिन छोटे किसानों के लिए नये यंत्रों को बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटी जोत की जरूरत के हिसाब से यंत्र विकसित किया जाये। डा पांडेय ने इंजीनियरिंग के वैज्ञानिकों से कहा कि स्मार्ट मशीन विकसित किये जाने चाहिए जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैश हों और जरूरत के मुताबिक स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हों ।उन्होंने कृषि के क्षेत्र में ग्लोबल जरूरतों और निर्यात की संभावनाओं पर भी काम करने का निर्देश वैज्ञानिकों को दिया।

## नेपाल से लाई जा रही शराब की खेप जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर सशस्त्र सीमा बल की 48वीं वाहिनी के जवानो ने नेपाल से लाई जा रही शराब की बड़ी खेप जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार दोपहर करीब 1:15 बजे जी कंपनी के बीओपी कमला के जवान नियमित गश्त पर थे, तभी सीमा स्तम्भ संख्या 270/15 से लगभग 300 मीटर भारत की ओर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोक कर जांच की गई। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 122 बोतल नेपाली शराब बरामद की गई। इनमें मैकडॉवेल्स नंबर-1 की 8 शीशी 375 मिलीलीटर एसी ब्लैक की 19 शीशी 375 मिलीलीटर तथा सौरभ सौफी की 90 शीशी 300 मिलीलीटर शामिल है। कुल मात्रा 37.125 लीटर आंकी गई है ।गिरफ्तार तस्करों की पहचान महेश कुमार राय उम्र 30 वर्ष पिता विनोद राय निवासी - टोल-13 थाना जयनगर जिला मधुबनी तथा विक्की कुमार साफी उम्र 30 वर्ष पिता - विष्णु साफी निवासी - गायत्री मंदिर टोल जयनगर के रूप में हुई है। जब्त शराब और दोनों अभियुक्तों को अग्रिम कार्रवाई के लिए स्थानीय थाना को सौंप दिया गया है ।वाहिनी कमांड अधिकारी गोविन्द सिंह भण्डारी ने गश्ती दल की इस सतर्क कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि एसएसबी द्वारा सीमा क्षेत्र में तस्करी की रोकथाम के लिए निरंतर मुहिम चलाई जा रही है। इसी प्रकार की सतर्कता से सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा और भी सुदृढ़ होती जा रही है।

## नेपाल से लाई जा रही विदेशी शराब की तस्करी विफल, दो महिला तस्कर गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर की जी कंपनी ने गुरुवार को भारत-नेपाल सीमा पर शराब तस्करी की एक कोशिश को विफल करते हुए दो महिला तस्करों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई प्रातः लगभग 10:50 बजे सीमा चौकी कमला के जवानों द्वारा नियमित गश्ती के दौरान की गई ।कार्रवाई भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 270/15 से लगभग 300 मीटर भारतीय क्षेत्र में की गई। गिरफ्तार महिलाएं नेपाल से अवैध रूप से शराब लेकर भारत आ रही थीं। जवानों की सतर्कता के कारण उन्हें समय रहते पकड़ लिया गया ।जब्त शराब में मैकडॉवेल्स नंबर 1 (375 मि.ली.) की 10 बोतलें, टुबॉर्ग बियर कैन (500 मि.ली.) के 18 कैन और मैकडॉवेल्स नंबर 1 (180 मि.ली. की) 3 बोतलें शामिल हैं। कुल बरामद शराब की मात्रा लगभग 9.69 लीटर है ।गिरफ्तार महिलाओं की पहचान सुहाग देवी उम्र 45 वर्ष पति का नाम छेदी राम और शिवसती देवी उम्र 48 वर्ष पति का नाम शिपथ मंडल के रूप में हुई है। जब्त सामान को विधिक कार्रवाई के लिए जयनगर थाना को सौंपा जा रहा है ।48वीं वाहिनी के कमांडेंट गोविन्द सिंह भण्डारी ने कार्रवाई में शामिल टीम की सराहना की और कहा कि जवान सीमा पर अवैध गतिविधियो को रोकने के लिए सतर्क हैं। तस्करी के विरुद्ध इस प्रकार की मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



अलीनगर(दरभंगा)।जिला दरभंगा पूर्वी अंतर्गत घनश्यामपुर नगर मंडल के पाली ग्राम स्थित स्कूल के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी की जिलास्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी 28 जून को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान, जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष श्रवण चौधरी शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रंजीत मिश्र एवं संचालन लाल मुखिया ने किया ।मौके पर जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहां पाली की इस धरती पर यह ऐतिहासिक कार्यक्रम है और हमें इसे सफल बनाना है। यह कार्यक्रम आपातकाल के महत्वपूर्ण मुद्दे पर केंद्रित है ।जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहां कि जो कांग्रेसी आज संविधान की बात कर रहे हैं,उन्हीं के परिवार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया था। महामंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज जो लोग मोदी सरकार पर आपातकाल के आरोप लगा रहे हैं, वही लोग 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाया था ।उन्होंने कहां आगामी 28 जून को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय का कार्यक्रम पाली में आयोजित किया गया है। सभी से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की और कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा ।बैठक में प्रमुख कार्यकर्ता, जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष शामिल रहे सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव और विचार साझा किए ।बैठक के बाद कार्यक्रम स्थल रनपरती मैदान का जायजा लिया गया, जहां आगामी 28 जून को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का आमसभा है । इसके बाद घनश्यामपुर प्रखंड अंतर्गत घनश्यामपुर, बौऊर,बुढ़ेव, देउरी और अन्य गांव में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामनाथ सहनी,संतोष झा, इंद्रेश झा,चंदन मिश्र,पिंटू झा,ब्रजेश झा,सुनील झा,सुधीर सिंह,रजनीश सुंदरम, चंदन ठाकुर,गंगा यादव, बैद्यनाथ प्रसाद सिंह,पंकज कंठ,पुरुषोत्तम झा,मुकेश झा,संजय मंडल,हीरा प्रसाद सिंह, घनश्याम सिंह, स्वतंत्र झा,प्रकाश सहनी,मो मुख्तार,बेलाल अनवर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बस दुर्घटना में दो की मृत्यु, 25 से अधिक यात्री घायल

**मधुबनी से दिल्ली जा रही थी बस, उत्तर प्रदेश के सैफई में हुआ हादसा**



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी से दिल्ली जा रही एक दो-मंजिला यात्री बस बृहस्पतिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। यह भीषण दुर्घटना उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद अंतर्गत आगरा-लखनऊ प्रवेश मार्ग (एक्सप्रेसवे) पर सैफई थाना क्षेत्र में मील का पत्थर 103+700 के समीप प्रातः लगभग चार बजे घटी, जब बस असंतुलित होकर मार्ग से नीचे जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस के चालक को झपकी आने के कारण पहले बस ने मध्यवर्ती विभाजक (डिवाइडर) से टक्कर मारी, तत्पश्चात एक अज्ञात वाहन से टकरा गई और नियंत्रण खोते हुए सुरक्षा अवरोध (एमबीसीबी) तोड़कर बाईं ओर उतरकर सड़क के नीचे पलट गई। बस (पंजीयन संख्याः उत्तर प्रदेश 70 एचटी 8668) में लगभग 80 यात्री सवार थे ।इस दुर्घटना में दो यात्रियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान नेपाल निवासी महिला सईदा खातून तथा दरभंगा, बिहार निवासी 55 वर्षीय मनोज कुमार के रूप में हुई है। वही, 25 से अधिक यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलो का उपचार सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहा है, जहां चिकित्सको की टोली पूरी गंभीरता से कार्यरत है ।दुर्घटना की सूचना मिलते ही सैफई थाना पुलिस, अग्निशमन दल, उत्तर प्रदेश प्रवेशमार्ग विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की सुरक्षा इकाइया एवं प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। घायलों को आपातकालीन सेवाओ के माध्यम से शीघ्रता से अस्पताल पहुचाया गया। इसके लिए क्रमांक 116, 76, 92 तथा 108 वाली रोगी वहनो (एम्बुलेंस) की सहायता ली गई ।घटनास्थल पर जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्र, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, यूपीडा के अधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल उपस्थित रहा। यांत्रिक उपकरणों जैसे हाइड्रा, जेसीबी एवं पुनर्प्राप्ति यान (रिकवरी वाहन) की सहायता से पलटी हुई बस को सीधा कर थाना सैफई भेजा गया। वर्तमान में मार्ग पर यातायात पूर्णतः सामान्य है तथा स्थिति नियंत्रण में है।

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग एवं किलकारी, दरभंगा के तत्वावधान में आयोजित दरभंगा जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को जिलाधिकारी कौशल कुमार ने वृहस्पतिवार को अम्बेडकर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। अंडर 15 (बालक वर्ग) के सम्मानित होने वाले विजेताओं में किलकारी के अंशुमान, आदित्य भारद्वाज एवं चिरंजीव कुमार शामिल थे। वहीं, बालिका वर्ग के अंडर-15 में किलकारी की ही वैष्णवी, खुशबू एवं आकांक्षा शामिल थी। बालक वर्ग के अंडर 10 में प्रथम तीन स्थानों पर रहे सात्विक, सिद्धिक और आदर्श के साथ बालिका वर्ग के अंडर 10 की विजेताओं जया , साक्षी, वैष्णवी और श्रृष्टि प्रिया को भी जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर जिलाधिकारी ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो न केवल मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि मस्तिष्क के विकास और संज्ञानात्मक स्वास्थ्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शतरंज की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अव्वल स्थान हासिल कर इन्होंने अपने क्रीड़ा कौशल के साथ अपनी बुद्धिमता साबित करने में भी सफलता हासिल की है।

## संक्षिप्त खबरें

### जमाबंदी में छेड़छाड़ के कारण मुसहरी के दो राजस्व कर्मी निलंबित

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही के कारण मुसहरी अंचल के दो राजस्वकर्मी को निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी ने मुसहरी अंचलाधिकारी को दोनो राजस्वकर्मियों पर प्रपत्र के गठित करते हुए अनुमंडल अधिकारी पूर्वी के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश दिया है ताकि दोनों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यो का समयबद्ध निष्पादन करने तथा अंचल के कार्यों में अपेक्षित सुधार लाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी को मुसहरी अंचल का विजिट कर प्रगति लाने का निर्देश दिया था । तदनुसार अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी द्वारा 19 जून को मुसहरी अंचल की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि मुसहरी अंचल के राजस्व कर्मचारी राजू कुमार द्वारा जमाबंदी में छेड़छाड़ की गई है तथा राजस्व कार्य में अभिरुचि नहीं ली जा रही है । इसके अतिरिक्त मुसहरी अंचल के राजस्व कर्मचारी अंगद कुमार के द्वारा भी राजस्व मामलों के निष्पादन में जानबूझकर कोताही एवं लापरवाही बरतने का मामला सामने आया था।

### वारंटी को जेल

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमहेसी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर व कोर्ट के निर्देश पर थाना क्षेत्र के घोघरा गांव में छापेमारी कर सचिंद्र लाल के पुत्र भगवान लाल को गिरफ्तार किया गया ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिलते ही अवर निरीक्षक मोहम्मद शब्बीर खान, रामनाथ राय ,सहायक अवर निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, दलबल के साथ गांव में पहुंचकर वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गया ।गिरफ्तार वारंटी न्यायिक हिरासत में भेजे गए हैं।

### एक शरबी गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमहेसी पुलिस ने श्रीनाथ पारण गांव में नशा पान कर हंगामा करने को लेकर ग्रामीणों की सूचना पर थाने से पुलिस पहुंची। मध्य निषेध के तहत उसकी मेडिकल जांच करा कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि न्यायिक हिरासत में भेजे गए की पहचान गांव के ही बृज किशोर चौधरी के पुत्र राजीव कुमार चौधरी के रूप में की गई है।

### विभिन्न गांव के आपसी विवाद में सात जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में हुई आपसी विवाद को लेकर मारपीट में सात लोग जख्मी हो गए ।परिजनों के सहयोग से जख्मी को ईलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज कर रहे चिकित्सक ने जख्मी की पहचान गुलाब टोल सिंघिया गांव की 35 वर्षीय सुशीला देवी, मिजार्पुर गांव के 65 वर्षीय कामेश्वर ठाकुर, भगवानपुर गांव की 45 वर्षीय पिंकी देवी, कुढवा गांव के मोहम्मद जया, जितवरिया गांव के कुंदन कुमार व निर्मला देवी शामिल है। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मोहम्मद हैदर ने दी। एल टी एफ टीम ने गोविंदपुर खजूरी पंचायत के चक जाफर गांव से एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिलते ही एल टी एफ टीम चकजाफर गांव के रविंद्र राय की दुकान पर पहुंची जहां वे अंग्रेजी शराब की 375 एम एल की दो बोतल एक खुले बोतल में 200 मिलीग्राम को बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार किया। मध्य निषेध के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार शराब कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### जदयू के जिला उपाध्यक्ष बने जयशंकर प्रसाद सिंह, बधाई

विभूतिपुर /समस्तीपुर प्रखंड के महथी सिरसी निवासी जयशंकर प्रसाद सिंह को जदयू का जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया है ।उनको यह मनोनयन पत्र बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय ने उनके पार्टी के प्रति सक्रियता, कार्य कुशलता, सांगठनिक क्षमता को देखते हुए दिया है ।श्री सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल, तरुण सिंह, राम बहादुर सिंह, चांदनी देवी, अशोक कुमार, गोनर दास, कैलाश राय, विजय कुमार, अयोध्या पंडित आदि जदयू कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### पंचायत प्रतिनिधि को हथियार रखने की निर्णय मिलने पर हर्ष

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर पूरब पंचायत में प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों को हथियार रखने की सरकार द्वारा हरी झंडी मिलने पर त्रिस्तरीय पंचायती राज्य संस्थानों के निर्वाचित प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में शेखर प्रसाद सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की वर्षो पुरानी मांग को राज्य सरकार ने हरी झंडी दी है। उन्होंने सरकार के निर्णय को स्वागत किया है ।राम प्रीत राय, राम किशुन साह आदि मौजूद थे।

## गरीबों को सम्मान दिलाना हमारी प्राथमिकताः अजीत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार बुधवार को कांटी क्षेत्र के कई गांव में जन संवाद कार्यक्रम चलाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर उसके निदान के लिए पहल किया। क्षेत्र के छपरा रविदास टोला, बहुआरा एवं सिरसिया पासवान टोला में जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से गरीबों बस्ती के ज्वलंत समस्याओं से रूबरू हुए। जन संवाद कार्यक्रम में लोगों ने गांव के जर्जर सड़क, पेयजल की समस्या, विद्युत विभाग की मनमानी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित लोगों को पेंशन की सुविधा दिलाने, मतदाता सूची मे नाम दर्ज करने में बीएलओ द्वारा की जा रही मनमानी सहित कई अन्य मुद्दा को गंभीरता से उठाया। लोगों ने स्थानीय विधायक द्वारा चुनाव जीतने के बाद एक दिन भी गरीब बस्ती का सुधि नहीं लिए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। लोगों के समस्या सुनने के उपरांत पूर्व मंत्री ने पीएचईडी, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय बी डी ओ, सी ओ से बात कर कई समस्याओं का मौके पर निदान कराया। उन्होंने जर्जर सड़को का जीर्णोद्धार नहीं होने के लिए स्थानीय विधायक को जिम्मेवार बताते हुए कहा कि विधायक की उदासीनता के कारण कांटी क्षेत्र के कई सड़कें जर्जर हालत में है । उन्होंने कहा, ऐसी बस्ती के सभी प्रमुख सड़कों के जीर्णोद्धार के लिए अपने स्तर से पहल किया हूं ।, चुनाव से पहले सभी जर्जर प्रमुख सड़कों का हर हालत में जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराया जाएगा।उन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का अनुरोध किया। जन संवाद कार्यक्रम में मुखिया इंद्र मोहन झा , वार्ड पार्षद विजय राम ,वकील राम, उमेश निराला, संजय छायाकार, प्रमोद शाह, बबलू साह, राजू राम ,गुड्डू पासवान ,मनोज साह सुरेंद्र पटेल, विष्णु देव भगत, आदि शामिल थे।

## स्वामी सहजानंद सरस्वती की स्मृति में विचार-गोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।सुविख्यात किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय चन्द्रशेखर भवन, मिठनपुरा में किसान सभा की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ किसान नेता तथा भाकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि जब भारत अंग्रेजी हुकूमत की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और देश की बड़ी आबादी, विशेषकर किसान वर्ग, जमींदारी और सामंती दमन से त्रस्त थी, तब एक संत रूपी युगपुरुष ने धर्म के आंचल से निकलकर सामाजिक क्रांति का शंखनाद किया। वह व्यक्ति थे - स्वामी सहजानंद सरस्वती, जिनका नाम भारतीय किसान आन्दोलन के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। समारोह को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला सचिव जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज स्वामी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके अधूरे स्वप्न को पूर्ण करने का काम करेंगे ।किसान सभा के राज्य कमिटी सदस्य रामकिशोर झा ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती भारतीय इतिहास में एक विलक्षण व्यक्ति थे, जिन्होंने धर्म, राजनीति, समाज और आंदोलन को एकसूत्र में पिरोया ।उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि एक व्यक्ति यदि निष्ठा, साहस और विचारों से समृद्ध हो, तो वह समाज की दिशा बदल सकता है। अध्यक्षीय संबोधन में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संगठन के अध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्र भारत में जमींदारी तो समाप्त हुई, परंतु कृषि क्षेत्र में समानता, सशक्तिकरण और न्याय का सपना अभी भी अधूरा है। भूमिहीन किसान, बटाईदार, मजदूर आज भी उसी संकट से गुजर रहे हैं, जिसे स्वामीजी ने 90 वर्ष पहले पहचाना था। विचार गोष्ठी को किसान नेता कमलेश्वर चौधरी, मदन मोहन सिंह, मो० नसरुद्दीन, रामचन्द्र झा, अनिल महाजन, रामनाथ महतो आदि किसान नेताओं ने संबोधित किया।

## एआइडीवाईओ का स्थापना दिवस मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय मोतीझील स्थित कार्यिलय में आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन ( एआइडीवाईओ) का स्थापना दिवस मनाया गया। इसी के साथ यह संगठन आज अपनी स्थापना के 60 वें बर्ष में प्रवेश कर गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला सचिव अनिल कुमार ने झंडोतोलन किया । तत्पश्चात युवा संगठन एआइडीवाईओ के संस्थापक शिवदास घोष की तस्वीर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। उसके बाद एक सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए एआइडीवाईओ के अखिल भारतीय कमिटी सदस्य अरविंद कुमार ने कहा कि आज 26 जून गौरवशाली संघर्ष के 60वें वर्ष का प्रारंभ वर्ष है। आज स्थापना दिवस के अवसर पर संकल्प लेने का दिन है। बढ़ती बेरोजगारी, अपसंस्कृति, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता, जात-पात के खिलाफ उच्च संस्कृत नीति नैतिकता एवं मूल्यों के आधार पर युवा आंदोलन निर्मित कर एक मनुष्य के द्वारा दूसरे मनुष्य के शोषण पर आधारित वर्तमान आर्थिक व्यवस्था को दफन कर एक समाजवादी समाज के निर्माण में ही तमाम समस्याओं का समाधान है। आज के युवाओं को इस संघर्ष में अपने आप को झोकना ही है, स्थापना दिवस मनाने का सही तात्पर्य है ।सभा को संगठन के मुजफ्फरपुर जिला सचिव अनिल कुमार, बिहार राज्य सचिन मंडल सदस्य उत्पल कुमार, जिला कमेटी सदस्य टुनटुन प्रजापति, श्यामदेव कुमार , रामबाबू राय ने संबोधित किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में आदित्य राय,अवधेश ठाकुर, कृष्ण कन्हैया, उमाकांत एवं साक्षी रानी मुख्य रूप से मौजूद थे ।अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष रंजीत राय ने किया।

## महिला के साथ मारपीट की वायरल विडियो मामले में पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र का एक विडियो पिछले तीन दिनों से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल विडियो में देखा जा रहा है कि एक महिला को दूसरी महिला बाल पकड़ कर खींच रही, वहीं एक व्यक्ति डंडा से उक्त महिला को बेहरमी पिटाई कर रहा है। वायरल विडियो विभूतिपुर थाना क्षेत्र के करख भवंडा का बताया जा रहा है। वायरल विडियो मामले में तीन दिन बाद पीड़िता करख भवंडा वार्ड 07 निवासी रोहित महतो की पत्नी रीना देवी ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें सांस मीरा देवी,देवर रंजीत महतो एवं पति रोहित महतो को नामजद करते हुए आरोपित किया है। पीड़िता ने बताया है कि 21 अगस्त 2020 को करख भवंडा निवासी रामाधार महतो के पुत्र रोहित महतो के साथ अशोकधाम मंदिर बेगूसराय में शादी हुई। पांच वर्ष बीतने के बाद मेरा पति झूठ बोलकर देवघर घूमने की बात कहकर मुझे छोड़कर अपने घर निकल गया। जिसके बाद नहीं आया ।पता लगाने पर मालूम हुआ कि मेरा पति दूसरी शादी कर लिया है ।जब हम अपनी ससुराल पहुंचा तो मेरी सास व देवर लाठी डंडा से बुरी तरह मारपीट किया। एवं मेरा मोबाइल एवं दस हजार रुपए मेरे बैग में था,तथा सोना का ढोलना छिन लिया। ग्रामीणों व सुचना पर पहुंची पुलिस के मदद से महिला का ईलाज विभूतिपुर सीएचसी में कराया गया ।बता दें कि पीड़िता अपने ससुराल एक बच्चे के साथ पहुंची थी। पीड़िता के साथ मारपीट, रुपया और मोबाइल छिनतई के बाद बेसहारा महिला का तत्काल भोजन व रहने का व्यवस्था ग्रामीणों के सहयोग से हो रहा है। वहीं आरोपी घर छोड़कर फरार बताया जा रहा है। वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। आगे की कार्रवाई जारी है।

## हर पंचायत में विवाह मण्डप के निर्माण से आधी आबादी का बढ़ेगा सम्मान : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा आधी आबादी को हर दृष्टि से सक्षम तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर पहल किए जा रहे हैं । बिहार के हर पंचायत में बेटियों की शादी के लिए एक विवाह मण्डप के निर्माण की घोषणा निश्चित रूप से मातृ शक्तियों के सम्मान में एक उदाहरण साबित होगा। दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर में नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार के द्वारा बिहार के सभी आठ हजार तिरपन पंचायतों में पचास लाख की लागत से विवाह मण्डप निर्माण की स्वीकृति तथा उसके लिए राज्य सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि इस पहल से कमजोर तथा मध्यम वर्ग के लोगों को बेटियों की शादी में अनावश्यक खर्चे की जहां बचत होगी वहीं भौतिकवाद संस्कृति के बदले ग्रामीण परिवेश की विरासत तथा संस्कृति का संरक्षण भी होगा। विवाह मण्डप के निर्माण के लिए राज्य सरकार के द्वारा चार हजार छब्बीस करोड़ की सस्वीकृति को आधी आबादी के सम्मान में एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि आने वाले समय में विवाह मण्डप ग्रामीण क्षेत्रों में एक सशक्त कदम साबित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क नहीं बनने से बच्चों को स्कूल जाने में हो रही है परेशानी

संग्रामपुर (मुंगेर) संग्रामपुर प्रखंड के गोंधीनगर सराय गांव में सड़क नहीं बनने के कारण आम राहगीरों को चलने में हो रही है परेशानी, खासकर के बरसात के दिनों में बाइक तो दूर की बात है लोगों को पैदल चलना दुस्वार हो गया है, घर से अधिक दूरी तक छोटे छोटे बच्चों को इस कीचड़ में घुसकर स्कूल जाना पड़ता है इतना ही नहीं जिस जगह से कीचड़ का शुरूआत होता है उसी जगह गांव के एकमात्र विद्यालय गांधीनगर सराय है जिसमें क्लास के छोटे-छोटे 50 बच्चे नामांकित है सभी बच्चे एवं विद्यालय के शिक्षक इस कीचड़ में घुसकर विद्यालय जाने पर मजबूर है हर रोज दर्जनों बच्चे उसी कीचड़ में गिरते हैं उनका ड्रेस एवं किताब सब कुछ गंदा हो जाता है यही है सरकार का विकास का योजना।

### धार्मिक आस्था से खिलवाड़ पर रोक लगाए प्रशासन : सपा

मुंगेर ।सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने हवेली खड़गपुर अनुमंडल अंतर्गत बनहारा पंचायत के रायपुर में काली मंदिर के सामने निजी जमीन पर शौचालय की टंकी बनाने को लेकर जिला पदाधिकारी एवं हवेली खड़गपुर के अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिख जांच की मांग की है। श्री यादव ने अपने लिखे पत्र में कहा कि मंदिर के सामने शौचालय की टंकी बनाना सीधा-सीधा आस्था पर प्रहार है पूर्व में ग्रामीण के द्वारा सुचना देने के वावजूद मामला यथावत है परिणामतः यह मामला कभी भी विध्वंसक मोड ले सकता है, श्री यादव ने जिला प्रशासन से अविलंब इस प्रकरण पर न्यायोचित कदम उठाने की मांग की है।

### राम धुन यज्ञ हेतु निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

मुंगेर। बुधवार को सदर प्रखंड अंतर्गत तारापुर दियारा पंचायत के मनियार चक गंगा घाट जखराज बाबा स्थान में श्री श्री 108 अखंड राम धुन यज्ञ हेतु गाजे बाजे घोड़ा घोड़ाड़ा के कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। वहीं शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए मुंगेर विधायक प्रणव कुमार यादव तथा पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि बम बम चौधरी। वहीं इसकी जानकारी देते हुए वार्ड सदस्य संतोष कुमार ने बताएं कि इस कलश शोभा यात्रा में 251 कन्याओं ने भाग लिया। तथा तीन राम धुन मंडली इस यज्ञ में उपस्थित रहेंगे। वहीं कलश शोभा यात्रा में उपस्थित पैक्स अध्यक्ष फुटूस मंडल, प्रदीप मंडल, कौशल किशोर मंडल, छत्री पासवान , मंटू पासवान,अरुनमंडल सहित गांव के तमाम बुद्धिजीवी कलश शोभायात्रा में भाग लिए।

# भाकपा का उदाकिशुनगंज अंचल सम्मेलन संपन्न, अंचल मंत्री बने डॉ. प्रमोद कुमार सिंह

प्रात : किरण संवाददाता




उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 23वां उदाकिशुनगंज अंचल सम्मेलन बुधवार को देर रात नवटोल कला मंच परिसर में कई संगठनिक एवं राजनीतिक निर्णयों के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन का प्रारंभ पार्टी के वरीय एवं वयोवृद्ध नेता दिगंबर झा के द्वारा झंडोतोलन से हुआ। उपस्थित प्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम सेना के शहीद जवानों, पार्टी के दिवंगत नेताओं, विभिन्न दुर्घटनाओं में काल काल्वित लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात पार्टी के नेता सच्चिदानंद शर्मा एवं रामचंद्र पासवान की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि भारत में अमृतकाल नहीं, अघोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि भाजपा और भाजपा नेतृत्व वाली सरकार का विरोध करना देशद्रोह माना जाता है, देश में संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला जा रहा है, विरोध की आवाज को दबाया जा रहा है। भाकपा नेता ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय पीएम मोदी द्वारा लिया जाना अत्यंत ही निंदनीय है। सच तो यह है कि अमेरिका के निर्देश पर युद्ध विराम किया गया, जिससे पूरी दुनिया में भारत शर्मसार हुआ। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में विदेशी कर्ज तीन गुना हो गया, रुपया का अवमूल्यन लगातार जारी है, एक डॉलर के बराबर लगभग 87 रुपया हो गया, देश में बेरोजगारी दर विगत 45 वर्षों में सबसे अधिक है, भीषण महंगाई, व्याप्त भ्रष्टाचार, कमजोर वर्गों एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार से आम लोग त्रस्त है और दूसरी ओर मोदी और अमित शाह की जोड़ी हिंदू मुसलमान और हिंदुस्तान पाकिस्तान करने में मस्त है।

भाकपा नेता प्रभाकर ने कहा कि जिसने तिरंगा को जलाया वह तिरंगा यात्रा निकाल रहा है, जिसने संविधान को जलाया वह संविधान की कसमें खा रहा है, जिसने आजादी की लड़ाई में गद्दारी की वह देशभक्ति का प्रमाण पत्र बांट रहा है। भाकपा नेता ने स्पष्ट शब्दों में कहा की डबल इंजन की सरकार रहते हुए देश और प्रदेश के हितों की हिफाजत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि वक्त का तकाजा है कि वामपंथी, जनवादी एवं धर्मनिरपेक्ष ताकत एक जुट होकर संघर्ष तेज करे। भाकपा के जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने कहा कि 2025 हमारी पार्टी की शताब्दी वर्ष है, यह वर्ष पार्टी के सम्मेलनों का भी वर्ष है और चुनावी वर्ष भी है इसलिए वर्तमान समय हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए, भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को हराने के लिए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य उमाकांत सिंह एवं वार्ड सदस्य संघ के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने भूमिहीनों को बासगीत पर्चा नहीं देने, किसानों की फसल का लाभकारी दम नहीं देने, बाढ़ सुखाड़ का स्थाई निदान नहीं करने पर केंद्र और राज्य सरकार पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार किसानों मजदूरों की नहीं कंपनियों की है।

सम्मेलन में प्रभारी अंचल मंत्री अरुण कुमार तांती द्वारा संगठितनिक एवं राजनीतिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर दर्जनों प्रतिनिधियों ने बहस में हिस्सा लिया तत्पश्चात प्रतिवेदन सर्वसम्मत से पारित किया गया। सम्मेलन में अगले सत्र के लिए 35 सदस्य अंचल परिषद का गठन किया गया। सम्मेलन में डॉ. प्रमोद कुमार सिंह को अंचल मंत्री, अरुण कुमार तांती एवं शंभू पासवान को सहायक अंचल मंत्री निर्वाचित हुए। सम्मेलन के मौके पर पार्टी के नेता धनुष शर्मा, पप्पू शाह, गजेंद्र प्रसाद सिंह, लुरी राम, विश्वनाथ शर्मा, अनिल कामत, कारी शाह, ललिता देवी, किशोरी चौधरी, अशोक कुमार मेहता आदि नेताओं ने अपना विचार प्रकट किया। सम्मेलन में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से 145 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# गोली लगने से युवक जख्मी निजी क्लिनिक में इलाजरत



● मधेपुरा जिला के परमानपुर थाना क्षेत्र के भतरंधा गांव के युवक हैं सुभाष कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के सौरबाजार थाना क्षेत्र स्थित चन्दौर पूर्वी पंचायत के श्रवण टोला में बुधवार की देर रात गोली चलने की घटना सामने आई है। इस वारदात में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जिसे परिजन चोरी-छिपे सहरसा के एक निजी क्लिनिक में इलाज के लिए भर्ती कराए हुए हैं। जख्मी युवक की पहचान मधेपुरा जिला के परमानपुर थाना क्षेत्र के भतरंधा गांव निवासी अगमलाल यादव के पुत्र सुभाष कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सुभाष अपने ननिहाल श्रवण टोला में बटेश्वर यादव के घर रह रहा था। परिजनों के मुताबिक युवक अभी होश में नहीं है। लिहाजा गोली लगने की पूरी घटना कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजन भी इस पर कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। इस मामले को लेकर सौरबाजार थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि उन्हें गोलीबारी की सूचना मिली है। घटना की जांच की जा रही है और सभी संभावित बिंदुओं पर पुलिस काम कर रही है।

# भीम संकल्प समागम की सफलता को लेकर लोजपा आर ने बैठक की



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। आगामी 29 जून 2025 को बिहार के राजगीर में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के तत्वाधान में होने वाले बहुजन भीम संकल्प समागम को अभूतपूर्व सफल बनाने हेतु जमुई लोकसभा के सिकंदरा विधानसभा श्रेत्र के खैरा प्रखंड में 22 पंचायत का दौरा जारी है। उसी क्रम में आज खैरा प्रखंड के समस्त पंचायत अध्यक्ष जिला कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी गण के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ता कैसे सुविधा पूर्वक पहुंचे, इसकी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जमुई जिला अध्यक्ष जीवन सिंह ने किया जबकि बैठक का संचालन सिकंदरा विधानसभा के खैरा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में खैरा प्रखंड के पर्यवेक्षक सह मुंगेर जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान उपस्थित थे। मौके पर सिकंदरा विधानसभा के पर्यवेक्षक रतन पासवान, सिकंदरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह बिहार प्रदेश कर्मचारी यूनियन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रवि शंकर पासवान सिकंदरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष पासवान, सिकंदरा विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि कारू सिंह, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष वाई पी सुमन, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जमुई जिला अध्यक्ष सहित समस्त पंचायत के पंचायत अध्यक्ष एवं जुझारू कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

# असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की अनदेखी पर बीएमएस ने जताई नाराजगी

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ोतरी का बीएमएस ने किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ है। भारतीय मजदूर संघ के साथ 6300 से भी अधिक ट्रेड यूनियन संलग्न है तथा 44 अखिल भारतीय औद्योगिक महासंघ पूरे देश में कार्यरत है प्रत्येक प्रदेश में प्रदेश इकाई तथा प्रादेशिक कार्यालय तथा जिला में जिला कार्यालय सक्रिय है। भारतीय मजदूर संघ का व्यापक विकासखंड स्तर तक पहुंच चुका है। भारतीय मजदूर संघ बिहार एवं झारखंड प्रदेश की बैठक में बिहार सरकार द्वारा घोषित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में बढ़ोतरी का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश लाल, प्रदेश मंत्री शंभू कुमार चौबे, क्षेत्रीय प्रभारी डी पी शुक्ला, अखिल भारतीय उप महामंत्री सुरेन्द्र पांडेय, संगठन मंत्री झारखंड ब्रजेश जी ने कहा की सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने की घोषणा का भारतीय मजदूर संघ स्वागत किया है लेकिन भारतीय मजदूर संघ नें बिहार सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के मजदूर की उपेक्षा पर घोर नाराजगी व्यक्त की है। संघ ने मांग किया कि कोल्ड स्टोरेज, बीड़ी उद्योग असंगठित क्षेत्र की मजदूर की पेंशन जो वर्तमान में मात्र सात सौ रूपए दी जा रही है उसे बढ़ाकर न्यूनतम तीन हजार रुपए दिए जाने की मांग की है। साथ ही सभी असंगठित मजदूरों को समान पेंशन देने की मांग की।भारतीय मजदूर संघ ने जिला अधिकारी के माध्यम से राज्य सरकार को पत्र भेज कर यह मांग की थी लेकिन इस संबंध में अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं दिया गया है। संघ ने चेतावनी देते हुए कहा की सरकार जल्द से जल्द इस मुद्दे पर विचार नहीं करती है और पेंशन में उचित वृद्धि नहीं करती है तो भारतीय मजदूर संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

# गैस सिलिंडर चुनाव चिन्ह के रूप में नई ऊर्जा, नई दिशा : अर्चना आनंद



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना आनन्द ने बयान जारी कर कहीं की राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के साथ साथ पार्टी के सभी कार्यकताओं के लिए हर्ष और गर्व का विषय है कि निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव हेतु गैस सिलिंडर को चुनाव चिन्ह के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। यह चिन्ह अब केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि बिहार की आम जनता की उम्मीदों, जरूरतों और अधिकारों की आवाज बनकर उभर रहा है। गैस सिलिंडर हर घर की रसोई से जुड़ा है, हर व्यक्ति के दैनिक जीवन से जुड़ा है। यह गरिमा, सुविधा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यही हमारी राजनीति की दिशा भी है। जनसरोकार, जनसुविधा और जनसम्मान भी है। चुनाव चिन्ह गैस सिलिंडर यह संदेश भी देता है कि हमारी राजनीति केवल सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा की राजनीति है। केवल घोषणाओं की नहीं, बल्कि हर घर तक पहुँचने वाली ठोस नीतियों की राजनीति है। आइए, इस गैस सिलिंडर को लेकर हम गांव-गांव, घर-घर पहुँचें और जनचेतना की ऐसी मशाल जलाएँ, जो आने वाले समय में समतामूलक समाज निर्माण के विचारों को समाहित कर पूरे देश में बदलाव की लौ बनकर प्रज्वलित हो। यह चुनाव चिन्ह उपेन्द्र कुशवाहा विचारधारा की गर्मी, संकल्प की ऊर्जा और जनभावना की अग्नि को सहेजे हुए है। अब समय है कि हर कार्यकर्ता, हर समर्थक और हर शुभचिंतक इस प्रतीक को एक मिशन की तरह अपनाकर पूरी निष्ठा से जुट जाए। गैस सिलिंडर अब केवल रसोई का हिस्सा नहीं रहा यह अब सामाजिक न्याय की मशाल बन चुका है। इस चिन्ह के साथ, हम हर द्वार तक उम्मीद, न्याय और समर्पण की लौ पहुँचाएँगे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारत सरकार के विशेष अतिथि होंगे मैथिली के युवा लेखक गुंजन श्री

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा आगामी 15 अगस्त को भारत सरकार द्वारा दिल्ली स्थित लाल किले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मैथिली के युवा लेखक गुंजन श्री को आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण प्रधानमंत्री युवा लेखक योजना के तहत चयनित लेखकों को मिला है। जिसके लिए रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय कार्यालय द्वारा भी जारी किया गया है। ज्ञात हो कि देशभर से चयनित 100 युवा लेखकों में से मैथिली भाषा से गुंजन श्री इकलौते लेखक हैं, जिन्हें यह आमंत्रण उनकी भाषायी लेखन यात्रा के लिए प्राप्त हुआ है। यह न सिर्फ मिथिला क्षेत्र बल्कि मैथिली भाषा के लिए भी महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। गुंजन श्री मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड क्षेत्राधीन रामनगर गांव निवासी मैथिली के लेखक कमल मोहन चुन्नू के पुत्र हैं और फिलवक्त पटना आईआईटी में कार्यरत हैं। गुंजन श्री मैथिली भाषा साहित्य के प्रमुख युवा लेखक हैं। इनकी अब तक चार किताबें प्रेमक टाइमलाइन, तरहत्थी पर समय, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में मिथिला के दलित समाजक योगदान और समय-संदर्भ प्रकाशित है ।वहीं पांचवीं पुस्तक मर्सी, जो कि यात्रा संस्मरण, प्रकाशाधीन है। उल्लेखनीय है कि गुंजन श्री इससे पूर्व राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में भी मैथिली भाषा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और अब तक 22 देशों में अपनी भाषा और साहित्य को लेकर संवाद कर चुके हैं। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में इन युवा लेखकों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए राष्ट्रीय पुस्तक न्यास अर्थात एनबीटी को यात्रा और आवास की व्यवस्था के लिए नोडल संस्था नियुक्त किया गया है। स्पष्ट है कि यह अवसर न केवल युवा लेखकों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि भारतीय भाषाओं और साहित्यिक विविधता को राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। गुंजन श्री के इस उपलब्धि को लेकर मैथिली साहित्य समाज में हर्ष व्यप्त है। इस उपलब्धि पर मैथिली के चर्चित साहित्यकार मैथिल प्रशान्त, आनंद मोहन झा, प्रभंजन कुमार राहुल, प्रीति झा, शिवेश झा शिव, अक्षय आनंद सन्नी, कमलेश प्रमेन्द्र, डॉ. कुलानंद झा, मुख्तार आलम, सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# अज्ञात अपराधियों ने वार्ड सदस्य को गोली मारकर की हत्या, मौत

● घटना मंगलवार की रात करीब 08 बजे की है।

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। बिजयनगर गांव के नल जल योजना की टंकी का मोटर चालू कर पैदल ही घर जा रहे वार्ड सदस्य की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी गई । बरियारपुर थाना सूत्र ने बताया कि बरियारपुर थाना क्षेत्र के ईटहरी पंचायत के विजयनगर गांव में मंगलवार की रात इटहरी पंचायत के वार्ड संख्या 17 के सदस्य परमजीत कुमार (32) की गोली मार दी गई। परिवार वाले आनन- फानन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई जयप्रकाश ने बताया कि उसके भाई की किसी से दुश्मनी नहीं था। भाई ने बताया कि मंगलवार की रात काली स्थान के पास लगे नल जल योजना की टंकी का मोटर चालू कर पैदल ही घर आ रहा हूँ। इस बीच नकाबपोश बदमाशों ने पीछे से सिर में गोली मार दी। भाई ने बताया कि जहां पर हत्या हुई है, वहां पर साप्ताहिक हटिया भी लगता है भीड़ का फायदा उठाकर बदमाश भाग निकले।

परमजीत की शादी दो माह पहले घोघा में हुई थी। पत्नी और परिवार वाले का रो-रोकर के बुरा हाल है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अभिषेक आनंद, थानाध्यक्ष वीरभद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच की। घटना की वजह का पता नहीं लग सका है ।एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। परिवार वालों से पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल बदमाशों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# जदयू युवा प्रदेश महासचिव गणेश गौरव ने वृद्धजन पेंशन 1100 करने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

## कन्या विवाह भवन और जलजमाव समाधान की योजना को बताया ऐतिहासिक कदम

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के युवा प्रदेश महासचिव गणेश गौरव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धजनों को अब 1100 प्रति माह देने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला राज्य के बुजुर्गों के लिए राहतकारी और सराहनीय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, और यह निर्णय उसी भावना का परिचायक है। इसके साथ ही गणेश गौरव ने मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की प्रत्येक पंचायत में कन्या विवाह भवन के निर्माण के फैसले को भी ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, आज भी गांवों में ऐसे कई गरीब परिवार हैं जिनके पास अपनी बेटियों की शादी के लिए समुचित स्थान नहीं होता। मजबूरी में उन्हें शहरों के महंगे मैरिज हॉल का सहारा लेना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता है। पंचायत स्तर पर विवाह भवन बनने से अब गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को काफी सहूलियत होगी। श्री गौरव ने यह भी कहा कि इससे सामाजिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और गांवों में भी सुविधाएं शहरों की तरह उपलब्ध होंगी। उन्होंने पंचायतों में इस योजना के त्वरित क्रियान्वयन की मांग की। वहीं सहरसा जिले की जमीनी समस्याओं पर बात करते हुए गणेश गौरव ने जलजमाव की विकराल समस्या का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह समस्या सहरसा शहर के विकास में सबसे बड़ी बाधा बन गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद इस मुद्दे को गंभीरता से ले चुके हैं और उन्होंने आश्वासन दिया है कि आने वाले समय में सहरसा को जलजमाव की समस्या से पूरी तरह निजात दिलाई जाएगी, उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक और टिकाऊ बनाया जाए ताकि बरसात के दिनों में आम जनता को राहत मिल सके। गणेश गौरव ने कहा कि युवा नेता होने के नाते वे जनता की हर समस्या को सरकार तक पहुंचाने और उनके समाधान में भागीदार बनने को प्रतिबद्ध हैं।

# बिहार आप के पूर्व उपाध्यक्ष अंगेश सिंह कांग्रेस में हुए शामिल,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कराया सदस्यता ग्रहण

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !पटना स्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय,सदाकत आश्रम में एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी बिहार के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अंगेश सिंह और पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी ब्रह्मप्रकाश ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने यह निर्णय कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विचारधारा और जन सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर लिया। श्री अंगेश सिंह लखीसराय जिले के बड़हिया प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव के निवासी हैं। वे पिछले एक दशक से अधिक समय से मुख्यधारा के सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के कई आंदोलनों का नेतृत्व किया है, जिनमें वढरउ उ-रअळ आंदोलन विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह आंदोलन ग्रामीण और क्षेत्रीय भाषा में परीक्षा देने वाले छात्रों के अधिकारों, प्रश्न पत्र की पारदर्शिता और मूल्यांकन प्रक्रिया में सुधार को लेकर हुआ था। यह आंदोलन नरेंद्र मोदी सरकार के पहले संसद सत्र में ही सड़क से लेकर संसद तक पहुंचा। अंगेश सिंह ने आमरण अनशन तक किया, जिसके चलते संसद के अंदर 14 दिनों तक विपक्ष द्वारा मुद्दे को उठाया गया, और आखिरकार केंद्र सरकार को छात्रहित में निर्णय लेने पर विवश होना पड़ा। इससे उन्हें राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। अंगेश सिंह आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में पार्टी और सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाई और बाद में बिहार में पार्टी का संगठन खड़ा करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। लेकिन बिहार में बदलाव की अपेक्षा और केंद्रीय नेतृत्व की उपेक्षा के चलते वैचारिक मतभेद उभरने लगे, जिसके कारण उन्होंने आम आदमी पार्टी से अलग होने का फैसला लिया। अब उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर अपनी जन्मभूमि बिहार को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली है। यह भी उल्लेखनीय है कि उनके दादाजी कामता प्रसाद सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे, जिन्हें लोग ह्ललीडर साहबह्व के नाम से जानते थे। अंगेश सिंह ने अपने गांव लक्ष्मीपुर जैसे छोटे कस्बे से निकलकर दिल्ली की राजनीति में एक मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई और आज उसी भावना के साथ कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

# डीसीएलआर सह आरओ सौरभ कुमार एवं बीडीओ गुलजारी कुमार पंडित ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा




प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को उदाकिशुनगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्थित मतदान केंद्रों को लेकर भूमि सुधार उप समाहर्ता सह आरओ सौरभ कुमार के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी गुलजारी कुमार पंडित ने भौतिक सत्यापन करते हुए जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारह सौ से अधिक मतदाता वाले केंद्र को लेकर मध्य विद्यालय नयानगर, मध्य विद्यालय नवटोल, मदरसा इस्लामियों सिंगारपुर, खाड़ा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुखासनी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिनबारा, मध्य विद्यालय बुधामा में स्थित मतदान केंद्र को बनाए जाने को लेकर जायजा लिया। जायजा के क्रम में अधिकारियों ने बूथो पर मूलभूत सुविधाओं के तहत दिव्यागों के जाने हेतु रैंप, शौचालय, बिजली की सुविधा आदि की भी जानकारी ली।

# एडीजी सीआईडी पारसनाथ मुंगेर पहुंचे, बैठक कर, अधिकारियों को दिये आवश्यक निदेश



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। पुलिस लाइन में मुंगेर रेंज के डीआईजी राकेश कुमार और एसपी सैयद इमरान मसूद ने उनकी अगवानी की। तत्पश्चात पुलिस जवानों ने एडीजी को गार्ड आफ आनर दिया गया। गार्ड आफ आनर के बाद पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में एडीजी ने जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों और थानाध्यक्षों के साथ बैठक करते हुए अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। केस के अनुसंधान में टेक्नोलॉजी के प्रयोग पर फोकस करते हुए एडीजी ने सभी अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारियों को सभी तरह के क्राइम सीन का वीडियो फुटेज ई-साक्ष्य ऐप पर तत्काल अपलोड करने का निर्देश दिया। पब्लिक बिहेबियर पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी जब फरियाद लेकर थाना पहुंचे तो पुलिस कर्मी या अधिकारी फरियादी से बढ़िया से बातचीत करे। फरियादी से गलत तरीके से कोई भी पुलिस या पदाधिकारी बातचीत नहीं करें। इससे पुलिस की इमेज खराब होती है। थानों में लंबित केस की संख्या को कम करने के लिए सभी डीएसपी को अपने अपने अधीन पड़ने वाले थानों में समीक्षा बैठक कर पेंडिंग केस की संख्या को घटाने का निर्देश दिया। अपराध नियंत्रण के लिए लगातार सघन गश्ती, वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।

सम्पादकीय

# होर्मुज स्टेट बंद करना - ईरान के लिए संभव है क्या

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



21वीं सदी में अगर किसी संकीर्ण जलमार्ग की चर्चा वैश्विक राजनीति, सैन्य रणनीति और ऊर्जा संकट के केंद्र में रही है, तो वह है होर्मुज स्ट्रेट। फारस की खाड़ी और अरब सागर को जोड़ने वाला यह जलडमरूमध्य न सिर्फ दुनिया का सबसे व्यस्ततम तेल परिवहन मार्ग है, बल्कि भू-राजनीतिक संकटों का स्थायी मंच भी बन गया है। 2025 में जब ईरान के परमाणु संयंत्रों, फोर्डो, नतांज और इस्फहान, पर अमेरिकी मिसाइल हमला हुआ, तो ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की धमकी दे डाली। ईरानी संसद ने इसे राष्ट्र की सुरक्षा का मामला बताते हुए समर्थन भी दे दिया। लेकिन क्या यह इतना आसान है? और अगर हो जाए, तो भारत समेत पूरी दुनिया पर क्या असर पड़ेगा? होर्मुज स्ट्रेट फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और फिर हिंद महासागर से जोड़ता है। इसके उत्तर में ईरान और दक्षिण में यूएई और ओमान स्थित हैं। इसकी कुल लंबाई करीब 161 किमी और सबसे संकीर्ण बिंदु पर यह मात्र 33 मील चौड़ी है। इसमें से जहाजों के लिए सुरक्षित आवागमन की चौड़ाई दोनों दिशाओं में सिर्फ 3.21 किलोमीटर है। यह जलडमरूमध्य कोई सामान्य समुद्री मार्ग नहीं है बल्कि यह दुनिया के एक चौथाई तेल और गैस का वाहक है। हर दिन लगभग 17 से 20 मिलियन बैरल कच्चा तेल इस मार्ग से गुजरता है। एलएनजी के लिए भी यह प्रमुख मार्ग है। भारत के संदर्भ में होर्मुज स्ट्रेट का महत्व अत्यधिक रणनीतिक है। भारत अपने कुल तेल आयात का 60-65% इस जलमार्ग के जरिए मंगाता है। भारत प्रतिदिन लगभग 55 लाख बैरल तेल की खपत करता है, जिसमें से करीब 15 लाख बैरल होर्मुज मार्ग से आता है। भारत का एलएनजी आयात भी बड़े पैमाने पर इसी रास्ते से होता है, लगभग 45-50%। भारत जिन देशों से सबसे ज्यादा तेल मंगाता है, सऊदी अरब, इराक, कुवैत, यूएई और ईरान, वे सभी फारस की खाड़ी के देश हैं। यानि होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की स्थिति में भारत की ऊर्जा सुरक्षा को गंभीर झटका लगेगा, तेल महंगा होगा, महंगाई बढ़ेगी और रुपये पर दबाव आएगा। 2024 में रोजाना करीब 165 लाख बैरल तेल और एलएनजी इसी मार्ग से गए। चीन, जापान, भारत, दक्षिण कोरिया जैसे एशियाई देश इस पर सबसे ज्यादा निर्भर हैं। ईरान, कुवैत, कतर, बहरीन, इराक के पास समुद्र तक पहुंच का यही एकमात्र मार्ग है। सऊदी अरब और यूएई के पास कुछ पाइपलाइन विकल्प हैं, पर वह सीमित क्षमता के हैं। अमेरिका का पांचवां बेड़ा (5इँ ऋ्रीी३) बहरीन में तैनात है, जो इस क्षेत्र की निगरानी करता है। नाटो और अन्य पश्चिमी नौसेनाएं भी होर्मुज क्षेत्र में गश्त करती रहती हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून (1982 की संयुक्त राष्ट्र समुद्री संधि) के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। इसका मतलब है कि किसी भी देश के पास इसे एकतरफा बंद करने का अधिकार नहीं है। ईरान बार-बार कहता रहा है कि ह्लअगर हम तेल नहीं बेच सकते, तो कोई नहीं बेचेगा।ह्व ईरान अपनी तेज, छोटी नौकाओं, ड्रोन, टॉरपीडो और भूमि से समुद्र में मार करने वाली मिसाइलों से आवागमन बाधित कर सकता है। समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाना, तेल टैंकरों को निशाना बनाना। ड्रोन और हेलीकॉप्टर हमले, मिसाइल से टैंकरों पर निशाना। नाविकों को बंधक बनाना, साइबर हमले और समुद्री राडार जाम करना। हालांकि, पूर्णतः बंद करना कठिन होगा, लेकिन जहाजों को डराकर, बीमा दरें बढ़ाकर, और आवागमन जोखिमपूर्ण बनाकर ईरान प्रभावी रूप से होर्मुज को आंशिक रूप से पंगु कर सकता है। अमेरिका के लिए होर्मुज की सुरक्षा मानी जाती है। 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान अमेरिका ने ऑपरेशन प्रेयिंग मंटिस चलाकर ईरानी नौसेना को पीछे हटने पर मजबूर किया था। ईरान पर और कड़े आर्थिक प्रतिबंध। युद्ध की स्थिति में ईरान का तेल निर्यात ठप। चीन और रूस की राजनयिक मुश्किलें बढ़ेंगी।

## आपातकाल का काला अध्याय : एक त्रासद स्मृति

पचास वर्ष पूर्व, 25 जून 1975 का दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण दिन था जब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश में आपातकाल की घोषणा की, जिसने देश के संविधान की आत्मा को कुचल कर रख दिया। इसके बाद देश में आपातकाल के 21 महीनों ने भारतवासियों की लोकतंत्र, सरकार और संवैधानिक विरासत की समझ को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। यह वह क्षण था जब इलोकतंत्र की जननीह कहे जाने वाले भारत को तत्कालीन तानाशाही सरकार के अविवेकपूर्ण और क्रूर निर्णय से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीमती गांधी को 1971 के लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने का दोषी ठहराते हुए उनका लोकसभा के लिए निर्वाचन अमान्य घोषित कर दिया था। इसके बाद श्रीमती गांधी के इस्तीफे की मांग बढ़ती गई और इसी बीच इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की रात तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को एक सादे कागज पर (बिना कैबिनेट की सहमति और आधिकारिक लेटरहेड के) अनुच्छेद 352 के तहत इआंतरिक अशांतिह के आधार पर देश में आपातकाल लागू करने की सिफारिश कर दी। यह देश की संवैधानिक शासन व्यवस्था पर सीधा प्रहार था। अगले दिन 26 जून 1975 को सुबह 6 बजे कैबिनेट की बैठक में यह विषय औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया गया। इस कदम से देश में कांग्रेस के तानाशाही शासन की शुरुआत हुई। जनता को संविधान से मिली आजादी रातों-रात समाप्त कर दी गई। अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संगठन बनाने और देश के भीतर आने-जाने की स्वतंत्रता एक झटके में खत्म कर दी गई। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देने वाला अनुच्छेद 21 निरर्थक हो गया। सबसे दुखद यह था कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के जिस अनुच्छेद 32-जो नागरिकों को न्यायालय जाने का अधिकार देता है- को संविधान की इआत्माह कहा था, उसे भी निरस्त कर दिया गया। आपातकाल के दमनचक्र के पहले शिकार थे विपक्षी नेता बने जिन्होंने सरकार की नीतियों का विरोध किया था। हजारों लोगों को कठोर मीसा(मेंटिनेंस ऑफ इंटरनल सेक्युरिटी एक्ट) और भारत रक्षा अधिनियम (डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट) के तहत जेल में डाला गया, इसके बाद धीरे-धीरे देश का हर नागरिक देश पर थोपे गए आपातकाल के इस काले अध्याय के घावों का अनुभव करने लगा था। इस कालखंड में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के तीन स्तंभ कहे जाने वाले कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पर अभूतपूर्व हमला हुआ। इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार के अविवेकपूर्ण निर्णयों के दंश आज भी देश की जनता के मानस पटल पर एक भयावह स्मृति के रूप में अंकित हैं। मेरे 90 वर्षीय दादा जी को उसी दौर में अपने रोजगार के काम के दौरान गायों की देखभाल करते हुए उंगली में गहरी चोट लग गई थी जिसके इलाज के लिए उन्हें बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन अस्पताल में उन्हें पता चला कि नसबंदी लक्ष्यों को पूरा करने के सरकारी दबाव के चलते डॉक्टर उन्हें जबरदस्ती नसबंदी के लिए तैयार कर रहे हैं। इस अमानवीय स्थिति को भांपते हुए मेरे दादा जी अस्पताल से भाग निकले और बिना इलाज के वापस लौट गए। इस प्रकार जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले अस्पताल भयावह कष्ट देने वाले केन्द्र के रूप में बदल गए थे। हालांकि वे बच गए, लेकिन उस भयावह अनुभव ने पूरे समुदाय को गहरे डर और सदमे से भर दिया था। दुर्भाग्यवश 1975 से 1977 के बीच एक करोड़ से अधिक लोगों की जबरन नसबंदी करा दी गई- यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे शर्मनाक अध्याय बन गया। उस काले दौर में प्रशासनिक तंत्र के दुरुपयोग केवल एक परिवार के हित में किस हद तक किया गया, इसका सबसे बड़ा उदाहरण 24 मार्च 1976 को संजय गांधी की बीकानेर यात्रा थी। न तो उनके पास कोई संवैधानिक पद था, न ही वे राजकीय अतिथि थे, फिर भी उनके स्वागत में सरकारी संसाधनों की खुलकर बर्बादी की गई। उस समय मैं डाक एवं तार विभाग में टेलीफोन ऑपरेटर था और मुझे यह जानकर घोर आश्चर्य हुआ कि रैली में विशिष्ट लोगों के लिए बनाए गए मंच के नीचे अस्थायी टेलीफोन कनेक्शन लगाने के आदेश दिए गए-जबकि ऐसी व्यवस्था केवल प्रधानमंत्री के लिए की जाती है। यह घटना सरकारी तंत्र पर संजय गांधी के न केवल अनुचित प्रभाव को दर्शाती है, बल्कि यह बताती है कि कैसे तत्कालीन सरकारी तंत्र को व्यक्तिगत और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हेतु काम करने के लिए विवश कर दिया गया था।

# क्या भारत सिंधु जल समझौता रद्द करने वाला है

**इस समझौते को निलंबित करने से पाकिस्तान बहुत परेशान है इसलिए उसके नेताओं के बयान आ रहे हैं कि अगर भारत ने पाकिस्तान की नदियों का पानी रोका तो पाकिस्तान युद्ध के लिए मजबूर हो जायेगा। भारत सरकार ने पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद पर लगाम नहीं लगाई जाती, तब तक इस समझौते पर कोई बात नहीं होगी। पाकिस्तान सिंधु जल समझौते को बहाल करने के लिए विभिन्न देशों से गुहार लगा रहा है लेकिन भारत इस मुद्दे पर किसी की सुनने को तैयार नहीं है। अमेरिका और चीन भी इस मुद्दे पर पाकिस्तान के किसी काम नहीं आ रहे हैं। शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह ने बयान दिया है कि भारत सिंधु जल समझौते का निलंबन अब वापिस नहीं लेगा। उन्होंने इशारा कर दिया है कि भारत इस समझौते को हमेशा के लिए रद्द करने जा रहा है। इससे पूरा पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान के नेता बिलावल भुट्टो ने बयान दिया है कि अगर भारत पाकिस्तान को पानी नहीं देता है तो पाकिस्तान भारत से जंग करेगा और तीन नहीं बल्कि छह नदियों का पानी हासिल कर लेगा।**





राजेश कुमार पासी

लेखक

बार-बार मोदी सरकार की तरफ से यह बयान आता रहता है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है, सिर्फ उसे रोका गया है। सवाल यह है कि बार-बार मोदी सरकार के मंत्री और नेता ऐसा बयान क्यों दे रहे हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु जल समझौता निलंबित करना भी ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा है और ये लगातार जारी है। इस समझौते को निलंबित करने से पाकिस्तान बहुत परेशान है इसलिए उसके नेताओं के बयान आ रहे हैं कि अगर भारत ने पाकिस्तान की नदियों का पानी रोका तो पाकिस्तान युद्ध के लिए मजबूर हो जायेगा। भारत सरकार ने पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद पर लगाम नहीं लगाई जाती, तब तक इस समझौते पर कोई बात नहीं होगी। पाकिस्तान सिंधु जल समझौते को बहाल करने के लिए विभिन्न देशों से गुहार लगा रहा है लेकिन भारत इस मुद्दे पर किसी की सुनने को तैयार नहीं है। अमेरिका और चीन भी इस मुद्दे पर पाकिस्तान के किसी काम नहीं आ रहे हैं। शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह ने बयान दिया है कि भारत सिंधु जल समझौते का निलंबन अब वापिस नहीं लेगा। उन्होंने इशारा कर दिया है कि भारत इस समझौते को हमेशा के लिए रद्द करने जा रहा है। इससे पूरा पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान के नेता बिलावल भुट्टो ने बयान दिया है कि अगर भारत पाकिस्तान को पानी नहीं देता है तो पाकिस्तान भारत से जंग करेगा और तीन नहीं बल्कि छह नदियों का पानी हासिल कर लेगा। सिंधु जल समझौता विश्व बैंक की मध्यस्थता से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर किया गया था। 19 सितम्बर 1960 को कराची में प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। इस समझौते के तहत सिंधु नदी और उसकी पांच सहायक नदियों सतलुज, ब्यास, रावी, झेलम और चिनाब के पानी को लेकर दोनों देशों ने एक व्यवस्था तैयार की थी। इस समझौते के तहत दोनों देशों ने आपसी सहयोग और सूचना का आदान-प्रदान करने की बात कही थी। इस समझौते के अनुसार सतलुज, ब्यास और रावी का पानी भारत को आवंटित कर दिया गया था और पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चिनाब नदी का 80 प्रतिशत पानी आवंटित किया गया था। देखा जाये तो यह समझौता पूरी तरह से पाकिस्तान के पक्ष में था और भारत को इसका बड़ा नुकसान हुआ। वास्तव में भारत को जिन नदियों का पानी दिया गया उनका पाकिस्तान से कोई सम्बन्ध नहीं था। भारत में ही बहने वाली नदियों का पानी भारत को इस्तेमाल करने के लिए किसी समझौते की जरूरत नहीं थी। जो नदियां भारत की थी, उनका इस्तेमाल तो भारत को ही करना था। समझौता मुख्य रूप से सिंधु, झेलम और चिनाब नदी को लेकर किया गया था। सवाल यह है कि जिन नदियों पर भारत-पाकिस्तान का सांझा अधिकार था, वहां भारत के अधिकार की अनदेखी करते हुए तत्कालीन नेहरू सरकार ने 80 प्रतिशत पानी को पाकिस्तान के हवाले क्यों कर दिया। जब यह समझौता किया गया तो भारत में इसका जबरदस्त विरोध हुआ था लेकिन नेहरू जी ने किसी की नहीं सुनी। वास्तव में नेहरू जी चाहते थे कि पड़ोसी देश होने के कारण पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध बने रहे, इसलिए उन्होंने यह समझौता किया। वो शायद सोच रहे थे कि पाकिस्तान को फायदा पहुंचा कर उसे खुश कर देंगे और वो भारत के साथ बेहतर संबंध रखेगा। यही सोच उनकी चीन को लेकर भी थी. उसे उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट थाली में सजाकर दे दी थी। जब अमेरिका द्वारा यह सीट भारत को देने की पेशकश की गई तो उन्होंने चीन को इसके लिए ज्यादा योग्य माना और उसके लिए सिफारिश कर दी। आज भारत इस सीट को पाने के लिए गली-गली भटक रहा है। चीन को खुश करने के लिए ही नेहरू जी ने उसे तिब्बत पर कब्जा करने दिया ताकि वो खुश रहे लेकिन उस चीन ने भारत पर आक्रमण करके भारत की जमीन पर भी कब्जा कर लिया। ऐसे ही सिंधु जल समझौते के तहत भारत ने सांझी नदियों का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दे दिया। हैरानी की बात यह है कि भारत ने अपने हिस्से का 20 प्रतिशत पानी भी पाकिस्तान की तरफ जाने दिया। इसके बावजूद पाकिस्तान ने समझौता होने के बाद भारत पर तीन बार युद्ध थोप दिया है। इसके अलावा पाकिस्तान पिछले 45 सालों से भारत को आतंकवाद की आग में जला रहा है। पंजाब में ऐसी आग लगाई कि वो भारत से अलग होते-होते बचा। पाकिस्तान की लगाई आग में जम्मू-कश्मीर अभी तक जल रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान भारत के शत्रु राष्ट्रों के साथ मिलकर नई-नई साजिशें करता रहता है। हम अपनी तरफ से इस समझौते का पूरा पालन करते आ रहे हैं लेकिन पाकिस्तान ने इस समझौते का कभी पालन नहीं किया। इस समझौते का आधार ही यही था कि दोनों देश आपस में प्रेम पूर्वक रहेंगे। पाकिस्तान ने इन नदियों के पानी पर अपना पूरा हक मान लिया है इसलिए उसे लगता है कि वो कुछ भी करता रहे, भारत इस समझौते से पीछे हटने वाला नहीं है। इसकी वजह शायद यह है कि तीन युद्धों के अलावा उसके द्वारा फैलाये जा रहे आतंकवाद को अनदेखा करते हुए हम इस समझौते का पालन पूरी ईमानदारी से करते आ रहे हैं। एक सच यह भी है कि इतना पुराना समझौता दो देशों के बीच नहीं टिकता. 65 साल बाद इस समझौते पर दोबारा विचार करने की जरूरत तो वैसे भी महसूस की जा रही थी। मोदी सरकार पाकिस्तान को इस बारे में कई बा 2014 के बाद मोदी सरकार के सत्ता में आने से माहौल बदल गया है। 2016 में उरी में आतंकवादी हमले के बाद ही मोदी जी ने पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी कि अगर पाकिस्तान नहीं संभला तो इस समझौते पर भारत सरकार पुनर्विचार कर सकती है। मोदी सरकार अच्छी तरह जानती थी कि इस समझौते का ज्यादा दिनों तक पालन करना संभव नहीं है, इसलिए इन नदियों का पानी भारत लाने की तैयारी 2016 के बाद से ही शुरू कर दी गई थी। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले एक दिन बाद भारत सरकार ने इस समझौते को निलंबित करने का ऐलान कर दिया था और अभी तक उस पर कायम है। पाकिस्तान को लगा कि भारत के पास पानी रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए वो चुप रहा। अब उसे धीरे-धीरे पता चल गया है कि भारत इस समझौते को रद्द करके उसे बर्बाद करने की पूरी तैयारी कर चुका है। बेशक हमारे पास आज पानी को रोकने की पूरी व्यवस्था नहीं है लेकिन हम पानी को रोक कर अपनी मर्जी से पाकिस्तान में भेज सकते हैं। हम पाकिस्तान को तब पानी नहीं देंगे जब उसको जरूरत होगी और जब देंगे तो इतना देंगे कि वहां बाढ़ आ जाएगी।

# लैंगिक समानता की राह में भारत की गिरावट: एक चिंताजनक संकेत

**यह न केवल दो पायदान की गिरावट है, बल्कि भारत की विकास यात्रा में छुपी उस असमानता का पदार्फाश भी करती है जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। जब पूरी दुनिया लैंगिक असमानता को घटाने में धीमी किंतु स्थिर प्रगति कर रही है, तब भारत का पिछड़ना केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि नीति, सोच और संस्थागत व्यवस्था की विफलता का प्रतिबिंब है। वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स), जिसे 2006 में शुरू किया गया था, चार प्रमुख क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता को मापता है—आर्थिक भागीदारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीतिक सशक्तिकरण। भारत का कुल स्कोर 64.1% है, जो वैश्विक औसत 68.5% से काफी कम है। यही नहीं, दक्षिण एशिया में भी भारत बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में भारत ने मामूली सुधार किया है, लेकिन महिलाओं की श्रम भागीदारी दर अभी भी 45.9% पर अटकी हुई है।**





प्रियंका सौरभ

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) की वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट 2024 में भारत को 148 देशों में 131वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। यह न केवल दो पायदान की गिरावट है, बल्कि भारत की विकास यात्रा में छुपी उस असमानता का पदार्फाश भी करती है जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। जब पूरी दुनिया लैंगिक असमानता को घटाने में धीमी किंतु स्थिर प्रगति कर रही है, तब भारत का पिछड़ना केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि नीति, सोच और संस्थागत व्यवस्था की विफलता का प्रतिबिंब है। वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स), जिसे 2006 में शुरू किया गया था, चार प्रमुख क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता को मापता है—आर्थिक भागीदारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीतिक सशक्तिकरण। भारत का कुल स्कोर 64.1% है, जो वैश्विक औसत 68.5% से काफी कम है। यही नहीं, दक्षिण एशिया में भी भारत बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में भारत ने मामूली सुधार किया है, लेकिन महिलाओं की श्रम भागीदारी दर अभी भी 45.9% पर अटकी हुई है। महिलाएँ मुख्यतः देखभाल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कम वेतन वाले क्षेत्रों में केंद्रित हैं। घरेलू और अवैतनिक श्रम, जो देश की असंगठित अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, अभी तक किसी राष्ट्रीय लेखांकन में शामिल नहीं किया गया है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में समान कार्य के लिए 20झ30% कम वेतन प्राप्त होता है। यह आर्थिक असमानता केवल आँकड़ों की नहीं, सोच की समस्या है। शिक्षा के क्षेत्र में कुछ प्रगति तो हुई है, परंतु महिला साक्षरता दर अभी भी लगभग 70% है, जो वैश्विक औसत 87% से बहुत कम है। उच्च शिक्षा, विशेषकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी इलाकों और निम्नवर्गीय परिवारों की लड़कियों को शिक्षा से वंचित करने वाली सामाजिक बाधाएँ—जैसे बाल विवाह, रुढ़िवादी सोच और विद्यालयों की दूरी—अब भी मौजूद हैं। स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा के पैमाने पर भी भारत पिछड़ा हुआ है। जन्म के समय लिंग अनुपात अब भी 929 लड़कियाँ प्रति 1000 लड़कों के आसपास है। मातृत्व से जुड़ी समस्याएँ, कुपोषण, रक्ताल्पता (एनीमिया), और प्रसवकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। घर की चारदीवारी में महिलाओं की सेहत को प्राथमिकता न मिलना हमारी पारिवारिक व्यवस्था की कमजोरी है। राजनीतिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भारत की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व घटकर 13.8% रह गया है और केंद्रीय मंत्रिमंडल में केवल 5.6% महिलाएँ हैं। यह तब और विडंबनापूर्ण हो जाता है जब हम जानते हैं कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 पारित हो चुका है, परंतु जनगणना और निर्वाचन क्षेत्र पुनःनिर्धारण की प्रक्रिया के विलंब के कारण उसका क्रियान्वयन अटका हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि केवल कानून पारित करना पर्याप्त नहीं, उन्हें लागू करने की इच्छाशक्ति भी आवश्यक है। भारत को अपने पड़ोसी देशों से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। बांग्लादेश जैसे देश ने सूक्ष्म वित्त, महिला शिक्षा प्रोत्साहन, और निरंतर राजनीतिक भागीदारी जैसे उपायों से सकारात्मक सुधार किए हैं। नेपाल में संविधान द्वारा स्थानीय निकायों में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई निम्न आय वाले देशों ने धनी देशों की तुलना में लैंगिक समानता में अधिक तेजी से प्रगति की है, जो यह दशार्ता है कि बदलाव के लिए धन नहीं, दृढ़ नीयत चाहिए। लैंगिक समानता केवल एक सामाजिक उद्देश्य नहीं, भारत की आर्थिक प्रगति के लिए भी अनिवार्य है। मैकिंजी ग्लोबल संस्थान का अनुमान है कि यदि भारत कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाता है, तो 2025 तक अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 700 अरब डॉलर तक की वृद्धि कर सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और शासन में महिलाओं की भागीदारी से सामाजिक परिणाम भी अधिक न्यायसंगत और समावेशी होते हैं। भारत की जनसांख्यिकीय क्षमता तभी सार्थक होगी, जब उसमें महिलाओं की पूरी और समान भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। किन्तु चुनौतियाँ गहरी हैं। पितृसत्तात्मक सामाजिक मूल्य, कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए सुरक्षा की कमी, डिजिटल उपकरणों तक सीमित पहुँच और नीतियों के क्रियान्वयन में ढिलाई—ये सभी मिलकर लैंगिक असमानता को टिकाऊ बना रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारत केवल योजना बनाने तक सीमित न रहे, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारे। महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने हेतु जनगणना और निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। घरेलू और अवैतनिक श्रम को राष्ट्रीय आर्थिक लेखा-जोखा में शामिल कर उसे सम्मान और सामाजिक सुरक्षा दी जानी चाहिए। महिलाओं के लिए लचीले और सुरक्षित कार्यस्थलों की व्यवस्था की जाए, विशेषकर ग्रामीण एवं अर्ध-नगरीय क्षेत्रों में। निजी क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों में महिला निदेशक की अनिवार्यता हो। विज्ञान, राजनीति और उद्यमिता में महिलाओं के लिए परामर्श (मेंटॉरशिप) कार्यक्रम चलाए जाएँ। डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए महिलाओं को सस्ते मोबाइल व इंटरनेट सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ, और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों को पंचायत स्तर तक पहुँचाया जाए। हर योजना और सर्वेक्षण में लैंगिक रूप से अलग आँकड़े संकलित करना अनिवार्य हो ताकि राज्य और जिले स्तर पर प्रगति की निगरानी की जा सके और नीति निर्माण अधिक लक्षित हो सके।

# हमारा युद्धविराम, उनका युद्धविराम

आज खोमेनेई के साथ ट्रंप का नेतृत्व भी चचाओं में है। हालांकि दोनों एक-दूसरे को सख्त नापंसद करते है। फि पर दोनों की हिम्मत की चर्चा है। ऐसे ही यूक्रेन के जेलेन्स्की और रूस के पुतिन भी अपने देश हित, अपनी शर्तों पर लगातार लड़ते हुए है। दोनों ट्रंप के सामने अपनी बात दबंगी से बोलते हैं। मगर हमारे यहां सेना की बढ़त थी तो अचानक ट्रंप द्वारा घोषित सीजफायर को तुरंत मान लिया गया। दुनिया ने जाना देखा कि युद्धविराम पाकिस्तान के फायदे के लिए था। हर समय एक विशिष्ट पैमाना होता है काल का। वह क्या-कैसा होगा, यह कोई तय नहीं कर सकता। वह अचानक ही समय के गर्भ से प्रस्फुटित होता है। और फिर दुनिया समय के उसी पैमाने पर व्यक्ति को आंकती है। इस समय सारी दुनिया नेतृत्व के भंवर में है। हर जगह चर्चा है कि नेतृत्व ऐसा होना चाहिए या वैसा होना चाहिए! जाहिर है कि इस सप्ताह के घटनाक्रम में पहला नाम ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई का है। जिन्होंने इजराईल और अमेरिका को संघर्ष विराम पर मजबूर कर दिया। नहीं तो यह दोनों ईरान को तहस नहस करने, अली खामेनेई को जान से मारने की बातें कर रहे थे। दुनिया का एक बड़ा हिस्सा भी खामेनेई को खलनायक की तरह पेश कर रहा था। मगर उन्होंने इतनी बहादुरी से लड़ा, अपनी सेना की ताकत से दस गुना बेहतर प्रदर्शन किया कि जो लोग उनका मजाक उड़ा रहे थे, हल्के में आंक रहे थे आज वे भी उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। कामयाबी सही और गलत की सारी धारणाएं बदल देती है। इसको इस तरह देखें कि नेतृत्व के पैमाने पर खामेनेई का नाम तो सबसे उपर आ ही रहा है। मगर आप अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आत्मविश्वासी नेतृत्व को भी नहीं नकार सकते। फिर वही बात कि सही और गलत का फैसला अपने अपने संदर्भों में होता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने डेढ़ महीने के अंदर दो बड़े युद्ध विरामों की घोषणा की। पहले भारत-पाक के बीच और अब ईरान-इजराइल के बीच। और यह दूसरी तो बड़ी गाली देते हुए धमकी के साथ। अब इन युद्धविरामों के फायदे नुकसान हर देश के हिसाब से अलग अलग हैं। मगर ट्रंप में वह ताकत थी कि खुद युद्ध विरामों की घोषणा कर सकते थे तो किया। नेतृत्व की यही पहचान होती। तो खोमेनेई के साथ ट्रंप का नेतृत्व भी आज चचाओं में है। और आप एक जबरदस्त विरोधाभास देखिए कि दोनों एक दूसरे को सख्त नापंसद करने वाले। दो विपरीत ध्रुव मगर दोनों छा गए। और एक दूसरा उदाहरण दे रहे हैं। यहां भी नेतृत्व की मजबूती देखिए। यूक्रेन के जेलेन्स्की और रूस के पुतिन की। करीब साढ़े तीन साल हो गए दोनों को लड़ते हुए। ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता में आने के बाद सबसे पहले इन दोनों के बीच ही युद्ध विराम करवाने की कोशिश की। मगर जैसा ईरान ने किया है वैसे ही यह दोनों भी अपने समय और शर्तों पर चाहते हैं। अपने अपने देश के हित दोनों के सामने हैं और उसके लिए ट्रंप के सामने दबंगी से बोलते हैं। जेलेन्स्की की वह वीडियो तो वायरल है जिसमें वे ट्रंप और वहां के उप-राष्ट्रपति वेन्स के साथ तीखी बहस कर रहे हैं। और साफ कह रहे हैं कि वे युद्ध विराम को नहीं मानेंगे। फिर वही बात सही और गलत का फैसला बाद में इस आधार पर होगा कि कि युक्रेन ने उस दिन समझौता न करके क्या उससे ज्यादा कुछ हासिल किया। लेकिन तीन महीने पहले उस दिन दिन अमेरिकी राष्ट्रपति के दफ्तर ओवल आफिस में जिस तरह जेलेन्स्की ने अपने देश का पक्ष रखा उससे वे मजबूत नेता के तौर पर उभर कर सामने आ गए। जहां तक पुतिन का सवाल है तो वह अमेरिका के खिलाफ इस समय सबसे बड़ी ताकत बने हुए हैं। उनका मजबूत नेतृत्व ही है कि सारे नाटो देशों का ताकत के सामने वह अकेले लड़ रहे हैं। तो आपने देखा कि अपने अपने देश के हितों के लिए व्यक्तिगत छवि की कोई परवाह किए बिना इन नेताओं ने काम किया। और अपने अपने देश में इज्जत कमाने के साथ अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी नाम किया। लेकिन सब नेता ऐसा नहीं कर पाते हैं। हमारे यहां जब सेना बढ़त पर थी तो अचानक ट्रंप द्वारा घोषित सीजफायर स्वीकार कर लिया। पूरे देश में निराशा का माहौल छा गया। यहां यह समझना जरूरी है कि सीजफायर पाकिस्तान को तो सूट करता था। उसकी सेना हमारी सेना का मुकाबला नहीं कर सकती थी। अगर 10 मई को शाम पांच बजे ट्रंप की घोषणा के मुताबिक युद्ध विराम नहीं होता तो पाकिस्तान को बहुत नुकसान हो जाता। युद्ध विराम पाकिस्तान के फायदे के लिए था। उसने इसके लिए ट्रंप का धन्यवाद किया। नोबल शांति पुरस्कार के लिए उनका नाम प्रस्तावित किया। उनके आर्मी चीफ आसीम मुनीर जो बड़ी हार के बाद पाकिस्तान में खलनायक बन जाते प्रमोशन पाकर फील्ड मार्शल बन गए। राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें लंच के लिए न्यौता दिया। कितने आश्चर्य दुःख की बात है कि कहां सेनाध्यक्ष का लंच और कहां हमारे प्रधानमंत्री पब्लिक मीटिंग में कह रहे हैं कि मुझे भी खाने पर बुलाया था। उसके समकक्ष खुद को रखना देश का अपमान है। ट्रंप ने हमारे सेनाध्यक्ष को बुलाया होता समझ में आता। मगर प्रधानमंत्री ने क्या किया क्या बोल रहे हैं किसी की समझ में नहीं आ रहा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण को लेकर जिले के राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव को भारत निर्वाचन आयोग के अद्यतन दिशा-निर्देश से अवगत कराया। राजनैतिक दलों के साथ आयोग द्वारा दिनांक 24.06.2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का विस्तृत कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा करते हुए अद्यतन जानकारी दी गयी।

BLO को मौजूदा मतदाताओं के लिए पहले से मुद्रित विवरण वाले फॉर्म की दो प्रतियां दी जाएंगी, जो H2H विजिट कर सभी को उपलब्ध कराया जायेगा। इछड प्रत्येक घर का दौरा करेंगे और मौजूद मतदाताओं को पहले से मुद्रित विवरण वाले फॉर्म की दो प्रतियां वितरित करेंगे, और उन्हें फॉर्म भरने में मार्गदर्शन भी देंगे।

की घोषणा के साथ साक्ष्य के रूप में दी जाने वाली दस्तावेजों की सांकेतिक सूची : अगर किसी मतदाता का नाम अर्हता तिथि 01.01.2003 के आधार पर निर्मित मतदाता सूची में दर्ज है तो साक्ष्य के रूप में उस मतदाता सूची की प्रति मान्य होगी। उन्हें किसी और दस्तावेज का आवश्यक नहीं होगी।

# झोलाछाप डॉक्टरों ने जच्चे बच्चे की ली जान परिजनों ने जमकर की तोड़फोड़

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा में एक बार फिर दिल दहला देने वाली बड़ी घटना सामने आई है। टाउन थाना क्षेत्र के चखनी रजवटिया पंचायत के वार्ड नंबर 3 स्थित चखनी छतरौल में अवैध रूप से संचालित एक क्लिनिक में सीजेरियन ऑपरेशन के दौरान जच्चा बच्चा कि तड़प तड़प कर मौत हो गई है। दरअसल प्रसव पीड़िता को गंभीर हालत में अनुमंडल अस्पताल से जीएमसीएच बेतिया के लिए रेफर किया गया था लेकिन आशा और ममता के चुंगल में फंसकर प्रसव पीड़िता को नीम हकीम के पास पहुंचा दिया गया। आरोप है कि झोलाछाप चिकित्सक मनोज यादव और तथाकथित सर्जन प्रवीण तिवारी नें ऑपरेशन किया जिसके बाद महिला और नवजात की मौत हो गई। इस हादसे के पीछे का चेहरा चौंका देने वाला है। जो डॉक्टर बना बैठा था, वह असल में एक यूट्यूबर और झोलाछाप चिकित्सक है चैंबर से परिस्करीप्शन पैड बरामद किया गया है । जबकि प्रवीण तिवारी चैंबर छोड़ फरार हो गया है लेकिन झोलाछाप मनोज यादव को पकड़कर परिजनों नें पुलिस के हवाले कर दिया है। बताया जा रहा है कि मानक से हटकर कच्चा मकान में अवैध अस्पताल चल रहा था जिसमें ऑपरेशन थिएटर बनाकर बेतर्तिब ढंग से ऑपरेशन का खेल चल रहा था। जानकारी के मुताबिक प्रवीण तिवारी और मनोज यादव कि जोड़ी नें पहले भी कई मरीजों को मौत के घाट उतार दिया है। हैरत की बात है कि बगहा 01 पीएचसी और अनुमंडल अस्पताल के बिचोबीच ऐसे कई झोलाछाप मरीजों के जान माल से सरेआम खिलवाड़ कर रहें हैं लेकिन प्रशासन चुप्पी साधे अनदेखी कर रहा है जबकि आशा और ममता कि इस गोरख धंधे में कमीशन के खेल में लोग बेमौत मर रहें हैं। बतादें कि गिरफ्तार आरोपी मनोज यादव कोई पंजीकृत डॉक्टर नहीं है, उसके पास कोई चिकित्सक कि भी डिग्री नहीं है। वह ह्लनमस्ते इंडियाह्व नामक यूट्यूब चैनल चलाता था, जिसपर वह खुद को पत्रकार बताकर वीडियो बनाता था। लेकिन सच्चाई यह है कि वह बिना किसी मेडिकल डिग्री के सीजेरियन जैसे गंभीर ऑपरेशन का खेल कर रहा था।घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने अवैध क्लीनिक पहुंचकर जमकर तोड़फोड़ की ।थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया है कि फर्जी डॉक्टर के खिलाफ हत्या और लापरवाही समेत कई गम्भीर मामले में केस दर्ज कर कर्यवाई कि जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिकल क्लिनिक से तक्षक नाग का रेस्क्यू घने जंगल मे सुरक्षित छोड़ा गया



बगहा। वीटीआर के रिहायशी इलाके में जंगली जीवजंतुओं के निकल आने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।कहीं मगरमच्छ तो कहीं जंगली सांपों के रिहायशी क्षेत्रो से वनकर्मियों के द्वारा रेस्क्यू की खबरें बराबर आ रही है। वीटीआर से सटे बगहा वाल्मीकिनगर स्थित मेन सड़क टंकी बाजार के अपोलो क्लीनिक से तक्षक नाग सांप का रेस्क्यू वनकर्मियों द्वारा किया गया है रेंजर श्रीनिवासन नवीन में बताया कि अपोलो क्लीनिक के डॉक्टर के कक्ष के बगल के अर्धनिर्मित ईंटों की दीवार के दरार में तक्षक नाग को रेंगते हुए क्लीनिक के स्टाफों के द्वारा देखा गया और वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई। सूचना प्राप्त होते ही रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंचकर तक्षक नाग का रेस्क्यू कर लिया ।बतादें की भेरियानी गांव स्थित निवासी अशोक झा के घर से एक विशालकाय सांप का दो दिन पहले रेस्क्यू किया गया तो वहीं लवकुश घाट गांव से भी कोबरा सांप के रेस्क्यू की खबर आई है।

### भूतपूर्व सैनिकों की पहचान को लेपैनल अधिवक्ता व पारा विधिक स्वयं सेवकों को सूचीबद्ध किया जाएगा

छपरा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए समर्पित योजना की तैयारी प्रक्रियाधीन है। इस पहल के तहत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में कानूनी जागरूकता, सामुदायिक जागरूकता पहुँच और कानूनी सेवाओं में सहायता के लिए भूतपूर्व सैनिकों की पहचान कर उन्हें पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक के रूप में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। इस आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार सारण छपरा के सचिव ने दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जो पारा विधिक स्वयं के रूप में सूचीबद्ध होना चाहते हैं, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय सारण छपरा के कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। और इससे संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र आगामी 2 जुलाई 25 तक दे सकते हैं।

### निजी जमीन पर बन रहा सरकारी रोड, जमीन मालिक ने सी ओ को दिया आवेदन

छपरा सदर। निजी जमीन पर सरकारी सड़क बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें जमीन मालिक ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर इस कार्य को रोकने का निवेदन किया है बताते चले कि एकमा प्रखंड के रामपुर बिंदा लाल के स्वर्गीय ललन प्रसाद सिंह के पुत्र राजेश कुमार सिन्हा ने एकमां के अंचल अधिकारी को आवेदन देते हुए लिखा है कि मेरे जमीन जिसका खाता नंबर-1664, 1665 मेरा निजी जमीन है यह जमीन मेरे दादा स्वर्गीय राजेश्वरी प्रसाद के नाम से खतियान में दर्ज है। वर्तमान में उक्त स्थल पर मेरे द्वारा दुकान बनवाया गया है। जिसके पूर्व हिस्से में तीन फीट मेरा निजी जमीन दुकान के रख रखाव निमित्त छोड़ा गया है, परन्तु मेरे निजी जमीन पर सरकारी रोड का कार्य जबरन किया जा रहा है। मैं अभी गाँव में निवास नहीं करता हूं। जब मुझे इसकी जान कारी हुई तो मेरे द्वारा आपत्ति व्यक्त करने के बावजूद कार्य अबाध गति से चल रहा है। स्थानीय जन प्रतिनिधि को इस निर्माण में वस्तुस्थिति अवगत कराने पर धौंस दिखाया गया है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि मेरे जमीन को सरकारी अतिक्रमण से मुक्त कराने की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई की जाय।

# नगरा की समीना नाज बनीं भवन निर्माण विभाग में सहायक वास्तुविद

**दृढ निश्चय और ईमानदारी से मेहनत किया जाए तो सफलता चूमती है कदम**

प्रात : किरण संवाददाता



चपरा कार्यालय। दृढ निश्चय, साहस और मेहनत की बदौलत इंसान अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है. कुछ ऐसा ही कर दिखाया है नगरा निवासी रेयाजुल हक अंसारी की बेटी समीना नाज ने. उन्हें बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक वास्तुविद के पद पर सफलता मिली है. समीना को 25 जून को पटना के देशरत्न मार्ग स्थित संवाद हॉल में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा योगदान पत्र प्रदान किया गया. इस मौके पर उपमुख्यमंत्री समाट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा के साथ संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और भवन निर्माण मंत्री जयंत राज भी मौजूद थे. समीना ने यह सफलता हासिल कर अपने परिवार, समाज और जिले का नाम रौशन किया है. उन्हें यह सफलता अपने पहले प्रयास में ही मिली है. इंजिनियरिंग सेवा में जाने की प्रेरणा अपने पिता एवं सेवानिवृत इंजीनियर बड़े अब्बू सेराजुल हक से मिली है. समीना ने केन्द्रीय विद्यालय छपरा से अपनी प्रांरभिक शिक्षा पूरी की और बीआईटी मेसरा से बी-आर्क किया. बीपीएससी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में परचम लहराकर समीना ने अपने दादा स्व अब्दुस समद अंसारी के साथ मां साबरा खातून का सपना साकार किया है.

# गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में 777 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद तस्कर कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा में पुलिस नें गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 777 लीटर अंग्रेजी शराब कि बड़ी खेप बरामद किया है वहीं मौके से शराब तस्कर और कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है जिसके बाद शराब माफियाओं में हड़कंप मचा है ।दरअसल बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है इसके बावजूद सीमावर्ती यूपी से लाकर भारी मात्रा में विदेशी शराब स्टॉक किया गया था जिसे कुरियर के जरिये होम डिलीवरी का गोरखधंधा परवान चढ़ रहा था इसी बीच बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रामनगर एसडीपीओ दिव्यांजलि के नेतृत्व में विशेष टीम नें कार्रवाई करते हुए बथवरिया थाना क्षेत्र स्थित वीरती गाँव में अनील यादव के घर से अवैध शराब कि बरामदगी किया है ।बताया जा रहा है की विदेशी शराब के कई प्रकार की खेप का स्टॉक कर उसे महंगे दरों पर पियक्कड़ो तक होम डिलीवरी किया जा रहा था इसी बीच पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना मिली लिहाजा एसपी नें लेडी सिंघम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर गाँव की नाकेबंदी करवाई और सघन छापेमारी कर तलाशी ली गई इसी दौरान लाखों के अवैध शराब जब्त किये गए जबकि कारोबारी को भी गिरफ्तार करने में पुलिस कामयाब रही। बतादें की बिहार में इसी साल महज कुछ महिनों के भीतर विधानसभा चुनाव होनें हैं लिहाजा चुनाव पूर्व नेपाल और उतर प्रदेश की सीमा पर स्थित बगहा पुलिस शराब कारोबारियों की तलाश में शिद्दत से जुटी है वहीं कई शराब तस्करों की पहचान कर उनके विरुद्ध नामजद केस दर्ज करने के साथ गिरफ़्तारी समेत स्पीडी ट्रायल चलवाकर सजा दिलाने की कवायद में एसपी सुशांत कुमार सरोज नें कमर कस लिया है. रढ नें दावा किया है की बगहा जिले में सैकड़ों मामले दर्ज कर सैकड़ों वाहन और लाखों के शराब जब्त किये गए हैं वहीं सैकड़ों लोगों की गिरफ़्तारी भी सुनिश्चित की गई है यह महज 6 महीने के भीतर का आकड़ा है जब पुलिस विभिन्न नाका और पोस्ट समेत नदी, जंगल और पहाड़ी रास्तों पर भी पहरेदारी कर नशे के सौदागरों को सलाखों तक पहुंचाने में 24 घंटे अभियान चला रही है।

# अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों ने लिया शपथ




छपरा कोर्ट ।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर नशीली दवावों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी को लेकर न्यायिक पदाधिकारियो सहित न्यायिक कर्मचारियों ने शपथ लिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार छपरा पुनीत कुमार गर्ग ने नशीली दवावों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर शपथ समारोह का आयोजन टेन कोर्ट बिल्डिंग में किया गया। शपथ समारोह में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश दीपक कुमार सहित सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जिला सेवा विधिक प्राधिकार के सचिव ब्रजेश कुमार सहित सभी अपर न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी मुख्य न्याय रक्षक पूर्णेन्दु रंजन सहित न्यायालय कर्मी उपस्थित थे ।शपथ ग्रहण के दौरान प्रधान जिला जज ने शपथ दिलवाया कि कभी नशीली दवावों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी को नहीं करूंगा अपने परिजनों एवं परिचितों को भी नशीली दावों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। अपने कार्यालय परिसर को नशीली दवा और अवैध तस्करी से मुक्त रखूंगा और अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित करूंगा। प्रधान जिला जज ने कहा कि 7 दिसंबर 1987 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पारित कर प्रत्येक 26 जनर को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था।

# नशा करने से व्यक्ति का विकास अवरुद्ध होता है-थानाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता




चपरा कार्यालय। अंचल के मानूपुर पंचायत अधीन उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईशुपुर में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ दिवस पर दिघवारा पुलिस के तत्वाधान में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली विद्यार्थियों को नशामुक्ति को लेकर जागरूक किया गया ।थानाध्यक्ष डॉ रितेश कुमार मिश्रा ने कहा कि नशा नाश की जड़ है और नशा करने से व्यक्ति का विकास अवरुद्ध होता है ।नशा के विभिन्न तरीकों का सेवन करने से शारीरिक कष्ट में भी वृद्धि होती है ।ऐसे में हर किसी को नशा उन्मूलन के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए ।श्री मिश्रा ने कहा कि बिहार सरकार ने पूरे प्रदेश में शराबबंदी को लागू कर एक उत्कृष्ट कार्य किया है और इसका सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है ।उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया और लोगों को भी नशा से नाता तोड़ने व इससे साथ न जोड़ने का भी शपथ दिलवाया ।शिक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा नशामुक्ति के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करने का जो प्रयास किया गया है वह अनुकरणीय व प्रशंसनीय दोनों है ।हर व्यक्ति को समाज से नशा का उन्मूलन करने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए ।एचएम अनिल कुमार सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत कर विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति को लेकर अपना विचार व्यक्त किया ।कार्यक्रम के दौरान कुमारी शशिनिभा, पुष्पलता कुमारी, ममता शर्मा, कुमारी रहमत फातिमा, पुतुल कुमारी, नूतन, सरिता सिंह, मिलन सिंह, कुमारी छाया सिंह, शिवानी, जूही परवीन आदि शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### विधि प्रकोष्ठ ने जेपी सेनानियों को किया सम्मानित

छपरा कोर्ट। जिला विधि मंडल छपरा में आपातकाल काला दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर सम्मान सा मारोह का आयोजन सुभाष चंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें आम लोगों को संविधान का मान सम्मान रखने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर आपातकाल में जेल गए सेनानियों को जिला विधि मंडल के अध्यक्ष गंगोत्री प्रसाद एवं महामंत्री अमरेंद्र सिंह ने अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। सम्मानित सेनानियों में अधिवक्ता सियाराम सिंह चंद्रिका राय रविंद्र आजाद गंगोत्री प्रसाद श्याम सुंदर तिवारी विजय बहादुर सिंह रामायण जीवन दानी थे ।विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से समाजसेवी शंभू कमलाकर अधिवक्ता दक्ष निरंजन उदय शंकर सिंह उमेश सिंह चंद्रभूषण वर्मा प्रकाश रंजन श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव अभिषेक वर्मा, मानस पीयूष सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम पर बिहटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का नामकरण की मांग

प्रात : किरण संवाददाता




चपरा कार्यालय। छपरा स्थित मंजर रिजवी भवन मेसारण जिला किसान सभा के द्वारा स्वामी सहजानंद सरस्वती पुण्य तिथि समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से समारोह का शुभारंभ किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सौरभ ने कहा कि स्वामीजी बिहार मे किसान आंदोलन के जनक थे। उन्होंने बिहार तथा पूरे देश मे किसानों को संगठित कर किसान सभा का गठन किया और जमींदारी उन्मूलन हेतु किसानों के शोषण की खात्मा हेतु संघर्ष का बिगुल फूंका। वे बिहटा मे सीताराम आश्रम मे रहकर अपनी गतिविधियों को संचालित करते थे। ऐसे मे बिहटा मे बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नामकरण स्वामीजी के नाम करना चाहिए। वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी भी थे। समारोह को सीपीआई नेता रामबाबू सिंह, वरीय अधिवक्ता सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, डॉ वीरेन्द्र सिंह, किसान सभा के जिला सचिव हरिबलम सिंह, सुग्रीव गुप्ता, मैनेजर यादव, सुरेश वर्मा, त्रिविक्रम दुबे, नारायण मांझी, अखिलेंद्र सिंह, रामानंद किरण आदि ने भी संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता बदरी प्रसाद ने किया।

# मदरसा इस्लामिया खानकाह हजरत दाता साह मस्तान टोला बगहा-01 में कार्यरत शिक्षक मो0 कलीमुल्लाह हुए निलंबित

**राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने एवं सरकार विरोधी कार्य में रूचि लेने पर हुई कार्रवाई**

- बीएलओ के कार्य से भी मुक्त करने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। मदरसा इस्लामिया खानकाह हजरत दाता साह मस्तान टोला, बगहा-01 में कार्यरत शिक्षक मो0 कलीमुल्लाह के द्वारा राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने एवं सरकार विरोधी कार्य में रूचि लेने को लेकर प्रभारी प्रधान मौलवी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा को उक्त शिक्षक के विरूद्ध गंवई राजनीति करने एवं सरकार विरोधी कार्य में रूचि लेने संबंधी गंभीर शिकायत प्राप्त हुआ, जिसकी जांच अंचल अधिकारी, बगहा-01 एवं थानाध्यक्ष बगहा से करायी गयी। जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि मो0 कलीमुल्लाह द्वारा सरकारी कार्यों में रूचि नहीं लेकर राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है तथा समाज में भड़काउ स्थिति पैदा करने का कार्य किया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी बगहा द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को इस संदर्भ में जानकारी दी गयी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रधान मौलवी/प्रभारी प्रधान मौलवी मदरसा इस्लामियां खानका हजरत मस्तान साह टोला, बगहा-01 को पत्र लिखकर उक्त शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रभारी प्रधान मौलवी मदरसा इस्लामियां खानका हजरत मस्तान साह टोला, बगहा-01 ने शिक्षक मो0 कलीमुल्लाह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी बगहा द्वारा उक्त शिक्षक के बीएलओ के कार्य से मुक्त करने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

### गरखा पंचायत भवन में 29 जून को विधिक जागरुकता शिविर का होगा आयोजन

छपरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सारण के सचिव से जानकारी के अनुसार बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक जागरुकता समिति छपरा के तत्वाधान में आगामी 29 जून को 10:00 बजे पूर्वाह्न में न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम (मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के पीड़ितों को विधिक सेवा नशा उन्मूलन ) योजना पर आधारित विषय पर एक विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन गरखा पंचायत भवन, सारण में किया गया है। जागरूकता शिविर का सफल आयोजन को लेकर एक पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

# मंत्री को किया सम्मानित



चपरा कार्यालय। बिहार सरकार के विधि मंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रकाश रंजन नीकू ने पटना स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर नीकू ने सूबे के सभी जिले में नये लोक अभियोजक बनाए जाने पर मंत्री को बधाई दी तथा विशेष लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजन की नियुक्ति भी नए सिरे से करने की मांग की उन्होंने बताया कि विधि मंत्री ने उनकी बातों को पूरी गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस मामले में वह विधि सम्मत कार्रवाई करेंगे इस अवसर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय अशोक कुमार सिंह लोक अभियोजक सर्वजीत ओझा सहीत अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जदयू ने सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष के साथ बैठक की

- जदयू कार्यकर्ता बिहार राज्य में हो रहे विशेष गण पुनरीक्षण में सहयोग करेंगे
- जदयू कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्रचार प्रसार करेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

चपरा कार्यालय सारण जिला संगठन प्रभारी रणविजय कुमार के उपस्थिति में सारण जिला जदयू अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू अध्यक्षता में गूगल मीट एप के माध्यम से वर्चुअल बैठक में जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष सम्मिलित हुए सारण संगठन प्रभारी रणविजय कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कराए जाने के निर्देश जारी किए हैं यह पुनरीक्षण आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निदेर्शों और समय सारणी के अनुसार आयोजित किया जाएगा इस गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम ने कहा कि कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे उल्लेखनीय है कि बिहार में पिछला गण परीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था वर्तमान में तेजी से हो रही शहरीकरण लगातार होने वाला प्रवासन नए युवाओं का 18 वर्ष की आयु पूरी कर मतदाता बनने की पात्रता प्राप्त करना मृत्यु की जानकारी का समय पर न मिलाना तथा अवैध विदेशी नागरिकों के नाम सूची में दर्ज हो जाना जैसी स्थितियों के कारण यह गण पुनरीक्षण आवश्यक हो गया है ताकि त्रुटि और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार हो सके बिएलओ के द्वारा सभी मतदाताओं को दो प्रति में फार्म उपलब्ध कराया जाएगा जिसे सभी मतदाताओं को अपने पहचान के साथ उसे फॉर्म को भरकर बीएलओ के पास जमा करना होगा हम सभी जयदेव के समर्पित कार्यकताओं का बीमारी होता के सभी मतदाताओं को बूथ स्तर तक जागरूक करें तभी जाकर सभी मतदाताओं का नाम जुड़ सकेगा समय सीमा निर्धारण है क्योंकि आगामी विधानसभा का चुनाव होना है पार्टी के बीएलए सभी बीएलओ को सहयोग करेंगे ताकि जल्द से जल्द मतदाताओं का नाम फॉर्मेट के साथ जमा कराया जा सके

# लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की प्राथमिकता बिहार और बिहार है: सांसद राजेश वर्मा

- आगामी 6 जुलाई को छपरा की ऐतिहासिक धरती पर चिराग पासवान का आगमन होगा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का प्राथमिकता बिहार और बिहारी है, पार्टी के विजन को धरातल पर उतारने की प्राथमिकता है, इसी उद्देश्य राष्ट्रीय अध्यक्ष का बिहार दौरा जारी है। उक्त बातें खगड़िया के सांसद एवं बिहार चुनाव के सह प्रभारी राजेश वर्मा ने शहर के स्थानीय काशी बाजार स्थित आरएनपी पब्लिक स्कूल के सभागार में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। सांसद राजेश वर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान मोकामा टाल से आशीर्वाद लेकर शाहाबाद, राजगीर नालंदा का दौरा करते हुए आगामी 6 जुलाई को छपरा की ऐतिहासिक धरती पर आगमन होगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार और बिहारिओं को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे हैं। बिहार के तमाम युवाओं, महिलाओं बुजुर्गो और जातीय राजनीति से ऊपर उठकर बिहार के अस्मिता को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार का रुख किया है। सांसद राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि सारण की धरती ऐतिहासिक रही है, यह धरती डॉ राजेंद्र प्रसाद और मौलाना मजहरूल हक जैसे महापुरुषों की धरती है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने उनके आदर्शों पर चलते हुए आगामी 6 जुलाई को छपरा की पावन धरती पर कदम रखेंगे। लोजपा रामविलास पार्टी और परिवार के एक-एक सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए तैयार रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का बिहार दौरा संकल्प सभा के साथ चल रहा है, राष्ट्रीय अध्यक्ष सभी जिलों में जा रहे हैं और संकल्प सभा में जिस तरह भीड़ हो रही है, इससे प्रतीत हो रहा है कि बिहार की एक बड़ी आबादी की भी मनसा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का रुख बिहार की ओर हो। प्रेस वार्ता में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि सीट शेयरिंग का मुद्दा एनडीए के घटक दल के नेता मिलकर करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्णय के साथ लोजपा रामविलास के कार्यकर्ता एकजुट हैं। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 6 जुलाई को छपरा आगमन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत होगा। इसको लेकर लोजपा कार्यकर्ता जोरदार तैयारी में जुट गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, प्रदेश महासचिव सौरव पांडेय, लोजपा के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, मोहम्मद अयूब खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इसुआपुर : प्रधानाध्यापकों के साथ बीईओ ने किया बैठक, दिया दिशा निर्देश

इसुआपुर । मध्य विद्यालय इसुआपुर के परिसर में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकुमार सिंह की उपस्थिति में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर चर्चा एवं निर्देश दिए गए। बैठक में सभी प्राथमिक विद्यालयों,प्रारंभिक विद्यालयों, प्रखंड कार्यालय में निपुण लक्ष्य और लोगों का प्रदर्शन, सभी विद्यालयों में टेक्स बुक, वर्कबुक की पहुंच, विद्यालयों में स्टूडेंट पीएलएन का वितरण एवं उपयोग, विद्यालय तत्परता कार्यक्रम की स्थिति, शिक्षक प्रशिक्षण गुणवत्ता सुधार यूडिआईएइ 2025-26 में स्कूल प्रोफाइल, शिक्षक प्रोफाइल, स्टूडेंट प्रोफाइल तथा मुख्य स्तर पर स्टूडेंट प्रोग्रेशन का कार्य करना है,। वहीं वार्षिक कैलेंडर के अनुसार चहक गतिविधि कराते हुए फोटो के साथ ग्रुप पर शेयर एवं ई शिक्षा पोर्टल पर अपलोड करना, तथा इंस्पायर अवार्ड मानक अंतर्गत कक्षा 6 से 12वीं के विद्यालयों के नवाचारों का चयन कर ईएमआइएएस पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में जानकारी के साथ निर्देश दिया गया।

# ग्वालियर से प्रारम्भ होकर बेंगलुरु जाने वाली पहली ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

## दक्षिण भारत के रिश्तों को मजबूत करेगी यह नई ट्रेन: अश्विनी वैष्णव

- दक्षिण भारत की यात्रा होगी आसान, युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के अवसर
- ग्वालियर से गुना होते हुए बंगलुरू के लिए सीधी ट्रेन की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। डॉ मोहन यादव,मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश,केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया ,विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री, मध्य प्रदेश श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा सांसद ग्वालियर श्री भारत सिंह कुशवाह एवं उपस्थित अन्य अतिथियों के साथ ग्वालियर - एसएमवीट. बेंगलुरू एक्सप्रेस हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ट्रेन सेवा ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, भोपाल सहित मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहां से बड़ी संख्या में यात्री बेंगलुरु की ओर यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में रेलवे के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। विगत एक वर्ष में मध्य प्रदेश के लिए 24,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जो राज्य के रेलवे मानचित्र में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि महाकुंभझ्रप्रयागराज की तरह की व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं को उज्जैन और उसके आसपास के स्टेशनों में देखने को मिलेगी, जिसके लिए अभी से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष (मध्य प्रदेश) नरेन्द्र सिंह तोमर ने रेल मंत्री सहित सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि हम ग्वालियर एवं मध्य प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर से शिवपुरी एवं गुना होते हुए बेंगलुरु जाने वाली इस रेल सेवा से क्षेत्रीय जनता को व्यापक लाभ मिलेगा। यह न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर रेलवे स्टेशन का एक गौरवशाली इतिहास रहा है और सिंधिया राजवंश के समय से ही यह एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप ग्वालियर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, साथ ही एक्सप्रेस-वे और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास भी जारी है, जो ग्वालियर को एक विकसित शहर के रूप में स्थापित करेगा।मुख्यमंत्री (म.प्र) डॉ. मोहन यादव ने अपने वर्चुअल संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे मध्य प्रदेश के विकास के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर शहर और स्टेशन दोनों ही राज्य में रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बेंगलुरु देश का प्रमुख आईटी हब है और ग्वालियर, गुना, शिवपुरी जैसे क्षेत्रों के अनेक युवा वहां कार्यरत हैं। यह नई ट्रेन सेवा उन युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगी। साथ ही इससे ग्वालियर ही नहीं, पूरे मध्य प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, झाँसी दीपक कुमार सिन्हा द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों, अधिकारियों एवं आमंत्रितों का स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों और कर्मियों के योगदान की सराहना की।

### यशवंतपुर-गया के बीच चल रही यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार धनबाद जंक्शन तक

हाजीपुर । यात्रियों की सुविधा एवं उनके सुगम आवागमन के मद्देनजर यशवंतपुर- गया के बीच चलायी जा रही गाड़ी संख्या 06563/ 06564 यशवंतपुर- गया- यशवंतपुर स्पेशल का परिचालन विस्तार 28.06.25 से 26.07.25 तक (प्रत्येक सोमवार को) धनबाद जं. तक किया गया है ।यशवंतपुर- गया के मध्य उपरोक्त स्पेशल ट्रेन का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 06563/ 06564 यशवंतपुर- गया- यशवंतपुर स्पेशल के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा । गया- धनबाद के मध्य इस स्पेशल का समय सारणी इस प्रकार है । गाड़ी संख्या 06563 यशवंतपुर- धनबाद स्पेशल 07.10 बजे गया जं. पहुंचेगी और यहां से 07.15 बजे प्रस्थान कर 08.30 बजे कोडरमा, 09.00 बजे हजारीबाग रोड, 09.18 बजे पारसनाथ एवं 09.35 बजे गोमो रूकते हुए 11.00 बजे धनबाद पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 06564 यशवंतपुर- धनबाद स्पेशल 20.45 बजे धनबाद से प्रस्थान कर 21.15 बजे गोमो, 21.30 बजे पारसनाथ, 21.51 बजे हजारीबाग रोड, 22.20 बजे कोडरमा रूकते हुए 23.40 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 23.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# सभी तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदाधिकारी हुए अलर्ट डीएम का दौरा से पूर्व योजनाओं की करेंगे समीक्षा

## जिलाधिकारी करेंगे सभी प्रखंडों का दौरा, योजनाओं की हकीकत से होंगे रूबरू

प्रात: किरण संवाददाता

➤ सभी तकनीकी एवं गैर तकनीकी विभागों के पदाधिकारी डीएम की बैठक से पूर्व संबंधित प्रखंड में क्रियान्वित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं इनसे संबंधित त्रुटियों के निराकरण हेतु कार्ययोजना तैयार कर बैठक में शामिल होंगे

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर जिला के सभी प्रखण्डों का दौरा करेंगे और चल रहे विकास से संबंधित योजनाओं के धरातलीय स्थिति की जानकारी लेंगे। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे।

जिलाधिकारी की बैठक से पूर्व सभी संबंधित विभागों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी,संबंधित प्रखंड में जाकर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा सुनिश्चित करेंगे।

योजनाओं के क्रियान्वयन में जो भी खामियां हैं उन्हें दूर करने के लिये एक स्पष्ट कार्य योजना के साथ संबंधित विभागीय पदाधिकारी जिलाधिकारी की बैठक में शामिल होंगे। जिलाधिकारीद्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार अमनौर प्रखंड मुख्यालय में 28 जून, छपरा सदर 1 जुलाई,तरैया 2 जुलाई, गड़खा 5 जुलाई, मढ़ौरा 9 जुलाई, पानापुर 12 जुलाई, जलालपुर 19 जुलाई, सोनपुर एवं दिघवारा 23 जुलाई, परसा एवं मकेर 26 जुलाई, एकमा 30 जुलाई, मांझी 2 अगस्त, मशरक 6 अगस्त, बनियापुर 9 अगस्त, इसुआपुर 13 अगस्त, दरियापुर 20 अगस्त, लहलादपुर 23 अगस्त, रिविलगंज 27 अगस्त तथा नगरा में 29 अगस्त को जिलाधिकारी संबंधित प्रखंड मुख्यालय में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

कुल 33 विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं व सेवाओं के प्रगति की जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा की जायेगी।


# जनता का नरेन्द्र मोदी पर विश्वास एवं मंगल पांडे के प्रयास से सफल हुई रैली :धमेंद्र साह



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सिवान के जसौली में आयोजित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ऐतिहासिक एवं अद्भुत रैली सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिनके मार्गदर्शन में रैली पूर्णता : सफल हुई और जनता का एक जन सैलाब जसौली के मैदान में उमड़ पड़ा ऐसे बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री श्री मंगल पांडे से मिलकर भारतीय जनता पार्टी के सारण के महामंत्री धमेंद्र कुमार साह ने रैली के सफल आयोजन के लिए उन्हें बधाई और शुभकामना दिया कहा की रैली सारण की धरती की ऐतिहासिक रैली थी प्रधानमंत्री जी सारण को बहुत सारा सौगात दिया इस रैली में माननीय मंत्री मंगल पांडे जी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण थी रात दिन उनके अथक प्रयास और मार्गदर्शन में छपरा सीवान गोपालगंज के कार्यकताओं ने सफल आयोजन के लिए दिन-रात एक कर दिया था तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति जनता का अटूट विश्वास प्रेम और उनकी लोकप्रियता ने इस रैली को अद्भुत ऐतिहासिक अविस्मरणीय बनाने का काम किया ।मंगल पांडे जी की मेहनत प्रयास काम करने की क्षमता हम जैसे कार्यकताओं को ऊर्जा प्रदान करती है इसलिए उनको पूरे सारण की तरफ से रैली की सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# डीडीसी ने डीआरसीसी सहित दर्जनों योजनाओं की समीक्षा, दिया निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। उप विकास आयुक्त सारण यतेंद्र कुमार पाल द्वारा गुरुवार को सात निश्चय एवं निश्चय-२ की मत्वपूर्ण योजनाओं यथा- बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर खेत तक सिंचाई का पानी, हर घर नल का जल ग्रामीण एवं शहरी का अनुरक्षण, सभी गावों में सोलर स्ट्रीट लाईट, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन ग्रामीण एवं शहरी के क्रियान्वन की समीक्षा की गयी । समीक्षा बैठक में योजनाओ में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण सम्बंधित पदाधिकारी को ससमय लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में नगर आयुक्त, छपरा नगर निगम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रबंधक डीआरसीसी,जिला कृषि पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना एवं लेखा, परियोजना उप निदेशक बुडको सारण, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल छपरा, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी सारण तथा सभी कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सारण उपस्थित थे ।

# दूध उत्पादक सिर्फ दूधदाता ही नहीं जीवनदाता भी है : दूध उत्पादक संघ




प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय/सूर्यगढा । दूध उत्पादक सिर्फ दूधदाता ही नहीं जीवनदाता है ।किसान ही असली भगवान है। भगवान की खोज में स्वामी सहजानंद सरस्वती ने संयासी बन दर-दर भटके, हिमालय की गुफाओं, नदियों, पहाड़ों, जंगलों, मंदिरों का भ्रमण किया।धर्म शास्त्रों का गहन अध्ययन कर भगवान को ढूंढे,परंतु भगवान का दर्शन उन्हें किसानों के बीच हुआ।दुर्भाग्य है कि वह किसान आज सबसे ज्यादा शोषित और अपेक्षित है ।अपमान का घूंट पीकर जिंदगी जीने के बदले आत्महत्या करने को वे मजबूर है ।बरौनी डेयरी में आज भी जमींदारी प्रथा लागू है। हमारी समितियां डर से अपने शोषण -दोहन के विरुद्ध आवाज भी नहीं उठा सकता ।यदि आवाज उठाते हैं,तो विभिन्न प्रकार से उन्हें प्रताड़ित किया जाता है ।चौकीदारों ने भी संगठित होकर प्रतिकार किया और इज्जत हासिल की ।समिति के सचिव और अध्यक्षों को भी संगठित होकर अपनी लड़ाई लड़नी होगी। तभी न्याय मिलेगा,उक्त बातें बरौनी डेयरी के पूर्व अध्यक्ष श्री मोहन मुरारी जी ने स्वामी सहजानंद सरस्वती की 75 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज सूर्यगढा बड़ी दुर्गा मंदिर के सभागार में उपस्थित दूध उत्पादकों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने बरौनी डेयरी में व्याप्त धांधली के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने कहा सरकार में उच्च पदों पर बैठे अधिकारी इस भ्रष्ट प्रभारी एम डी को बचा रहे है। बरौनी डेयरी से जुड़े दो लाख दूध उत्पादक संगठीत होकर अपने जुझारू संघर्ष के बदौलत बरौनी डेयरी से लुटेरों को भगाएंगे और डेयरी को बचाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने स्वामी सहजानंद सरस्वती की जीवनी और उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की जब भी जहाँ भी किसान अपने हकमारी के खिलाफ खड़ा होते है। स्वामी जी हमारे बीच होते हैं ।विश्व विख्यात किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती के किसान आंदोलन और उनके जीवन पर अध्ययन करने के लिए अमेरिका से प्रो वॉल्टर हाउजर भारत आये। स्वामी जी पर शोध किया और उनके शोध पर आधारित पुस्तकों की पढ़ाई अमेरिका के वर्जीनिया विश्वविद्यालय में होता है ।उन्होंने दूध उत्पादकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जान को जोखिम में डालकर देश के लिए दूध का उत्पादन कर दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाला किसान आज दाने-दाने को मुँहताज है ।दुर्भाग्य है कि अपना खून जलाकर दूध जैसे अमृत पैदा करने वाले किसानों की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। आपको संगठित होकर अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी और बरौनी डेयरी को बर्बाद कर अमूल की तरह कंपनी बनाने की साजिश के खिलाफ संगठित होकर संघर्ष करना होगा। उसके लिए अपने संगठन को मजबूत करना होगा।अपने हकमारी के खिलाफ आवाज बुलंद करना होगा। इस अवसर पर बरौनी डेयरी के निदेशक मंडल के सदस्य श्री दीपक कुमार ने कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि डेयरी प्रबंधन हमारे कुछ निदेशक मंडल के सदस्यों को गुलाम बनाकर बरौनी डेयरी को लूट रहा है। इस लूट से बरौनी डेयरी को बचाने के लिए दूध उत्पादक किसान,समिति के अध्यक्ष एवं सचिव संगठित होकर संघर्ष के रास्ते आगे बढेंगे। इस अवसर पर किसान नेता संतोष ईश्वर ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती एवं पंडित कार्यानन्द शर्मा जी ने जो रास्ता हमें दिखाया है ।उसी रास्ते पर चलकर हम अपने हक को हासिल करेंगे ।उन्होंने कहा निकलो घर मकानों से, जंग लड़ो बेईमानों से। कन्वेंशन की अध्यक्षता कमला प्रसाद सिंह अध्यक्ष सरलाही ने किया। सर्व प्रथम स्वामी सहजानन्द सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि देकर कन्वेंशन शुरू हुआ।

# किसान सभा ने स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि मनी

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय किसान सभा दरभंगा जिला परिषद के द्वारा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अजय भवन जिला कार्यालय में स्वामी सहजानंद सरस्वती की 75 में पुण्यतिथि मनायी। जहां उपस्थित किसान नेताओं ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दिया ।मौके पर किसान सभा के जिला सचिव अहमद अली तमन्ने ने कहा कि स्वामी सहजानन्द सरस्वती भारत के राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वे भारत में किसान आन्दोलन के जनक थे। वे आदि शंकराचार्य परम्परागत दण्डी संन्यासी थे। वे बुद्धिजीवी, लेखक, समाज-सुधारक, क्रान्तिकारी, इतिहासकार एवं किसान-नेता थे। उन्होने ह्यहुंकारह्व नामक एक पत्र भी प्रकाशित किया। स्वामी सहजानन्द सरस्वती का जन्म उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के कन्यकुब्ज ब्राह्मण ,किसान परिवार मे हुआ था। चूंकि स्वामी जी की माता जी का देहान्त स्वामी जी के जन्म के कुछ समय पश्चात ही हो गया था, इसलिए स्वामी जी की माँ का नाम अज्ञात है ।किसानों से जुड़ जाने के कारण उनकी आरम्भिक राजनैतिक गतिविधियाँ अधिकतर बिहार तथा उत्तर प्रदेश में केन्द्रित थीं और अखिल भारतीय किसान सभा के निर्माण के बाद पूरे भारत में फैलीं। उन्होंने पटना के निकट बिहटा में एक आश्रम बनाया था जहाँ से अपने जीवन के उत्तरार्ध के सारे काम संचालित करते थे। स्वामी सहजानंद सरस्वती ने इस देश के किसान आंदोलन को खड़ा कर किसानों को कई बड़े हक-हकूक दिलवाने में मदद किये। उनकी याद में हम लोग किसान आंदोलन को सशक्त व मजबूत करने का संकल्प लेते हैं ।हम उनके पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए किसान आंदोलन को पूरे प्रदेश और देश स्तर पर मजबूत कर वर्तमान किसान विरोधी सरकार के खिलाफ किसानों को लामबंद करने का संकल्प लेते हैं ।मौके पर किसान सभा के पूर्व जिला सचिव नारायण जी झा, किसान नेता विश्वनाथ मिश्र, प्रोफेसर महेश ठाकुर, एफ आईवाईएफ के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मोहन, दिव्यांशु विमल, क्रांति सिंह, शिव कुमार सिंह, अनुभव सिंह, विकास कुमार यादव, प्रसनजीत प्रभाकर, आदित्य कुमार मंटू आदि मौजूद थें।

# निभा बनी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य



बेनीपुर(दरभंगा)। प्रखंड के मकरमपुर निवासी भाजपा नेत्री निभा देवी को पार्टी के बिहार प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया गया है।प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलने पर निभा देवी ने हर्ष व्यक्त करते हुए यह कहा कि संगठन के दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करूंगी। पूर्वी जिला अध्यक्ष विनय पासवान, सांसद गोपालजी ठाकुर एवं प्रदेश नेतृत्व शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार प्रकट किया।

# अपराधियों को हो फांसी की सजा : संजय सिंह



सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा के सलखुआ प्रखंड लोजपा रामविलास पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अरुण यादव के पुत्र राकेश कुमार का अपराधियों के द्वारा निर्मम हत्या कर दिया गया था। सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश प्रचार-प्रसार प्रमुख संजय सिंह ने पीड़ित परिवार के निवास पर जाकर परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त किया। संजय सिंह ने स्थानीय प्रशासन से दुरभाष के माध्यम से घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त कर घटना का स्पीड ट्रायल के माध्यम से जांच कर दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। इस दौरान पार्टी के सिमरी बख्तियारपुर नगर अध्यक्ष दुर्गेश पासवान, दुलारचंद पासवान एवं अन्य ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लनामिवि के कुलपति ने मैथिली पत्रिका का किया लोकार्पण



दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मैथिली विभाग की शोध-पत्रिका मैथिली का लोकार्पण गुरुवार को कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी के कर कमलों द्वारा किया गया। कुलपति कार्यालय में विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने मैथिली विभाग शिक्षकों को बधाई देते हुए निरंतर अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। आगे उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष को सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए ताकि साहित्यिक उत्कर्ष के साथ मातृभाषाओं के विकास और अनुसंधानपरक अध्ययन का उत्तरोत्तर संवर्धन हो सके। विदित हो कि लगभग तीन दशकों से मैथिली का प्रकाशन होता रहा है। यह शोध-पत्रिका आईएसएसएन नंबर के साथ पीयर रिव्यूड श्रेणी में भी परिगणित है। लोकार्पित पत्रिका का यह 58वां अंक है, जिसमें अधिकांश शोधार्थियों के शोध आलेख संकलित हैं। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो दमन कुमार झा, कुलानुशासक प्रो विजय कुमार यादव, विभागीय शिक्षक प्रो अशोक कुमार मेहता, डा सुनीता कुमारी, डा अभिलाषा कुमारी, एवं डा सुरेश पासवान एवं शोधार्थी दीपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल के लिए बिहार टीम सारण से 4 खिलाड़ी भुज रवाना

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक ।54 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल में भाग लेने वाली बिहार टीम भुज गुजरात रवाना हुई। बिहार के 18 सदस्यीय महिला खिलाड़ी हैंडबॉल टीम में सारण जिला से चार खिलाड़ी शामिल है जो बुधवार की रात बिहार टीम के साथ रवाना हुई। सारण जिला हैंडबॉल संघ के सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि बिहार टीम में सारण के बनियापुर बड़ा लौवा से नेशनल खिलाड़ी निधि कुमारी पिता विनोद दास , तृप्ति कुमारी पिता रामबीरेश राय , मुस्कान कुमारी पिता राकेश प्रसाद जबकि मशरक के सीमावर्ती गलिमापुर की रिंकी कुमारी पिता भूषण सिंह शामिल है ।बिहार टीम के प्रशिक्षक संजीव कुमार एवम मो इमरान जबकि मैनेजर स्वातिप्रिया है। बिहार टीम चयन ट्रायल सारण जिला हैंडबॉल संघ के देखरेख में छपरा जिला मुख्यालय अवस्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड छपरा में हुआ था । चयनित खिलाड़ियो का प्रशिक्षण शिविर सारण के लौवा बनियापुर अवस्थित संत जलेश्वर एकेडमी एवम नवादा के कुंती नगर अवस्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में लगा । खिलाड़ियो के बेहतर प्रदर्शन की शुभकामना बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन विधानपार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय, महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , अध्यक्ष पंकज कुमार , राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह , राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह , सारण हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह , चेयरमैन डॉ हरेन्द्र सिंह , उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह , ठाकुर विनोद सिंह अप्पू जी , प्रिंस कुमार , आकाश एवम राजा सहित अन्य ने दी।

# जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार शुरू

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर : ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधाजनक आवागमन हेतु चलायी जा रही 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अविध में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 07315 हुब्बल्लि-मुजफ्फरपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे हुब्बल्लि से 30.06.2025 से 25.08.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी ।

2.गाड़ी सं. 07316 मुजफ्फरपुर-हुब्बल्लि स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मुजफ्फरपुर से 03.07.2025 से 28.08.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जाएगी ।

3.गाड़ी सं. 07311 वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे वास्को द गामा से 30.06.2025 से 25.08.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी ।

4.गाड़ी सं. 07312 मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मुजफ्फरपुर से 03.07.2025 से 28.08.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जाएगी ।

5.गाड़ी सं. 06563 यशवंतपुर-गया स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे यशवंतपुर से 05.07.2025 से 26.07.2025 तक प्रत्येक शनिवार को चलायी जाएगी ।

6.गाड़ी सं. 06564 गया-यशवंतपुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे गया से 07.07.2025 से 28.07.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी ।

7.गाड़ी सं. 06211 मैसूर-दरभंगा स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे मैसूर से 01.07.2025 से 26.08.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को चलायी जाएगी ।

8.गाड़ी सं. 06212 दरभंगा-मैसूर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे दरभंगा से 05.07.2025 से 30.08.2025 तक प्रत्येक शनिवार को चलायी जाएगी ।

## श्रावणी मेला के अवसर पर मोकामा-झाझा-जसीडीह के रास्ते पटना और आसनसोल के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर : श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा मोकामा-झाझा-जसीडीह के रास्ते पटना और आसनसोल के मध्य 03512/03511 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिसका विवरण निम्नानुसार है :-गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 09.08.2025 तक सप्ताह में पांच दिन - शुक्रवार, शनिवार, सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को आसनसोल से 17.00 बजे खुलकर 18.32 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए देर रात्रि 01.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

वापसी में, गाड़ी सं. 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 12.07.2025 से 10.08.2025 तक सप्ताह में पांच दिन - शनिवार, रविवार, मंगलवार, बुधवार एवं गुरूवार को पटना से 02.50 बजे खुलकर 07.23 बजे जसीडीह रूकते हुए 10.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी ।

इस स्पेशल में अनारक्षित श्रेणी के 20 कोच होंगे । अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल ट्रेन चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल, लखीसराय, मनकट्ठा, बड़हिया, हाथीदह, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरूपुर, फतुहा, पटना साहिब एवं राजेन्द्रनगर स्टेशनों पर रूकेगी ।

# 10 हाथीपांव मरीजों को प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए मिले एमएमडीपी किट

## भारत सरकार द्वारा हाथीपांव मरीजों के लिए विकलांगता सर्टिफिकेट देने का निर्देश

- एमएमडीपी किट में होते हैं दवा के साथ तौलिया, साबुन, लोशन व अन्य सामान

प्रातः किरण संवाददाता




शेरघाटी। हाथीपांव रोगियों के लिए अपने प्रभावित अंग की सही देखभाल जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाथीपांव के पीड़ितों के लिए विकलांगता सर्टिफिकेट भी मुहैया कराने की भी कवायद की जा रही है। इसे लेकर शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्र्म के तहत एमएमडीपी क्लिनिक का शुभारंभ किया गया तथा फाइलेरिया मरीजों के प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उदय कुमार द्वारा दस हाथीपांव मरीजों के बीच एमएमडीपी यानि मॉरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएबिलिटी प्रीवेंशन किट का वितरण तथा किट में मौजूद वस्तुओं के इस्तेमाल और हाथीपांव की साफ–सफाई करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इस किट में मरीजों के लिए एक टब, तौलिया, साबुन, क्रीम, दवा व लोशन आदि महत्वपूर्ण सामग्री दी जा रही है जिससे कि फाइलेरिया पीड़ित मरीज एमएमडीपी किट से खुद को स्वच्छ रख अपना बचाव कर सकें। हाथीपांव मरीज अपने प्रभावित अंग को धूल और गंदगी से जरूर बचायें। बताया कि हाथीपांव से दिव्यांग हुए मरीजों को चिह्नित कर उनका ऑनलाइन पंजीकरण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने का काम भी किया जा रहा है। विकलांगता प्रमाणपत्र से सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने में सहायता प्राप्त हो सकेगी।

### मरीजों का कराया गया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम पदाधिकारी अताउल्लाह खान ने हाथीपांव मरीजों को बताया कि इस किट का इस्तेमाल प्रतिदिन अपने प्रभावित अंगों की साफ–सफाई करने के लिए जरूर करें। बताया कि भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाथीपांव को विकलांगता की श्रेणी में रखा गया है। और यह निर्देशित किया गया है कि हाथीपांव के मरीजों के प्रभावित अंगों के आधार पर उन्हें भी विकलांगता प्रमाणपत्र दिया जाये। इस निर्देश के आलोक में चार हाथीपांव रोगियों का विकलांगता प्रमाण पत्र के लिया यूडीआईडी पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्टेशन भी कराया गया है ताकि रोगी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में सहायता मिल सके। कार्यशाला के दौरान सरकार द्वारा सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने और मच्छरदानी के उपयोग तथा अपने घर के आसपास साफ–सफाई कर मच्छरों के प्रजनन को रोकने के बारे में भी जागरूक किया गया।

इस मौके पर पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर विजय कुमार, डीवीडीसीओ प्रिय रंजन सहित स्वास्थ्य प्रबंधक पवन कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी अताउल्लाह खान, सामुदायिक उत्प्रेरक जयत कुमार, मनोज कुमार कुंदन कुमार तथा अन्य आशा स्वास्थ्यकर्मी भी आदि मौजूद रहे।

# कई जमीनों पर वर्षों से लगे खरीद बिक्री को रोक सूची से हटाया गया

- रोक सूची में डाले गए जमीनों के खाता खेसरा की जांच हेतु गठित समिति को तेजी से जांच कराने का दिया निर्देश
- 11 जमीनों को रोक सूची से किया गया विमुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।जिला पदाधिकारी गया श्री शशांक शुभंकर ने बताया कि पुराने समय अर्थात 2012-13 के समय से कुछ जमीनों पर खरीद बिक्री पर रोक लगा था, लगी रोक सूची से उनके जमीनों का खाता खेसरा को जांचोपरांत रोक सूची से हटाया गया है। जिला पदाधिकारी ने आज कुल 11 जमीन को रोक सूची से हटाया है। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व एवं जिला अवर निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अन्य रोक भी जो लगा है, उसका फाइल प्रस्तुत करें ताकि बेवजह आम जनों को कार्यालय का चक्कर काटना नहीं पड़े।* रोक सूची का तात्पर्य है कि :- कोई जमीन के संबंध में सूचना प्राप्त होती है कि भू अर्जन में गई है या सरकारी जमीन है या किसी न्यायालय में मामला दायर चल रहा है, न्यायालय द्वारा उक्त जमीन को खरीद बिक्री पर रोक लगाया है या पूर्व में सरकारी जमीन की सूची आंचल में तैयार की गई हो। इस सूची में कोई जमीन है तो उसकी जांच पड़ताल करके यदि वह जमीन वास्तव में रैयती है चाहे भू अर्जन से, सीलिंग से, न्यायालय के वाद से इत्यादि इन सारी चीजों से मुक्त है तो जिला स्तर पर उसकी एक समिति है, जिनमे एडीएम राजस्व, जिला अवर निबंधक, डीसीएलआर एवं संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी इन सभी की एक समिति है उनके माध्यम से जांच करा करके जिस जमीन के निबंध पर रोक लगा हुआ है, अगर यह पाया जाता है की जमीन रैयती है, किसी प्रकार का विवाद,रोक नहीं है तो उसको रोक सूची से हटा हटाने का प्रस्ताव भेजा जाता है और उसका निबंधन शुरू की जा सकती है। डीएम ने कहा कि पूर्व से काफी जमीनों पर निबंध पर रोक लगी है, जिसमें बहुत सारे जमीनों पर जांच पड़ताल चल रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि रोक सूची से संबंधित जमीन को जांच पड़ताल तेजी से कराया जाए और जो जमीन वास्तव में रैयत है, हर प्रकार के विवाद से मुक्त है, उसकी निबंध के लिए अनुशंसा किया जाए। विगत 15 दिनों में 11 मामलों को रोक सूची से मुक्त किया गया है।जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आम जनता जो लंबे समय से अपने जमीन की रोक सूची से परेशान हो रहे हैं उसका शीघ्र जांच पड़ताल कर निराकरण करवाये।

आज कुल 11 जमीनों को रोक सूची से हटाया गया है जिनमें :- मानपुर के परोरिया मौजा अंतर्गत चंदन कुमार का वर्ष 2012 से रोक सूची में था, रोक सूची से हटाया गया।.नगर अंचल के खरखुरा मौजा अंतर्गत सुरेश कुमार मौर्य का वर्ष 2013 से रोक सूची में था, रोक सूची से हटाया गया है।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन में धर्मेंद्र प्रधान की भूमिका ऐतिहासिक रही : डॉ मनीष पकंज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी।आज भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का जन्मदिन है। इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान एक प्रखर, कर्मठ एवं दूरदर्शी नेता हैं, जिन्होंने देश की शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ठएढ 2020 के सफल क्रियान्वयन में धर्मेंद्र प्रधान जी की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उनके नेतृत्व में शिक्षा को केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का साधन माना गया है। उन्होंने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक में व्यापक सुधार करते हुए डिजिटल शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और शोध को विशेष महत्व दिया है।डॉ. मिश्रा ने कहा कि श्री प्रधान जी का व्यक्तित्व सहज, सरल, लेकिन राष्ट्रहित के लिए दृढ़ है। वह शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देकर करोड़ों छात्रों को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार कर रहे हैं। उनकी सोच और कार्यशैली प्रेरणादायक है, जिससे देश के युवाओं को नई दिशा मिल रही है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि धर्मेंद्र प्रधान को दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और असीम ऊर्जा प्रदान हो, ताकि वह राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा को और अधिक शक्ति एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ा सकें। भारतीय जनता पार्टी परिवार को उन पर गर्व है।जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं!

# दोमुहान सूर्य मंदिर कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में हुआ शामिल

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित औरंगाबाद अंबा रोड के समीप सडसा ग्राम के पास पुण्यदायिनी बटाने एवं पुन्य सलिला बतरे के संगम तट पर अवस्थित दोमुहान सूर्य मंदिर को कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल किया गया है।इस आशय की जानकारी देते हुए दोमुहान सूर्य मंदिर के अध्यक्ष सिंहेश सिंह ने बताया कि कैलेंडर में शामिल कराने में जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष,सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष प्रख्यात समाजसेवी महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। देव छठ मेला के बाद सर्वाधिक भीड़ इसी दोमुहान घाट पर कार्तिक और चैत के छठ मेला में लगती है।सूयोर्पासना के लिए यह प्रसिद्ध स्थल है औरंगाबाद जिला पौराणिक काल से ही सूयोर्पासना का केंद्र रहा है। इसके साक्षी में देव का सूर्य मंदिर, उमंगा का सूर्य मंदिर, दाउदनगर मौला बाग का सूर्य मंदिर, सूर्य राघव मंदिर बड़ेम सहित जिले में कई सौर स्थल हैं।इसी कड़ी में दोमुहान का सूर्य मंदिर भी है जहां प्राचीन समय से ही सूयोर्पासना के निमित्त वर्ष में दो बार लगने वाले कार्तिक एवं चैत्र के मौके पर लाखों छठ व्रती यहां भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। स्थानीय स्तर पर यहां के नवयुवक संघ के लोग इस कार्य को मूर्त रूप प्रदान करते हैं। अध्यक्ष ने यह भी मांग किया कि इस स्थल को यथाशीघ्र पर्यटन स्थल का भी दर्जा दिया जाए,जिससे इस स्थल का अपेक्षित विकास हो सके। महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह द्वारा सूर्य राघव महोत्सव बड़ेम,सूर्य मंदिर महोत्सव धुंधुआ,पुनपुन महोत्सव टंडवा, छठ मेला घाट बड़ेम,सोननद महोत्सव, सत्यचंडी धाम महोत्सव, दोमुहान सूर्य महोत्सव को कला संस्कृति विभाग से राजकीय दर्जा दिलाई गई है।अष्टभुजी धाम महोत्सव पिपरा को भी इन्हीं के सौजन्य से जिला पदाधिकारी औरंगाबाद द्वारा महोत्सव को राजकीय दर्जा दिलाने के लिए अनुशंसित की गई है। साथ ही साथ जिले में अन्य महोत्सव में भी इनकी विशेष सहभागिता रहती है।

# जीबीएम कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति जागरूकता दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग की ओर से प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. सहदेब बाउरी की अध्यक्षता में ह्लअंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति जागरूकता दिवसह्व पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रीति शेखर एवं डॉ शुचि सिन्हा ने छात्राओं को नशासेवन एवं नशीली दवाओं की तस्करी जैसी समस्याओं से अवगत कराया है। शेखर ने नशासेवन के दुष्परिणामों को सविस्तार समझाते हुए युवाओं को नशासेवन से दूर रहने की बात कही है। कहा कि पीयर प्रेशर में आकर ड्रग एडिक्शन की लत का शिकार नहीं बनना चाहिए। डॉ शुचि सिन्हा ने नशा सेवन को हृदय तथा फेफड़ों के रोग, कैंसर और मानसिक बीमारियों में बढ़ोतरी के लिए जिम्मेदार ठहराया है। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने कहा कि नशासेवन तन और मन दोनों को क्षति पहुँचाता है। नशा हमें शारीरिक और मानसिक रूप से असंतुलित कर डालता है। युवतियों को शराब सेवन एवं नशीले पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि समाज में अधिकतर अपराध नशे की हालत में ही घटित होते हैं। नशे की हालत में हम होश में नहीं रहते और अपराध कर बैठते हैं। नशे से किसी भी समस्या का हल नहीं निकलता। समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। डॉ रश्मि ने सुंदर, स्वस्थ, एवं अपराधमुक्त समाज के लिए नशामुक्ति को अति आवश्यक बताया है। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ शगुफ्ता अंसारी ने नशा मुक्ति अभियान के इस वर्ष के थीम ह्लब्रेक द साइकिलह्व पर प्रकाश डालते हुए मादक द्रव्यों के सेवन के चक्र को तोड़ने की बात कही है। डॉ प्रियंका कुमारी ने एनएसएस की ओर से भी समाज को नशामुक्त बनाने हेतु अभियान चलाये जाने की बात कही है।

पीआरओ डॉ रश्मि ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागी छात्राओं को अवसाद, मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव परीक्षण हेतु प्रशिक्षण भी दिया गया है। इस कार्यक्रम में प्रो अफशां सुरैया, डॉ जया चौधरी, डॉ पूजा, डॉ पूजा राय, डॉ अमृता घोष, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ प्यारे माँझी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ विजेता लाल, डॉ वीणा जायसवाल, डॉ फातिमा, डॉ नुद्रतुन निसां, डॉ आशुतोश कुमार पांडेय, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ दीपिका, डॉ सपना पांडे, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, एवं अनेक छात्राओं की उपस्थिति थी।

# समाजसेवी प्रणव कुमार ने मृतक के परिजनों से मिलकर दिया आर्थिक सहायता

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) सुपर थर्टी के निर्देशक आनन्द कुमार के भाई समाज सेवी प्रणव कुमार ने पिछड़े दलित व महादलित परिवार के बीच समाज सेवा के एक मिसाल कायम करते हुए उनके सुख दुःख में शामिल हो कर उन्हें आर्थिक मदद कर रहे है। जिससे लोग उनके कार्यो को काफी सराहना कर रहे। विगत दिनों कुर्था महादलित टोला निवासी विष्णु मांझी व उनके पत्नी रंजू देवी बिजली के चपेट में आ गए थे और विष्णु मांझी के मौत घटना स्थल पर हो गई थी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने उनको समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुर्था लाया था जहां डॉक्टरो ने विष्णु मांझी को मृत घोषित कर दिया था।इस घटना को सुनकर सुपर थर्टी के निर्देशक आनन्द कुमार के भाई समाज सेवी प्रणव कुमार ने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना व्यक्त करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सहायता की वहीं उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही हमारा लक्ष्य है अगर जनता हमें मौका दे तो हम जनता के बीच रहकर उनका भरपूर सेवा करूंगा।

वही उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत के आत्मा गावों में बसती है और गावों के लोग आजादी के सात दशक गुजर जाने के बाद भी आर्थिक परेशानी से गुजर रहा हैं इस स्थिति में हम उनके बीच जाकर आर्थिक सहायता करते हैं। जिससे उनके परेशानी से राहत हो सके।

# बाजार करने आया बच्चा नही लौटा घर

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के मांझार गांव से बाजार करने आया 14 वर्षीय बच्चा अबतक नहीं लौटा घर में आवेदन देते हुए शिकायत किया है,

दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मेरा बेटा शुभम कुमार शेरघाटी साइकिल बनाने के लिए आया था इसके बाद वह घर नहीं लौटा हालांकि उसकी साइकिल मिला है, लेकिन उसका अबतक कुछ भी पता नहीं चल पाया है इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दिए गए आवेदन के आलोक में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# डकैती का फरार आरोपी गिरफ्तार, डकैती का केस दर्ज

शेरघाटी पुलिस ने डकैती केस में फरार चल रहे हैं एक आरोपी को पुलिस ने परैया थाना क्षेत्र के मनियर गांव से दिलीप कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है इस मामले में प्रभारी थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि युवक के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज है जिसे एसटीएफ के पुलिस ने कार्रवाई करते उसे गिरफ्तार कर लिया है फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है

# वरिष्ठ भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कौशल शर्मा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत

गया। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बिहार प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है जिसमें परैया एवं औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कौशल शर्मा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। शर्मा लगभग 25 वर्षों से भाजपा के सक्रिय सदस्य हैं और बिहार प्रदेश के कई प्रकोष्ठ एवं मंच मोर्चा मे अहम भूमिका निभाई है और साथ में गया जिला भाजपा उपाध्यक्ष की भी दायित्व का निर्वहन किया है। इसके पहले कयी प्रदेशो मे लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में कयी विधानसभा श्रेत्र एवं लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी के रुप में कार्य करने को इन्हें मौका मिला। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता के साथ-साथ गरीब और असहायों के लिए काम करने वाले एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी इनकी एक अलग पहचान है।अपने मनोनयन के लिए शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, भीकू भाई दलसाणिया,बिहार एवं झारखंड के संगठन महामंत्री नागेंद्र एवं सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वो इस दायित्व का निर्वाहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे।

# मादक पदार्थों का दुरुपयोग बन रहा है जानलेवा : थानाध्यक्ष

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय सचई कुर्था के प्रांगण में विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आए सैकड़ो छात्रों के बीच कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने मादक पदार्थ का दुरुपयोग एवं उसके अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर +2 उच्च विद्यालय सचई कुर्था मे छात्र- छात्राओ के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मादक द्रव्यों का उपयोग और दुरुपयोग इसे शहर के अंदरूनी इलाकों की समस्या माना जाता है, लेकिन मादक पदार्थों का उपयोग और दुरुपयोग लंबे समय से ग्रामीण इलाकों में प्रचलित है। ग्रामीण वयस्कों में तम्बाकू और मे थामफेटामाइन के उपयोग की दर अधिक है, जबकि हर आकार के शहरों में ओपिओइड का उपयोग बढ़ गया है।

ग्रामीण किशोर और युवा वयस्क अधिक दर पर शराब का सेवन करते हैं और शहरी समकक्षों की तुलना में उनके उच्च जोखिम वाले व्यवहार, जैसे कि शराब पीना या नशे में गाड़ी चलाना, में शामिल होने की अधिक संभावना होती है।रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति के लिए सीमित संसाधनों के कारण ग्रामीण समुदायों में मादक पदार्थों के उपयोग से निपटना विशेष रूप से कठिन हो सकता है। ग्रामीण-शहरी चार्टबुक के 2014 अपडेट के अनुसार गैर-महानगरीय काउंटियों के लिए मादक पदार्थों के उपयोग उपचार प्रवेश दर प्राथमिक पदार्थ के रूप में शराब के लिए सबसे अधिक थी, उसके बाद मारिजुआना, उत्तेजक पदार्थ, ओपियेट्स और कोकेन थे। ग्रामीण अमेरिका में मादक द्रव्यों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले कारकों में शामिल हैं।

### कम शैक्षिक उपलब्धि गरीबीबेरोजगारी मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच का अभाव

एकांत और निराशा कलंक की अधिक भावना मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों के कारण अवैध गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है, साथ ही शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य परिणाम भी हो सकते हैं, जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, खराब स्वास्थ्य स्थिति, मस्तिष्क संरचना में परिवर्तन, तथा अधिक मात्रा में सेवन से मृत्यु और आत्महत्या का जोखिम बढ़ जाना।

# अनुमंडलीय सिविल कोर्ट परिसर, शेरघाटी में नशा मुक्ति का दिलाया गया शपथ

शेरघाटी।कोर्ट परिसर में गुरुवार बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश के आलोक में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर सिविल कोर्ट परिसर में शेरघाटी स्थित जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश परिसर में नशा मुक्ति शपथ समारोह का आयोजन किया गया। अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी के अध्यक्ष सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम लवकुश कुमार द्वारा शेरघाटी अनुमंडल में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारी व कर्मचारियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से समाज को बचाने व न्यायालय परिसर को नशा मुक्त रखने के लिए जागरूक किया गया एवं शपथ दिलाया गया। मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ललन जी,जिला एवम अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय आदि थे।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने की जिला पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक




गया जी।आज प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में महिला आयोग की समीक्षा बैठक हुई है, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया राहटकर ने प्रमंडल के सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा की गई है। इस बैठक में आयुक्त ए एन सफीना आईजी छात्रनील सिंह मौजूद थे।विजया राहटकर ने महिला सुरक्षा के लिए जिले में चल रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी लीहै। उन्होंने बताया कि बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या बढ़ी है और हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ रही है। बिहार सरकार की योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण में सहायक हैं। जीविका के माध्यम से बिहार लखपति दीदी की संख्या में नंबर वन है।महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देने और बिना डर या भेदभाव के कार्य करने का माहौल सुनिश्चित करने के लिए हर जिले में सुरक्षा व्यवस्था ठीक हो, समिति को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय भारत सरकार के तहत नशा मुक्त भारत अभियान का किया गया शुभारंभ

गया जी।सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय भारत सरकार के तहत नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ , अविनाश कुमार सहायक निदेशक,दिव्यानगंज शसक्तीकरण, अंकुर कुमार वरीय उपसमाहर्ता, धनराज कुमार वरीय उपसमाहर्ता, निकिता कुमारी वरीय उपसमाहर्ता के नेतृत्व में समाहरणालय ,गया से नशा मुक्त भारत अभियान का हरी झंडी दिखाकर किया गया है। समाहरणाय गया से गया शहर के विभिन्न जगहों पर कर्मियों के द्वारा जन जागरूक अभियान चलाकर नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया । गया जिला के सभी 24 प्रखंडों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने नशा मुक्त करने का संदेश दिया और नशा से होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान के बारे में कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है । गया जिला में अगर नशा से परेशान व्यक्ति या परिजन से अनुरोध किया गया है कि निः संकोच आज ही कॉल कर 14446 पर संपर्क कर नशा मुक्त खुशहाल जीवन जीने का शुरूआत करे ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारियों ने नशीले उत्पादों का सेवन नहीं करने का शपथ लिया

गया जी।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार आज दिनांक 26.06.25,को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस के सुअवसर पर फैमिली जज सुनील कुमार वर्मा, जिला एवं अपर न्यायाधीश 1, शशिकांत ओझा एवं सचिव अरविंद कुमार दास के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय गया परिसर में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और व्यवहार न्यायालय कर्मचारियों और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारियों ने किसी भी प्रकार के नशीली उत्पादों का सेवन नहीं करने का शपथ लिया।

# पुलिया बाबा के नाम से जानने वाले पूर्व विधायक सत्यदेव कुशवाहा का पार्थिव शरीर पहुँचा कुर्था

## विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था, कुर्था विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह कुशवाहा का पार्थिब शरीर गुरुवार को जैसे ही कुर्था प्रखंड मुख्यालय में पहुंचा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी इस मौके पर जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता इंजीनियर अजय कुशवाहा ने कहा कि सत्यदेव कुशवाहा बड़े ही नेता दिल इंसान थे उन्होंने अपने कार्यकाल में कुर्था विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है उन्होंने अपने कार्यकाल में संविधान सभा क्षेत्र के कुर्था करपी बंसी प्रखंड के दर्जनों गांव जहां नदी किनारे निवास करती थी वैसे लोगों के लिए फूल का निर्माण कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया भले ही आज सत्यदेव सिंह कुशवाहा हम लोगों के बीच नहीं है लेकिन वह जब तक धरती रहेगी तब तक वह अमर रहेंगे क्योंकि उनके किए गए कार्य उनकी अमर गाथा लिख रही है इस मौके पर रालोमो प्रदेश सचिव पप्पू वर्मा जदयू नेता जितेंद्र कुशवाहा जदयू जिला प्रवक्ता चाँद मलिक ने कहा कि सत्यदेव कुशवाहा ने अपने विगत 10 वर्षो के कार्यकाल में कुर्था विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबादत लिख दी थी आजादी के बाद किसी भी राजनीतिक दल के नेता ऐसा नहीं हुए जिन्होंने कुर्था विधानसभा में 10 वर्षों तक प्रतिनिधित्व करते हुए कुर्था विधानसभा का कायाकल्प किया हो वही पप्पू वर्मा ने कहा कि सत्यदेव कुशवाहा का निधन मानो पार्टी व कुर्था विधानसभा के लोगों के लिए एक अपूरणीय क्षति है जिसे निकट भविष्य में पूरा नहीं किया जा सकता है।


# परिसीमन महारैली के लिए रालोमो की टीम द्वारा गयाजी के विभिन्न गांवों का किया गया दौरा

गया जी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के आह्वान पर आगामी 29 जून को राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से गयाजी के गांधी मैदान में एक विशाल महारैली का आयोजन किया गया है। इस महारैली के लिए पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी प्रशांत पंकज के नेतृत्व में गयाजी जिला अंतर्गत वजीरगज विधानसभा क्षेत्र के केनार, भगोसा, मखदमपुर, बढ़ी बिगहा, तरवां, महुआइंन,वजीरगज, धंधार इत्यादि गाँव का भ्रमण किया गया और लोगों को महारैली में आने के लिए आमंत्रित किया गया है। उनके साथ प्रदेश महासचिव सुभाष चंद्रवंशी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष स्मृति कुमुद, जिला अध्यक्ष बंटी कुशवाहा भी टीम के हिस्सा रहे हैं ।वहीं दूसरी तरफ रालोमो की एक टीम युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिमांशु पटेल के नेतृत्व में विभिन्न प्रखंडों का दौरा किया गया है ।उनके साथ कार्यकारी जिला अध्यक्ष जितेंद्र पासवान भी मौजूद थे।




# भारत में करोड़पतियों की संख्या में भारी उछाल

## 2029 तक 55 प्रतिशतवृद्धि का अनुमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में करोड़पतियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की एक हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2024 से 2029 के बीच करोड़पतियों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना है। यह दर वैश्विक औसत 21 प्रतिशत से कहीं अधिक है। ऐसे लोग जिनके पास एक मिलियन डॉलर यानी लगभग 8.3 करोड़ रुपये या उससे अधिक की निवेश योग्य संपत्ति है, उन्हें इस श्रेणी में रखा जाता है।

**एशिया प्रशांत यूरोपीय देशों से आगे-** बीसीजी के प्रबंध निदेशक मयंक झा ने कहा कि 2014 से 2024 तक क्षेत्रवार जैविक वृद्धि में भारी अंतर रहा। एशिया प्रशांत क्षेत्र में संपत्ति प्रबंधकों ने 50 प्रतिशत की दर हासिल की है। यह यूरोप, पश्चिम एशिया और अफ्रीका (ईएमईए) और उत्तरी अमेरिका की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। इसे निर्णायक रूप से भारत जैसे उभरते बाजारों से बढ़ावा मिला है। झा ने कहा कि पहली बार संपत्ति बनाने वालों, खासतौर पर मिलेनियल उद्यमियों और कॉर्पोरेट नेताओं की पीढ़िगत लहर उद्योग को नया आकार दे रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जनरेटिव एआई संपत्ति प्रबंधन के हर पहलू ग्राहक पहचान, सेवा, और सलाह में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

**वित्तीय परिसंपत्तियों में हुई 8.1 प्रतिशत की वृद्धि -** वैश्विक वित्तयी संपत्ति 2024 में रिकॉर्ड 305 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ गया।

यह मजबूत इक्विटी बाजार प्रदर्शन के बीच वित्तीय परिसंपत्तियों में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि से प्रेरित है। बीसीजी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की वित्तीय संपत्ति में 10.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र के औसत 7.3 प्रतिशत से अधिक है। एशिया- प्रशांत में 2029 तक 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि होने का अनुमान है।

## आईआईएम संबलपुर ने ओडिशा के सतत नेट-जीरो भविष्य के विजन का नेतृत्व किया

**संबलपुर, एजेंसी।** स्थिरता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, आईआईएम संबलपुर ने काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के साथ मिलकर ओडिशा के आर्थिक परिवर्तन की यात्रा में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई है। इकोनॉमिक ट्रांज़िशन कोएलिशन ओडिशा के माध्यम से, आईआईएम संबलपुर राज्य में नौकरियों, विकास और स्थिरता को एकीकृत करने की एक रणनीतिक योजना को साकार करने में जुटा है। ईटीसीओ द्वारा प्रकाशित एक श्वेत पत्र के माध्यम से, यह गठबंधन आईआईएम संबलपुर की गहरी स्थानीय विशेषज्ञता, ओडिशा के उद्योग और शैक्षणिक नेताओं की भागीदारी, और भारत व अन्य क्षेत्रों में ऊर्जा बदलाव की दिशा में ष्टत्नस्-के कार्यों से प्राप्त अंतर्दृष्टियों का लाभ उठाता है। यह साझेदारी पांच-स्तरीय रणनीति को उजागर करती है जिसमें शामिल हैं- उच्च और समान आय, सतत खाद्य प्रणाली, जलवायु लचीलापन, जैव विविधता की शून्य हानि और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में नेट-ज़ीरो लक्ष्य। आईआईएम संबलपुर के निदेशक प्रो. महादेव जायसवाल ने कहा, आईआईएम संबलपुर में सस्टेनेबिलिटी केवल इमारतों या रैंकिंग तक सीमित नहीं है। जैसा कि हम जानते हैं कि ओडिशा भारत के वैश्विक सतत विकास की कहानी का नेतृत्व करने के लिए एक ऐतिहासिक क्षण के मुहाने पर है। इस गठबंधन में भागीदार के रूप में आईआईएम संबलपुर की भूमिका इस बात का एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे शिक्षाविद नीति को प्रभावित कर सकते हैं और उद्योग से लेकर हर जगह गहरा बदलाव ला सकते हैं। ईटीसीओ में एक प्रमुख भागीदार के रूप में, आईआईएम संबलपुर नीतिगत कार्यों और रणनीतिक रूपरेखाओं की पहचान करने में सहायक रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ओडिशा हरित विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी विकास का केंद्र बन जाए, जिसमें खनन और तापीय क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए संक्रमण रणनीति, हरित इस्पात, कार्बन कैप्चर और हाइड्रोजन-आधारित ऊर्जा प्रणालियों जैसी हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना शामिल है।

## टाटा एआईए के दो नए फंड्स धन जुटाने और रिटायरमेंट प्लानिंग की ज़रूरतों को पूरा करेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया की चौथी सबसे सबसे बड़ी वित्त व्यवस्था बनने की दिशा में भारत के बढ़ते कदमों का साथ देते हुए, देश की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स आपके लिए लेकर आयी है जीवन बीमा से जुड़े निवेश उत्पादों के ज़रिए आपके धन को बढ़ाने और और आपके भविष्य को सुरक्षित करने का एक मज़बूत अवसर। भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि कई अवसर प्रदान करती है, भारत की वृद्धि के पूरे लाभ उठाने के लिए डिज़ाइन किए गए दो नए फंड्स के साथ इस क्षमता का उपयोग करने में आपकी मदद के लिए हम तैयार हैं। टाटा एआईए टॉप 200 अल्फा 30 इंडेक्स फंड और टाटा एआईए टॉप 200 अल्फा 30 पेंशन फंड इन ट्रेंड्स का लाभ उठाने के लिए स्ट्रैटेजीकली डिज़ाइन किए गए हैं। ये फंड भारत की विकास कहानी से लाभ उठाने के लिए तैयार कंपनियों में निवेश करते हैं। चाहे आप अपनी संपत्ति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हों या एक मज़बूत रिटायरमेंट फंड बनाने पर, ये फंड प्रदर्शन, सुरक्षा और विकास का आदर्श संयोजन प्रदान करते हैं।

टाटा एआईए के अल्टेरनेट एंड इमर्जिंग चॅनेल्स के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, जीलानी बाशा ने बताया, भारत परिवर्तनात्मक वित्तीय वृद्धि के लिए तैयार है, ऐसी वृद्धि जो कई दशकों तक चलने की उम्मीद है। हमारे नए फंड बढ़िया जोखिम-समायोजित रिटर्न्स देने के लिए, गहन डेटा विश्लेषण के साथ, इस आकर्षक अवसर का लाभ उठाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ये फंड सकारात्मक वृद्धि ट्रेंड से लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, निवेशकों को लक्षणीय दीर्घकालिक मूल्य देकर उनकी वित्तीय सुरक्षा में लगातार सुधार करते हैं।

# मुकेश अंबानी और गौतम अडानी ने मिलाए हाथ पेट्रोल-डीजल से ष्टहृत्र तक बेचने के लिए डील

**मुंबई।** गौतम अडानी की कंपनी अडानी टोटल गैस और मुकेश अंबानी के ज्वाइंट वेंचर रिलायंस बीपी मोबिलिटी के बीच बड़ी डील हुई है। इन दोनों कारोबारियों के फर्म ने एक-दूसरे के फ्यूल रिटेल नेटवर्क का लाभ उठाकर वाहन ईंधन बेचने के लिए साझेदारी की है। बता दें कि ब्रिटेन की बीपी के साथ अंबानी के जियो का ज्वाइंट वेंचर जियो-बीपी है।



**क्या कहा गया बयान में-** एक ज्वाइंट स्टेटमेंट में बताया गया है कि जियो-बीपी, अडानी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर लगाएगा। इसके साथ ही, अडानी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज का शहरी गैस वितरण संयुक्त उद्यम - एटीजीएल, जियो बीपी के ईंधन स्टेशनों पर सीएनजी डिस्पेंसर लगाएगा। इस साझेदारी के तहत समूह की मौजूदा और भविष्य की, दोनों इकाइयां आएंगी। बयान के मुताबिक इस डील के तहत चुनिंदा एटीजीएल फ्यूल आउटलेट जियो-बीपी के पेट्रोल और डीजल की पेशकश करेंगे, जबकि चुनिंदा जियो-बीपी ईंधन आउटलेट एटीजीएल के अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के भीतर एटीजीएल के सीएनजी डिस्पेंसर को एकीकृत करेंगे। इस प्रकार परिवहन उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी। बता दें कि जियो-बीपी के पास देशभर में 1,972 पेट्रोल पंप हैं, जबकि एटीजीएल 34 भौगोलिक क्षेत्रों में 650 सीएनजी स्टेशनों का नेटवर्क संचालित करती है।

## अपील का भ्रम खत्म, जीएसटी पर नए नियम से व्यापारियों को मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने जीएसटी खुफिया निदेशालय द्वारा जारी नोटिसों से संबंधित निर्णयों को चुनौती देने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत ऐसे नोटिस से जुड़े फैसलों की जांच, बदलाव या अपील सुनने की जिम्मेदारी विशेष रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है। इससे कारोबारियों को अब यह भ्रम नहीं रहेगा कि अपील के लिए किस अधिकारी के पास जाना है। यह कदम अनिश्चितता को दूर करने और जीएसटी प्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से उठाया गया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने इस संबंध में नया आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत स्पष्ट किया गया है कि डीजीजीआई द्वारा जारी नोटिसों पर विभागीय फैसलों के खिलाफ अपील और समीक्षा किन अधिकारियों के पास की जाएगी।

## ईरान-इजरायल युद्धविराम से मार्केट में तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में रौनक रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में लगभग 1 प्रतिशतकी बढ़त देखी गई। ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम होने से दुनिया भर के बाजारों में सकारात्मक माहौल बना। इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 700.40 अंक या 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,755.51 और निफ्टी 200.40 अंक या 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,244.75 पर बंद हुआ। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बाजार में अभी तेजी बनी रहेगी। बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.64 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया, रियल्टी, इन्फ्रा, फार्मा और सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में थे। निफ्टी के प्राइवेट बैंक और पीएसई इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए।

**किनमें तेजी, किनमें गिरावट-** सेंसेक्स पैक में टाइटन, एमएंडएम, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, टीसीएस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, इटरनल, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और अडानी पोर्ट्स गेनर्स थे। बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक लूजर्स थे।

**दूसरे बाजारों का कैसा रहा हाल-** एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट फायदे में रहे, जबकि जापान का निक्की 225 में मामूली गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.01 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

# रूस से भारत की प्राइवेट कंपनियां खरीद रहीं सबसे ज्यादा तेल

## सरकारी कंपनियों का नाम-ओ-निशान तक नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत इस साल रूस से समुद्री रास्ते से आने वाले कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। रूस के सबसे खास तेल ग्रेड का 80 प्रतिशतहिस्सा भारत ने खरीदा है। भारत की दो प्राइवेट रिफाइनरी कंपनियां ये तेल खरीद रही हैं। ये कंपनियां सस्ते दामों पर मिल रहे इस तेल का फायदा उठा रही हैं। इस कच्चे तेल को खरीदने में सरकारी कंपनियों को नाम-ओ-निशान तक नहीं है।

केप्लर नाम की एक डेटा कंपनी के अनुसार, भारत ने इस साल 24 जून तक 23.1 करोड़ बैरल यूरल्स तेल खरीदा है। यूरल्स एक तरह का कच्चा तेल है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायरा एनर्जी लिमिटेड ने मिलकर रूस से आने वाले इस तेल का 45 प्रतिशतहिस्सा खरीदा है।

**भारत बना सबसे बड़ी खरीदार-** भारत यूरल्स तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। साल 2024 में भारत ने इस तेल का 74 प्रतिशतहिस्सा खरीदा था। इससे पता चलता है कि भारत रूस से मिलने वाली ऊर्जा पर कितना निर्भर है। साथ ही, यह भी पता चलता है कि भारत रूस के लिए कितना महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत से रूस को बहुत पैसा मिलता है।




**प्राइवेट कंपनियों ने बढ़ाई हिस्सेदारी-**पिछले कुछ सालों में भारत की प्राइवेट रिफाइनरी कंपनियों ने यूरल्स तेल की खरीदारी बढ़ा दी है। साल 2025 में तो उन्होंने बहुत ज्यादा तेल खरीदा है। रिलायंस कंपनी ने इस साल 7.7 करोड़ बैरल तेल खरीदा है। अब रिलायंस दुनिया में यूरल्स तेल की सबसे बड़ी खरीदार बन गई है।

**रिलायंस ने रूस के साथ की डील-** रिलायंस ने रूस के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के अनुसार रिलायंस रूस से हर दिन 5 लाख बैरल तक तेल खरीदेगी। यह

### सरकारी कंपनियों की कितनी हिस्सेदारी

भारत की सरकारी रिफाइनरी कंपनियां (जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने रूस के साथ कोई समझौता नहीं किया है। इन कंपनियों को तेल खरीदने के लिए कुछ खास तरह की करेंसी का इस्तेमाल करना होता है, जिससे उन्हें तेल खरीदने में दिक्कत होती है। रिलायंस और नायरा के रूस से तेल खरीदने की वजह से यूरल्स तेल की सप्लाई कम हो गई है।

## 5 दिन से बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रहा यह रेलवे स्टॉक

# 535 करोड़ का मिला ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग के शेयर 5 दिन से बुलेट ट्रेन बने हुए हैं। इसकी कीमत आज भी शुरुआती कारोबार में 6 प्रतिशत उछल गई। यह लगातार पांचवें दिन कंपनी के शेयर में उछाल देखने को मिला। इसकी मुख्य वजह कैमरून की कंपनी कैमाल्को एस.ए. से मिला 535 करोड़ रुपये का ऑर्डर है। सुबह 9:22 बजे तक, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर टेक्समैको रेल का शेयर 184.65 रुपये पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले भाव से 11.20 रुपये यानी 6.46 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है।



**ऑर्डर की खास जानकारी-** यह ऑर्डर दो हिस्सों में बंटा है। पहला 560 ओपन टॉप वैगन बनाने और सप्लाई करने का ठेका, जिसकी कुल कीमत 282 करोड़ रुपये (3.27 करोड़ डॉलर) है। इस काम को 24 महीने के भीतर पूरा करना होगा। दूसरा 20 साल की लंबी अवधि के मेंटेनेंस का कांट्रैक्ट, जिसका मूल्य 253 करोड़ रुपये (2.94 करोड़ डॉलर) है। इस ऑर्डर के साथ ही अगले 5 साल में 1,040 अतिरिक्त वैगन सप्लाई करने और उनके रखरखाव का विकल्प भी शामिल है।

**हाल में मिले अन्य ऑर्डर्स-** टेक्समैको को पिछले कुछ दिनों में दो और बड़े ऑर्डर मिले हैं। 10 जून को मुंबई रेलवे विकास निगम ने केंद्रीय रेलवे की तीसरी और चौथी लाइन के लिए ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर व अन्य कामों का 44.04 करोड़ रुपये का ठेका दिया। 3 जून को ही पश्चिमी रेलवे के लिए ऐसे ही कामों का 122.31 करोड़ रुपये का ठेका मिला, जिसे 30 महीने में पूरा करना है।

**शेयर की मौजूदा स्थिति-** इस समय कंपनी का शेयर अपने 52-हफ्ते के उच्चस्तर (296.60 रुपये) से 37.74 प्रतिशत नीचे चल रहा है, जबकि इसके 52-हफ्ते के निचले स्तर (115.10 रुपये) से 60.43 प्रतिशत ऊपर है। कंपनी का कुल बाजार पूंजीकरण 7,376.16 करोड़ रुपये है।

# नोएडा में मिलेंगी छप्परफाड़ नौकरियां

## केंद्र सरकार के इस फैसले से छोटी कंपनियों को होगा बड़ा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लिया। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में 417 करोड़ रुपये का एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनेगा। इसका मकसद लोकल इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि इस क्लस्टर से लगभग 2,500 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। सरकार का दावा है कि इस प्रोजेक्ट से वर्ल्ड-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर बनेगा और 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस प्रोजेक्ट से वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा और 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने यह



भी कहा कि सरकार देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने पर ध्यान दे रही है। यह प्रोजेक्ट उसी दिशा में एक कदम है। यह क्लस्टर कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने में मदद करेगा। इनमें कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स (टीवी, फ्रिज आदि), ऑटोमोटिव और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स (गाड़ियों और उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स), मेडिकल डिवाइस, कंप्यूटर हार्डवेयर और कम्युनिकेशन इक्विपमेंट (मोबाइल, टावर आदि) शामिल हैं।

यह प्रोजेक्ट यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा बनाया जाएगा। यह यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और आने वाले पलवल-खुर्जा एक्सप्रेसवे के पास होगा।

## छुट्टियों में लोगों ने जमकर किया क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल, खर्च में 15 प्रतिशतकी भारी उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रेडिट कार्ड मार्केट जो थोड़ा सुस्त था, उसे छुट्टियों की वजह से थोड़ी जान मिली है। मई महीने में कार्ड से होने वाला खर्च 1.9 लाख करोड़ रुपये तक है पहुंच गया। यह पिछले महीने के मुकाबले 3 प्रतिशतऔर पिछले साल से करीब 15 प्रतिशतअधिक है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डेटा के मुताबिक, यह ग्रोथ मई 2024 में दर्ज की गई 17 प्रतिशतकी साल-दर-साल ग्रोथ के बाद आई है। श्वज्ञ के मुताबिक, मई में 7 लाख 60 हजार से ज्यादा नए कार्ड जारी हुए। यह पिछले चार महीनों में सबसे ज्यादा हैं हैं। हालांकि, जितने नए कार्ड इस बार जोड़े गए, वो पिछले साल इसी दौरान जारी हुए कार्ड्स के लगभग बराबर थे। मई में क्रेडिट कार्ड से हुए लेनदेन की संख्या (कितनी बार कार्ड इस्तेमाल हुआ) की संख्या महीने दर महीने 4 प्रतिशतऔर साल-दर-साल करीब 30 प्रतिशतबढ़ी। कुल जितने क्रेडिट कार्ड अभी सर्कुलेशन में हैं, उनकी संख्या 11 करोड़ से अधिक हो गई है। ऋक्चढ्ढ के डेटा के मुताबिक, यह मई 2025 में पिछले साल के मुकाबले 8 प्रतिशतकी बढ़ोतरी दिखाता है।

## नेटफ्लिक्स ने 'आप जैसा कोई' का ट्रेलर जारी किया

**मुंबई, एजेंसी।** जब एक शांत 42 वर्ष के पुरुष का सामना अपने उस पहलू से होता है, जिसके बारे में वह कभी जानता ही नहीं था, तब उसके द्वारा अपने जीवन के नियमों को दोबारा लिखने की शुरुआत होती है, फिर इसके बाद क्या होता है? नेटफ्लिक्स ने आप जैसा कोई का ट्रेलर जारी किया है।

इसमें आर. माधवन श्रीरेणु त्रिपाठी और फातिमा साना शेख मधु बोस के किरदार में हैं। यह सुखद फैमिली ड्रामा सबसे अप्रत्याशित परिस्थितियों में 'बराबरी वाला प्यार' खोजने के अपनेपन, संबंध और सुंदरता को पेश करता है। इस फिल्म में जमशेदपुर और कोलकाता के दो अलग-अलग समाजों में रहने वाले किरदारों की कहानी दिखाई गई है।

# बीएसई ने नियमों का किया उल्लंघन, सेबी ने लगाया 25 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई पर बड़ी कार्रवाई की है। बाजार नियामक ने बीएसई पर नियम उल्लंघन को लेकर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

आरोप है कि बीएसई हितधारकों को कॉरपोरेट खुलासे तक समान पहुंच प्रदान करने में विफल रहा और कारोबार के दौरान लगातार संशोधन करने वाले ब्रोकरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। सेबी ने फरवरी, 2021 और सितंबर, 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया।

**क्या कहा गया है सेबी के आदेश में-** सेबी ने 45 पन्नों के अपने आदेश में कहा कि बीएसई की प्रणाली ढांचे ने इसके भुगतान करने वाले ग्राहकों और आंतरिक सूचीबद्धता अनुपालन निगरानी (एलसीएम) टीम को कॉरपोरेट घोषणाओं तक वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक होने से पहले पहुंच प्रदान की, जिससे मानदंडों का उल्लंघन हुआ। नियामक ने यह भी देखा कि डेटा प्रसार प्रक्रिया में सभी हितधारकों के लिए एक साथ और समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की कमी थी।

# सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई

## फोटो पोस्ट कर दी जानकारी ; लिखा- सर्जरी के बाद रिकवरी कर रहा हूं



**म्यूनिक (एजेंसी)।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्यूनिख में पेट की दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया का सफल ऑपरेशन हुआ। 34 साल के सूर्या ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल ऑपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं।'

### अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करेगी टीम इंडिया

भारतीय टीम को अगस्त महीने में बांग्लादेश का दौरा करना है। टीम को वहां 17 अगस्त से 3 वनडे और 3 टी-20 मैच की सीरीज खेलनी है। टी-20 सीरीज 26 अगस्त से शुरू होगी। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर गई है।

### मुंबई की ओर से 700 से ज्यादा रन बनाए

सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए 700 से अधिक रन बनाए। फिर वे मुंबई प्रीमियर लीग टी-20 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह को मिली सरकारी नौकरी, इस विभाग में करेंगे काम

**लखनऊ (एजेंसी)।** स्टार भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह अब सरकारी नौकरी करने जा रहे हैं। यूपी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियम-2022 के तहत रिंकू सिंह को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्त करने में कदम आगे बढ़ाया है। रिंकू सिंह की नियुक्ति यूपी राज्य सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जो यूपी राज्य से आने वाले कई अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को सम्मानित करने के लिए अपनाई गई है, जो अपने देश का



प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पदक जीतते हैं। यह नीति सरकारी सेवाओं में सम्मानजनक पदों के लिए उनकी भर्ती को चिह्नित करती है। इस 27 वर्षीय यूपी के क्रिकेटर का जन्म अक्टूबर 1997 में अलीगढ़ में एक साधारण पृष्ठभूमि में हुआ था। उनके पिता घर-घर जाकर सिलेंडर बांटते थे जबकि क्रिकेटर ने खुद शुरुआत में अपने पिता की नौकरी में मदद की थी। रिंकू ने कई काम करने के बावजूद क्रिकेट के प्रति एक अटूट जुनून दिखाया, जिसने आखिरकार उन्हें मैदान पर जगह दिलाई, जहां उन्होंने कुछ शानदार प्रदर्शन करके शोहरत हासिल की। ??उनका पहला नजर में आने वाला प्रदर्शन अंतर्राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट में खिताब जीतना था। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा एक अद्वितीय प्रतिभा के रूप में खोजे जाने के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए कई वर्षों तक घरेलू क्रिकेट खेला। ग्च्क्रने 2018 में रिंकू को वापस खरीदा और तब से यह खिलाड़ी सेटअप का हिस्सा रहा है। रिंकू सिंह आईपीएल 2023 में एक प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद उभरे, जहां उन्होंने 450 से अधिक रन बनाए और विभिन्न विरोधियों के खिलाफ कई करीबी मुकाबले जीताने में टीम को मदद की। 2022 में भी उन्होंने लगभग 35 की औसत से 174 रन बनाए ; हालांकि 2023 उनका सर्वश्रेष्ठ सीजन था, जहां उन्होंने 60 की औसत और 150 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए और लगभग 150 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

# विश्व कप जीत के 42 साल

## वह दिन जिसने भारतीय क्रिकेट की कामयाबी की रखी नींव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो। कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आए थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी।

टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था, 'जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिए तैयार हूं। मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है। वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी। ऐसा लगता था कि



मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था। मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था।% महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था, 'वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं।

द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं। भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है। गावस्कर ने कहा, 'हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही।

विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डस पर टीम के सभी सदस्यों के लिए समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका। गावस्कर ने कहा ,'' हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन श्रृंखला चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा। दो साल पहले अहमदाबाद में अडाणी समूह ने टीम को सम्मानित किया था।

भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक सौरव गांगुली ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में कहा था, '1983 बहुत बड़ी बात थी। कपिल देव, संधू, मदन लाल, रोजर बिन्नी, संदीप पाटिल को लॉर्डस पर देखना बहुत बड़ी बात थी। इससे हमें क्रिकेट खेलने की प्रेरणा मिली। उस जीत से जुड़े कई किस्से क्रिकेट की किवदंतियों में शामिल है। ऐसा कहा जाता रहा है कि कपिल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ जब 175 रन की नाबाद पारी खेली थी तब बीबीसी कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से उसकी कोई वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है।

मशहूर पत्रकार गुलू इजेकील ने हालांकि अपनी किताब 'मिथ बस्टर्स' में लिखा कि 18 जून 1983 को बीबीसी ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड और पाकिस्तान तथा लॉर्डस पर वेस्टइंडीज और आस्ट्रेलिया के मैच का प्रसारण किया था। बीबीसी को भारत और जिम्बाब्वे का मैच उतना महत्वपूर्ण नहीं लगा। टनब्रिज वेल्स पर वह पहला और आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था लेकिन यह मैदान भारतीय क्रिकेटप्रेमियों के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है। स्टेडियम के आसपास रहने वालों के पास कपिल देव की एक न एक कहानी जरूर है।

## ब्रिजटाउन टेस्ट

# ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 180 पर ऑलआउट

### हेड का अर्धशतक,जोसेफ और सील्स ने बिखेरा जलवा, एक ने 4 तो दूसरे ने चटकाए 5 विकेट, पहले दिन वेस्टइंडीज 57/4




**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में 180 रन पर ऑलआउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने 4 विकेट खोकर 57 रन बना लिए हैं। ब्रैंडन किंग (23) और कप्तान रोस्टन चेज (1) नाबाद लौटे।

- **चार बल्लेबाज ही छू सके दहाई का आंकड़ा** - ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का पहली पारी में काफी निराशाजनक प्रदर्शन रहा। टीम के केवल चार बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। ट्रेविस हेड 59, उस्मान ख्वाजा 47, कप्तान पैट कमिंस 28 और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर ने 11 रन बनाए।-
- **सील्स 5 और जोसेफ ने 4 विकेट लिए** - वेस्टइंडीज की तरफ से पहली पारी में जेडन सील्स और शमार जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी की। सील्स अपने 15.5 ओवरों के स्पेल में पांच विकेट झटके। जबकि जोसेफ ने 16 ओवरों के स्पेल में चार विकेट लिए। इन दोनों गेंदबाजों के अलावा जस्टिन ग्रीव्स ने एक विकेट हासिल लिया।
- **स्टंप तक वेस्टइंडीज ने भी चार विकेट गंवाए** - वेस्टइंडीज की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर क्रैग ब्रैथवेट (4) और जॉन कैंपबेल (7) जल्दी पवेलियन लौट गए। उसके बाद केसी कार्टी ने 20 और जोमेल वारिकान बगैर खाता खोले ही आउट हो गए। टीम का स्कोर दिन की समाप्ति तक चार विकेट के नुकसान पर 57 रन है। पहले दिन कुल 14 विकेट गिरे।

# हर्षित राणा को टीम इंडिया से रिलीज किया गया

### बर्मिंघम नहीं गए; पहले टेस्ट के लिए टीम में शामिल किए गए थे



| फॉर्मेट | मैच | विकेट | इकोनॉमी रेट |
|---|---|---|---|
| टेस्ट | 2 | 4 | 4.51 |
| वनडे | 5 | 10 | 5.69 |
| टी-20। | 1 | 3 | 8.25 |

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है। युवा गेंदबाज को पहले टेस्ट में कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा टीम के साथ लीड्स से बर्मिंघम नहीं गए हैं।

**टीम इंडिया लीड्स से बर्मिंघम रवाना-** भारतीय टीम लीड्स से बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। टीम अगले दो दिन आराम करेगी और फिर दूसरा टेस्ट शुरू होने से पहले ट्रेनिंग शुरू करेगी। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से खेला जाना है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है।

**कोच ने राणा को टीम से रिलीज के दिए थे संकेत** - कोच गौतम गंभीर ने राणा के बारे में कहा, %मैंने अभी चीफ सिलेक्टर से बात नहीं की है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को छोटी-मोटी चोट की आशंका थी। इसलिए हमने उन्हें बैकअप के तौर पर रखा था। लेकिन अब सब ठीक लग रहा है, तो अगर सब फिट हैं, तो उन्हें वापस जाना होगा। हेडिंग्ले टेस्ट में पांच बल्लेबाजों के शतक लगाने के बाद भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। यह टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ कि किसी टीम ने पांच शतक लगाने के बावजूद मैच गंवाया।

# शिखर धवन बने लेखक, लिखी किताब, धोनी से जुड़ा किस्सा किया साझा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन = क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा, 'क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया



लेकिन इस सफर में उतार चढ़ाव और खामोश पल भी रहे। इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है। प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा, 'पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा, 'शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है। इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं।

दिल्ली में पले बढ़े धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाए हैं। उन्होंने किताब में लिखा, 'जब मैं भारतीय टीम में आने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी। लेकिन प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था।%

उन्होंने लिखा, 'टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी और लोग पढ़ते थे। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है।

# ॠषभ पंत ने रचा इतिहास, आईसीसी रैंकिंग में इस मुकाम पर पहुंचने वाले पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बने

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ॠषभ पंत हेडिंग्ले टेस्ट में खेली गई शतकीय पारियों के बाद आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इंग्लैंड के लिए पहले टेस्ट की दोनों इनिंग में शतक लगाया था और ऐसा करने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने थे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से आज जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार पंत जहां 800 रेटिंग अंक के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए है जिससे उन्होंने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। पंत 800 रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं।

भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भले ही 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन पंत अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में कामयाब रहे। उन्होंने पहली पारी में 178 गेंदों पर 12 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पंत का स्ट्राइक रेट 75.28 था जबकि दूसरी पारी में यह बढ़कर 84.29 रहा।

इसके अलावा आईसीसी ताजा टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भी शतकीय पारी के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार किया। डकेट पांच पायदान की छलांग




लगाकर आठवें स्थान पर आ गए हैं। इसके आलवा शुभमन गिल और अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। जबकि जो रूट 889 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर, हैरी ब्रूक 874 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है, केन विलियमसन तीसरे और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जासवाल 851 रेटिंग अंक के साथ चौथे पायदान पर है।

डकेट के इंग्लैंड के साथी ओली पोप तीन पायदान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर और जेमी स्मिथ 27वें स्थान पर है, दोनों के रैंकिंग में कुछ सुधार देखा गया है। जबकि भारतीय कप्तान शुभमन गिल मैच की पहली पारी में शतक लगाने के बाद पांच पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका और बंगलादेश के बीच ड्रॉ हुए पहले टेस्ट में उनके कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में कुछ सुधार आया है, जिसमें मुशफिकुर रहीम सबसे आगे हैं जिन्होंने गॉल में 163 रन की पारी खेली। रहीम टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में 11 पायदान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके साथी नजमुल हुसैन शांतो ने इसी मैच में दो शतक जड़ने के बाद 21 पायदान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

टेस्ट गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले टेस्ट में एक बार फिर पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष स्थान पर अपना स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के लिए कुछ खुशी की बात है, जो इसी टेस्ट में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में तीन पायदान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

स्कॉटलैंड, नेपाल और नीदरलैंड के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला के समापन के बाद ताजा टी-20 रैंकिंग में भी कुछ बदलाव हुए हैं। नीदरलैंड के तेज गेंदबाज माइकल लेविट 16 पायदान ऊपर 14वें स्थान पर और स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रैंडन मैकमुलेन 20 पायदान ऊपर 38वें स्थान पर ने टी-20 बल्लेबाजों की नवीनतम सूची में जगह बनाई, जबकि स्पिनर माक 'वॉट ने दो पायदान की छलांग के साथ 38वें स्थान पर टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

## बीसीसीआई-ईसीबी सऊदी टी-20 लीग के विरोध में

# नहीं देंगे खिलाड़ियों को एनओसी

### सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स 4400 करोड़ निवेश करेगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी ) सऊदी अरब की ओर से शुरू किए जाने वाले वर्ल्ड टी-20 लीग का विरोध करेंगे। वहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस लीग के पक्ष में है और अपने यहां मैच कराने के लिए भी सहमत है। द गार्जिन की रिपोर्ट के मुताबिक, लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान ईसीबी और बीसीसीआई ने इस नई लीग का विरोध करने का फैसला किया। दोनों बोर्ड अपने खिलाड़ियों को इस लीग में खेलने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) नहीं देंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से भी इसे मंजूरी न देने की अपील करेंगे।

**ईसीबी ने आईपीएल प्लेऑफ में अपने खिलाड़ियों को खेलने की नहीं दी थी अनुमति** - ईसीबी के साथ बीसीसीआई




का गठबंधन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत-पाक के बीच तनाव के कारण आईपीएल के शेड्यूल में बदलाव किया गया था। आईपीएल के प्लेऑफ के मैच के दौरान ही वेस्टइंडीज-इंग्लैंड की वनडे सीरीज के भी मुकाबले थे। इसकी वजह से ईसीबी ने जोस बटलर, जैकब बेथेल और विल जैक्स को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी गई थी। जिसके बाद बीसीसीआई के साथ संबंध खराब होने की चर्चा हो रही थी। ईसीबी ने जोस बटलर सहित कई खिलाड़ियों को ढ्ढक्कक्के प्ले ऑफ में खेलने की अनुमति नहीं दी थी।

सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स ने इस नई लीग के लिए 400 मिलियन (लगभग 4400 करोड़ रुपए) निवेश करने की योजना बनाई है, जिसमें आठ टीमें हर साल चार अलग-अलग जगहों पर टूर्नामेंट खेलेंगी, जैसे टेनिस के ग्रैंड स्लैम खेला जाता है।

- **भारत-इंग्लैंड के बिना लीग का महत्व कम हो सकता है-** भारतीय और इंग्लिश खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से इस नई लीग का महत्व कम हो सकता है। वहीं, वर्ल्ड कैलेंडर पहले ही 20 से ज्यादा ञ्20 और 10 ओवर की लीग से भरा है।
- **आईसीसी से इस लीग पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आए** - आईसीसी ने अभी इस लीग पर कोई औपचारिक फैसला नहीं किया है। वहीं उसके बीसीसीआई के खिलाफ जाने की संभावना भी कम है। आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह पहले बीसीसीआई के सचिव रह चुके हैं और भारत के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे हैं। हालांकि, आईसीसी के सऊदी अरब के साथ भी करीबी रिश्ते हैं। आईसीसी ने सऊदी की सरकारी तेल कंपनी अरामको के साथ चार साल का 70 मिलियन प्रति वर्ष का करार किया है।
- **लीग के सामने चुनौती** - आईसीसी के मौजूदा नियमों के तहत नई ञ्20 लीग में प्रत्येक टीम में केवल चार विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं, जो सऊदी अरब जैसे देश के लिए मुश्किल है, जहां स्थानीय खिलाड़ियों की संख्या सीमित है। आईपीएल बिग बैश और द हंड्रेड की सफलता की मुख्य वजह विदेशी और स्थानीय खिलाड़ियों का संतुलन है। अगर सऊदी लीग में सात खिलाड़ी सऊदी अरब या अन्य छोटे क्रिकेट देशों से होंगे, तो यह स्पॉन्सर्स और प्रसारकों के लिए आकर्षक नहीं होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### अदालत का समय बर्बाद किया, महाराष्ट्र चुनाव से जुड़ी याचिका हाईकोर्ट में खारिज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुए फर्जी मतदान की याचिका को खारिज किया, जिसमें शाम छह बजे मतदान का समय समाप्त होने के बाद बढ़े हुए मतदान के आंकड़ों को लेकर एक याचिका दाखिल की गई थी। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने आज अपना फैसला सुनाया, इससे पहले इस फैसले को सोमवार को सुरक्षित रख लिया गया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इस सुनवाई में पूरे दिन दलीलें सुनने से अदालत का कीमती समय बर्बाद हुआ। उल्लेखनीय है कि वंचित बहुजन आघाड़ी के विक्रोली कार्यकर्ता चेतन अहिरे ने इस संबंध में उच्च न्यायलय में याचिका दायर की थी, जिसकी सुनवाई आज हुई थी।

अहिरे की ओर से अधिवक्ता प्रकाश आंबेडकर ने अपनी दलीलें दीं और वंचित बहुजन आघाड़ी के नेता और अधिवक्ता आंबेडकर ने दलीलें देते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की थी। उन्होंने अदालत के समक्ष आरोप लगाया था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) मशीनों के आने के बाद से हमारी चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी हुई है।

इस बीच, निर्वाचन आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने याचिका का विरोध किया और उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया था। मतदान अवधि समाप्त होने के बाद मतदान का मुद्दा उठाते हुए अधिवक्ता अंबेडकर ने आरोप लगाते हुए कहा था कि 76 लाख वोटों का अचानक बढ़ना एक गलती नहीं हो सकती बल्कि यह न केवल चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को बल्कि देश के लोकतंत्र पर भी सीधे तौर पर गंभीर सवाल उठाता है। उल्लेखनीय है कि 2024 के विधानसभा चुनाव में 288 सीटों के लिए मतदान हुआ था जिसमें फर्जी वोटिंग के आरोप लगे थे।

### किसान के घर घुसा बाघ, वन अधिकारियों ने पकड़ा



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के रांची जिले के एक गांव में बुधवार को एक वयस्क बाघ (रॉयल बंगाल टाइगर) एक किसान के घर में घुस गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई, हालांकि बाद में वन अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया।

यह घटना झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 65 किलोमीटर दूर मुरी पुलिस चौकी के अधिकार क्षेत्र में सिल्ली प्रखंड के मरदु गांव में घटी। रांची के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) श्रीकांत वर्मा ने पीटीआई- को बताया, बाघ सुबह करीब पांच बजे पूरन चंद महतो के घर में घुस गया। वर्मा ने बताया कि जब किसान ने बाघ को घर के एक कमरे में घुसते देखा तो उन्होंने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि जब बाघ घर में घुसा तो करीब आठ साल की दो बच्चियां भी घर के अंदर थीं, लेकिन उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) से एक बचाव दल मौके पर पहुंचा और बचाव अभियान शुरू कर कर सफलतापूर्वक बाघ को पकड़ लिया। उन्होंने कहा, पिंजरे में बंद करने के बाद उसे बेहोश कर दिया गया। उसे एक वाहन में लादकर रांची के बिरसा जैविक उद्यान ले जाया जाएगा, जहां उसे निगरानी में रखा जाएगा। उन्होंने कहा, हालांकि, बाघ को मुक्त करने का निर्णय बाद में लिया जाएगा।

### नागपुर और छत्तीसगढ़ में ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाले किशोर हिरासत में लिए गए

**नागपुर, एजेंसी।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नागपुर और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग घटनाओं में यात्री ट्रेन पर पत्थर फेंकने के आरोप में दो किशोरों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आरपीएफ के नागपुर मंडल द्वारा की गई। अधिकारियों ने बताया कि पहली घटना एक मई को हुई जिसके तहत छत्तीसगढ़ के दुर्ग में रेलवे पटरियों के किनारे इमली तोड़ते समय 13 वर्षीय एक लड़के ने पुरी-इंदौर एक्सप्रेस पर पत्थर फेंका।

# मंत्रियों के स्टाफ पर सीएम फडणवीस ने कसी नकेल

## ऐक्शन की चेतावनी; महायुति में बढ़ी दरार



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की सत्ताधारी महायुति सरकार के भीतर तनातनी और गहराती दिख रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कई मंत्रियों द्वारा निजी सचिव (पीएस) और विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) की गैरकानूनी तैनाती को लेकर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की स्पष्ट हिदायतों के बावजूद कई पीएस और ओएसडी अब भी अपने पसंदीदा मंत्रियों के साथ कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते फडणवीस ने छह ऐसे कर्मचारियों को अनुशासनात्मक नोटिस जारी किए हैं जो आदेशों की अवहेलना कर रहे थे।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) से जारी एक आदेश के अनुसार, फडणवीस ने मंत्रियों द्वारा प्रस्तावित कुछ निजी सचिवों और ओएसडी की नियुक्तियों को भ्रष्ट या सौदेबाज मानते हुए खारिज कर दिया था।

इस आदेश में इन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से उनके मूल विभागों में वापस लौटने का निर्देश दिया गया, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। फरवरी 2025 में, फडणवीस ने मंत्रियों द्वारा प्रस्तावित 125 नामों में से केवल 109 को मंजूरी दी थी, जिसके बाद से यह मुद्दा गठबंधन के लिए तनाव का कारण बना हुआ है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा विवाद में शिवसेना के मंत्री संजय राठौड़, शंभुराज देसाई, भरत गोगावले और गुलाबराव पाटिल के साथ-साथ एनसीपी के नेता दत्तात्रेय भरने और छगन भुजबल भी शामिल हैं। इन मंत्रियों के पीएस की नियुक्तियां पहले ही अनियमितताओं के आरोपों के चलते रोक दी गई थीं। सूत्रों का कहना है कि इनमें से कई वर्षों से कार्यरत पीएस और ओएसडी पर भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप हैं।

### विपक्ष का निशाना

विपक्ष ने इस पूरे घटनाक्रम को महायुति गठबंधन के भीतर बढ़ती असहमति का संकेत बताया है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, यह केवल पीएस की नियुक्ति का मामला नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि सरकार के भीतर आपसी विश्वास और समन्वय की कमी है। मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम अवहेलना हो रही है, जो उनके नियंत्रण की कमजोरी को दर्शाता है।

विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने भी इस मुद्दे को आगामी मॉनसून सत्र में उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट पीएस और ओएसडी के खिलाफ शिकायतें मिली हैं और सरकार द्वारा जारी नोटिस एक आवश्यक कदम है। वहीं, राज्य के कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरी स्थिति की स्पष्टता केवल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही दे सकते हैं।

### महायुति में बढ़ता तनाव

महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट), और एनसीपी (अजित पवार गुट) शामिल हैं। यह पहले भी आंतरिक मतभेदों का सामना कर चुका है। हाल ही में, बीजेपी नेता और मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे के एक बयान ने विवाद खड़ा किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार है और देवेंद्र फडणवीस सभी के पिता के रूप में हैं। इस बयान ने शिवसेना के नेताओं को नाराज कर दिया, जिन्हें लगा कि यह उनके प्रभाव को कम करने की कोशिश है।

इसके अलावा, पुणे में महायुति के सहयोगी दलों- बीजेपी, शिवसेना, और एनसीपी के नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों पर आलोचना की है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बारामती में एक रैली के दौरान शिवसेना विधायक विजय शिवतारे को निशाना बनाया, जिसके जवाब में शिवतारे ने पवार पर अहंकार का आरोप लगाया।

## बेटियों ने किया अपमान, सेना से रिटायर पिता ने मंदिर को दान कर दी 4 करोड़ की संपत्ति

**तिरुवन्नामलै, एजेंसी।** एक रिटायर पिता को उनके बेटियों ने इस कदर अपमानित किया कि उन्होंने तंग आकर अपनी 4 करोड़ की संपत्ति एक मंदिर को दान में दे दी। उनके इस कदम के बाद अब उनकी बेटियां उन संपत्तियों के वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह घटना तमिलनाडु के तिरुवन्नामलै जिला की है। सेना से रिटायर एस. विजयन अपनी बेटियों के अपमान से इस कदर आहत हुए कि उन्होंने यह कदम उठाया।

अरुलमिगु रेनुगम्बाल अम्मन मंदिर प्रशासन के अनुसार, 24 जून को जब मंदिर की दान पेटी खोली गई तो उसमें सिक्कों और नोटों के साथ दो मूल संपत्ति दस्तावेज भी पाए गए। एक संपत्ति 3 करोड़ की और दूसरी 1 करोड़ की थी। इसके साथ ही एक पत्र भी था, जिसमें विजयन ने स्पष्ट लिखा था कि उन्होंने स्वेच्छा से मंदिर को यह संपत्ति समर्पित की है।

**मंदिर से वर्षों पुराना नाताः** विजयन अरनी के पास केसवपुरम गांव के रहने वाले हैं। वह रेनुगम्बाल अम्मन के कट्टर भक्त माने जाते हैं। मंदिर अधिकारियों की जांच में पता चला कि वह पिछले 10 वर्षों से अकेले रह रहे थे। पत्नी से उनके मतभेद थे। हाल के महीनों में उनकी बेटियां उन्हें संपत्ति सौंपने के लिए दबाव डाल रही थीं और रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर भी अपमान कर रही थीं।

विजयन ने कहा, मेरे बच्चों ने मुझे मेरे खुद के खर्च के लिए भी ताना दिया। अब मैं यह संपत्ति उस देवी को सौंप रहा हूं, जिसने मुझे जीवन भर संबल दिया।

**क्या मंदिर की हो जाएगी विजयन की संपत्ति?:** मंदिर के कार्यकारी अधिकारी एम. सिलंबरासन ने बताया, सिर्फ दस्तावेजों को दान पेटी में डालना कानूनी रूप से संपत्ति का हस्तांतरण नहीं माना जा सकता है। जब तक दाता विधिवत रजिस्ट्रेशन विभाग के साथ पंजीकरण नहीं करते, मंदिर को कानूनी अधिकार नहीं मिलेगा। इसलिए अभी के लिए ये दस्तावेज हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ



बंदोबस्ती विभाग के पास सुरक्षित रखे गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी इस पर निर्णय लेंगे कि इन्हें कैसे आगे बढ़ाया जाए।

**कौन सी संपत्तियां हैं दान में?:** मंदिर अधिकारियों के मुताबिक, दान की गई संपत्तियों में 10 सेंट जमीन मंदिर के पास स्थित है। एक एक मंजिला मकान, जिसकी कीमत करीब 4 करोड़ है।

**बेटियां संपत्ति वापस लेने के लिए कर रही हैं प्रयासः** अब जब यह मामला सार्वजनिक हो गया है तो विजयन की बेटियां कथित रूप से संपत्ति को वापस पाने के प्रयास कर रही हैं। लेकिन विजयन ने साफ कहा, मैं अपने फैसले से पीछे नहीं हटूंगा। मंदिर से बात कर मैं कानूनी प्रक्रिया पूरी करूंगा।

## कुछ लोग कहते हैं संसद सबसे ऊपर, लेकिन ऐसा है नहीं: सीजेआई गवई



**अमरावती, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई ने संसद, न्यायपालिका और संविधान के बीच सर्वोच्चता की बहस को आगे बढ़ाते हुए अहम टिप्पणियां की हैं। सीजेआई गवई ने कहा है कि भारत का संविधान ही देश में सबसे ऊपर है और लोकतंत्र के तीनों अंग इसके हिसाब से ही काम करते हैं। इस दौरान सीजेआई ने यह भी कहा है कि संसद के पास संविधान में संशोधन करने की शक्ति जरूर है, लेकिन वह कभी भी संविधान के मूल ढांचे के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती।

पिछले महीने देश के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई बुधवार को अपने गृहनगर पूर्वी महाराष्ट्र के अमरावती में एकन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि कुछ लोग यह मानते हैं कि संसद संविधान के ऊपर है, लेकिन यह सच नहीं है।

**भारत का संविधान ही सर्वोच्च- गवईः** कार्यक्रम के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि इस बात पर हमेशा चर्चा होती है कि लोकतंत्र का कौन सा अंग सर्वोच्च है, कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका। उन्होंने कहा, कई लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है लेकिन मेरे हिसाब से भारत का संविधान ही सर्वोच्च है। लोकतंत्र के तीनों अंग संविधान के तहत काम करते हैं।

**जजों के कर्तव्यों पर जोरः** सीजेआई गवई इस दौरान जजों को लेकर भी बोले। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से कोई न्यायाधीश स्वतंत्र नहीं कहला सकता। उन्होंने कहा, जजों को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा कर्तव्य क्या है और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास सिर्फ शक्ति नहीं है, बल्कि यह एक कर्तव्य है।

सीजेआई ने आगे कहा कि जजों को इस बात से कतई प्रभावित नहीं होना चाहिए कि लोग उनके फैसले के बारे में क्या कहेंगे या क्या महसूस करेंगे। उन्होंने कहा, हमें स्वतंत्र रूप से सोचना होगा। लोग जो कहेंगे, वह हमारी निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित नहीं कर सकता। इस दौरान उन्होंने बुलडोजर जस्टिस को रोकने जैसे फैसलों का भी जिक्र किया।

## सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने खारिज की खुफिया रिपोर्ट, कहा- ईरान में परमाणु ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी (सीआईए) ने भी उन खुफिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि अमेरिकी हवाई हमले में ईरान के परमाणु केंद्र पूरी तरह से तबाह नहीं हुए हैं। सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने कहा कि अमेरिकी हवाई हमलों के बाद ईरान के परमाणु ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। रैटक्लिफ ने कहा कि हमें खुफिया जानकारी मिली है कि कई प्रमुख ईरानी परमाणु ठिकाने नष्ट हो गए हैं और उन्हें फिर से बनाने में वर्षों लग जाएंगे।

जॉन रैटक्लिफ ने कहा कि सीआईए इसकी पुष्टि करता है कि हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को भारी नुकसान पहुंचा है। सीआईए उचित निर्णयकर्ताओं और निरीक्षण निकायों को पूरी तरह से सूचित रखने के लिए अतिरिक्त विश्वसनीय स्रोतों से जानकारी एकत्र कर रहा है। जब भी संभव होगा हम इस मामले के राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए और पारदर्शिता प्रदान करने के हर प्रयास में अमेरिकी जनता को भी जानकारी देंगे।

**पूरी तरह नष्ट किया गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम : ट्रंप प्रशासनः** इससे पहले ट्रंप ने कहा कि ईरान पर किए गए अमेरिकी हमलों से उसके परमाणु कार्यक्रम को बड़ा झटका दिया है। वहीं दूसरी ओर, एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इन हमलों से ईरान को केवल मामूली नुकसान हुआ और उसका परमाणु कार्यक्रम कुछ महीनों के लिए ही रुका। ट्रंप ने कहा, यह एक विनाशकारी हमला था, जिसने उन्हें हिला दिया।

ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें कुछ भी निकालने का मौका नहीं मिला, क्योंकि हमने तेज कार्रवाई की। वैसे भी, इस तरह की सामग्री को ले जाना बहुत मुश्किल और खतरनाक होता है। अमेरिकी सांसदों को इस मुद्दे पर गोपनीय जानकारी देने के लिए जो ब्रीफिंग मंगलवार को होनी थी, अब वह गुरुवार और शुक्रवार को होगी।

## ईरान पर हमला करने वाला बी-2 होगा रिटायर, यूएस एअर फोर्स में अब अदृश्य योद्धा बी-21 रेडर की एंट्री

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** 22 जून 2025 की रात 12:01 मिनट पर अमेरिका के मिसौरी स्थित व्हाइट मैन एयरफोर्स के हवाई अड्डे से अमेरिका के सबसे खतरनाक और घातक माने जाने वाले बी2 बमवर्षक विमानों ने उड़ान भरी। लगभग 17 घंटे की अनथक उड़ान के बाद ये मिडिल ईस्ट में अमेरिकी कमांड सेंटर क्षेत्र में दाखिल हुए। तब तक शाम के 5 बज चुके थे। इसके लगभग एक घंटे बाद यह सभी बॉम्बर विमान ईरान की वायु सीमा में दाखिल हुए। इस बीच इन विमानों ने प्रशांत महासागर को पार किया और इन्हें हवा में ही रिफ्यूलिंग भी दी गई थी। शाम 6-40 से 7-05 बजे के बीच इन विमानों ने ईरान के फोर्डो और नतांज परमाणु ठिकानों पर बमबारी शुरू कर दी थी। जब ये विमान वापस लौट आए, तब अमेरिका ने बताया कि उनका ऑपरेशन पूरा हो गया है। यह तो हुई उस घटना की बात, जिसके बाद अमेरिका ने इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा की थी। आप यह भी जान गए कि अमेरिका ने अपने किन विमानों का उपयोग किया। अब आपको इसके आगे की कहानी बताते हैं। बी2 बमवर्षक विमान, अमेरिका का वह तीर है जिसका निशाना अचूक है। आपको यह जानकर हैरत होगी कि अगले पांच साल में इन विमानों को एयरफोर्स से रिटायर किया जाने वाला है।

अब आप सोच रहे होंगे कि जब यह अभी भी अचूक हैं तो फिर इन्हें रिटायर क्यों किया जा रहा है। दरअसल, इन विमानों की जगह लेगा बी-21 राइडर जो और अधिक मारक और अचूक है। यह नेक्स्ट जनरेशन विमान है जिसे लॉन्ग रेंज स्ट्राइक बॉम्बर कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित किया गया है। इसकी पहली झलक दिसंबर 2022 में दिखाई गई थी। इसके बाद नवंबर 2023 इसने पहली उड़ान भरी थी। इस विमान को रेडर नाम क्यों दिया गया है, इसके पीछे भी एक ऐतिहासिक कहानी है।

# 75 साल बाद मिशिगन झील में विमान की खोज समाप्त, 20 साल से चल रही थी

### दुर्घटना में मारे गए थे 58 लोग

**मिशिगन, एजेंसी।** अमेरिका के इतिहास में सबसे भयावह विमान दुर्घटना की 75 साल बाद खोज समाप्त हो गई है। एक समूह ने अब मिशिगन झील में 1950 में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान की खोज को बंद करने का फैसला किया है। इस विमान हादसे में 58 लोग मारे गए थे। यह खोज पिछले 20 साल से चल रही थी। समूह ने खोज में नई सोनार तकनीक का इस्तेमाल कर पानी के विशाल भाग की छानबीन की और एक प्रसिद्ध लेखक क्लाइव कुसलर का भी साथ मिला।

### 2004 में शुरू हुई थी विमान की खोज

जब नॉर्थवेस्ट ओरिएंट फ्लाइट 2501 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, तब यह अमेरिका का सबसे भयानक विमान हादसा था। मिशिगन शिपव्रेक एसोसिएशन की कार्यकारी निदेशक वैलेरी वैन हेस्ट ने कहा कि यह खोज 2004 में शुरू हुई थी और अब इसे रोकने का फैसला लेना उनके लिए आसान नहीं था।

### झील के 700 वर्ग मील क्षेत्र को खोजा

वैन हेस्ट ने कहा कि एक तरफ मुझे लगता है कि हम नाकाम रहे, क्योंकि हमें विमान का मलबा नहीं मिला। लेकिन दूसरी तरफ, हमने इस हादसे और मृतकों की याद को जिंदा रखने के लिए बहुत मेहनत की, इसलिए मुझे लगता है कि हमने फिर बी कुछ अच्छा किया है। उन्होंने बताया कि मिशिगन झील के करीब 700 वर्ग मील (1,813 वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र को खोजा गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि विमान छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट गया और वह कीचड़ में धंस गया, इसलिए सोनार तकनीक से भी मलबा नहीं मिल सका।

### 23 जून, 1950 की रात न्यूयॉर्क से सिएटल के लिए भरी थी उड़ान

प्रोपेलर से चलने वाले डीसी-4 विमान ने 23 जून, 1950 की रात को न्यूयॉर्क के लागार्डियो एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। इस विमान का गंतव्य सिएटल था और बीच में दो जगह रुकने की योजना थी। अचानक रास्ते में एक तेज तूफान आया और विमान गिर गया। मिशिगन के साउथ हेवन में विमान के कुछ टुकड़े और शरीर के अंग किनारे पर बहकर आए थे। वैन हेस्ट ने कहा कि हमें पता है कि विमान बहुत जोर से पानी से टकराया था और कोई नहीं बच सकता था। उन्होंने इस हादसे पर एक किताब भी लिखी है, जिसका नाम फैटल क्रॉसिंग है।

### 2017 तक मलबे की खोज के लिए कुसलर ने दिया था पैसा

क्लाइव कुसलर, जो साहसिक उपन्यास लिखते थे और पानी के अंदर जहाजों की खोज के लिए प्रसिद्ध थे, उन्होंने 2017 तक जहाज के मलबे की खोज के लिए पैसा दिया। 2020 में उनकी मृत्यु हो गई। कुसलर ने 2018 में लिखा था, मुझे उम्मीद है कि एक दिन इन लोगों के परिवारों को राहत जरूर मिलेगी।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129